CMYK

अधिकतम :23°C
न्यूनतम: 09°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मेरठ, गुरुवार 4 दिसम्बर 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 184 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 | 12 जमादिउल उखरा1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



प्रकृति का अंधाधुंध दोहन करा रही सरकार : राहुल
पेज 2



विराट कोहली वनडे बैटिंग रैंकिंग में चौथे नंबर पर पहुंचे
खेल टाइम्स



भारत की नीली सीमाओं की अजेय प्रहरी भारतीय नौसेना
सम्पादकीय



अफगानिस्तान: 13 साल के बच्चे ने दी मौत की सजा
पेज 12



हैदराबाद : सिकंदराबाद में पासिंग आउट परेड के बाद जश्न मनाते अग्निवीर।

# भारत-रूस एक-दूसरे का मिलिट्री बेस इस्तेमाल कर सकेंगे

**मास्को।** रूस की संसद के निचले सदन स्टेट ड्यूमा ने भारत और रूस के बीच हुए एक सैन्य समझौते (आरईएलओएस) को मंजूरी दे दी है। इसके तहत दोनों देशों की सेनाएं एक-दूसरे के मिलिट्री बेस, फैसिलिटीज व संसाधनों का इस्तेमाल और एक्सचेंज कर सकेंगी।

इनके विमान, वॉरशिप ईंधन भरने, मिलिट्री बेस पर डेरा डालने या अन्य लॉजिस्टिक सुविधाओं का इस्तेमाल कर सकेंगे। इस पर आने वाला खर्च बराबर-बराबर उठाया जाएगा। यह मंजूरी राष्ट्रपति पुतिन के भारत दौरे से दो दिन पहले दी गई है। यह समझौता इस साल 18 फरवरी को भारत और रूस के बीच किया गया था। पिछले हफ्ते रूसी प्रधानमंत्री मिखाइल मिशुस्तिन ने इसे संसद में मंजूरी के लिए भेजा था। रूसी संसद के स्पीकर ने कहा कि भारत और रूस के रिश्ते बहुत मजबूत हैं और यह समझौता उन रिश्तों को और बेहतर बनाएगा। रूसी सरकार ने भी बताया कि इस समझौते से दोनों देशों की सैन्य साझेदारी ज्यादा मजबूत होगी और जरूरत के समय एक-दूसरे की मदद करना आसान हो जाएगा। इस समझौते के बाद भारत ऐसा पहला देश बन जाएगा, जिसका अमेरिका और रूस के साथ सैन्य इन्फ्रास्ट्रक्चर साझा करने का समझौता होगा। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि रूस के साथ यह समझौता अंतिम चरण में है। इससे अमेरिका-रूस के बीच किसी सैन्य टकराव की नौबत पैदा नहीं होगी। इस समझौते के तहत जंग या किसी सैन्य संघर्ष के दौरान मिलिट्री बेस इस्तेमाल करने की इजाजत -शेष पृष्ठ दो पर



- रक्षा समझौते को रूसी संसद की मंजूरी, जंग के समय मिलिट्री बेस इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं होगी

### पुतिन की यात्रा से पहले दिल्ली में बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था

**नई दिल्ली।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की चार दिसम्बर से शुरू हो रही दो दिवसीय भारत यात्रा से पहले राष्ट्रीय राजधानी में असाधारण, बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। यह हाई-प्रोफाइल यात्रा दिल्ली में लाल किले के पास हुए पूरे देश को झकझोर देने वाले आतंकी हमले के ठीक 25 दिन बाद हो रही है। सूत्रों के अनुसार, राष्ट्रपति पुतिन की सुरक्षा एक बड़ी चुनौती मानी जाती है। इसे देखते हुए सात-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। रूसी खुफिया और सुरक्षा एजेंसियों की टीमें पहले ही दिल्ली पहुंच चुकी हैं। और सुरक्षा संबंधी सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए उनके यात्रा कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा चुका है।

## संक्षिप्त समाचार

### एमपी व यूपी समेत 5 राज्यों के एयरपोर्ट पर उड़ानें प्रभावित

**नई दिल्ली।** देश के 5 राज्यों के एयरपोर्ट में बुधवार को उड़ानें प्रभावित रहीं। इनमें मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक शामिल हैं। कहीं पर तकनीकी समस्या को वजह बताया गया तो किसी एयरपोर्ट पर क्रू की कमी की बात सामने आई। दिल्ली में चेक इन प्रोसेस में दिक्कत आई, जिसके बाद उसे मैन्युअल कर दिया गया। सबसे ज्यादा असर इंडिगो की फ्लाइट पर पड़ा। देशभर में इसकी 70 उड़ानें कैंसिल की गईं। जिसमें से 11 मध्य प्रदेश की थीं। वहीं हैदराबाद में 13, बेंगलुरु में 42 फ्लाइट कैंसिल करनी पड़ीं। वाराणसी एयरपोर्ट पर यात्रियों को बताया गया कि माइक्रोसॉफ्ट विंडोज ने दुनियाभर में बड़ी सर्विस आउटेज की रिपोर्ट दी है।

### राजस्थान में शीतलहर का अलर्ट, बीकानेर में तापमान 4.7 डिग्री सेल्सियस

**नई दिल्ली।** पहाड़ी राज्यों में दिसम्बर की शुरुआत से बर्फबारी का मौसम बन रहा है। इसके चलते मैदानी इलाकों में सर्दी बढ़ने लगी है। मध्य प्रदेश में गुरुवार से तापमान और गिर सकता है। इसका असर इंदौर, ग्वालियर, चंबल, उज्जैन और सागर संभाग में सबसे ज्यादा रहेगा और सर्दी बढ़ेगी। इससे पहले मंगलवार को भोपाल और इंदौर में न्यूनतम पारा 9 डिग्री से नीचे रहा। राजस्थान में बुधवार से अगले 3 दिन शीतलहर की चेतावनी है। चूरू, झुंझुनूं और सीकर में कोल्डवेव का येलो अलर्ट रहेगा। मंगलवार को सबसे कम तापमान बीकानेर के पास लूणकरणसर में 4.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### प. बंगाल में 32000 टीचर्स की नौकरी नहीं जाएगी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में 32000 प्राइमरी टीचर्स की नौकरी अब नहीं जाएगी। कलकत्ता हाई कोर्ट की एक डिवीजन बेंच ने बुधवार को 2023 का फैसला पलट दिया। जस्टिस तपब्रत चक्रवर्ती और जस्टिस रीताब्रत कुमार मित्रा की बेंच ने कहा कि 9 साल बाद नौकरी खत्म करने का प्राइमरी टीचरों और उनके परिवारों पर बहुत बड़ा असर पड़ेगा। 2023 में जस्टिस अभिजीत गंगोपाध्याय की सिंगल बेंच ने 2016 में भर्ती हुए टीचरों की नियुक्तियों को रद्द कर दिया था। इस भर्ती के खिलाफ कुछ कैंडिडेट ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी।

# सरकार ने संचार साथी एप की अनिवार्यता हटाई

## कहा: इसकी स्वीकार्यता बढ़ रही, जन भागीदारी बढ़ाना था उद्देश्य

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** संचार साथी एप को लेकर केंद्र सरकार का बड़ा बयान सामने आया है। सरकार ने फोन में इस एप के प्री-इंस्टॉलेशन को जरूरी नहीं बताया है। दूरसंचार मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट जारी कर इस एप की प्री-इंस्टॉलेशन की अनिवार्यता को हटाने की जानकारी दी है।

मंत्रालय ने एक्स पोस्ट में कहा कि सभी नागरिकों को साइबर सुरक्षा का लाभ देने के उद्देश्य से सरकार ने सभी स्मार्टफोन्स में संचार साथी एप को प्री-इंस्टॉल करना अनिवार्य किया था। यह एप पूरी तरह सुरक्षित है और इसका मकसद सिर्फ नागरिकों को साइबर दुनिया के अपराधियों से बचाना है.. . संचार साथी की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए, सरकार ने मोबाइल निर्माताओं के लिए अनिवार्य प्री-इंस्टॉलेशन को हटाने का फैसला लिया है। बता दें कि केंद्र सरकार के इस कदम को एपल के फैसले से भी जोड़कर देखा जा रहा है। 28 नवम्बर को सरकार से आदेश मिलने -शेष पृष्ठ दो पर




- एप पर बढ़ रहा था राजनीतिक घमासान
- अब तक 1.4 करोड़ डाउनलोड
- रोजाना लगभग 2000 ऑनलाइन फ्रॉड मामलों की जानकारी भेज रहे

### डुप्लीकेट IMEI नंबर से बढ़ रहा साइबर क्राइम

**नई दिल्ली।** भारत में 1.2 अरब से ज्यादा मोबाइल यूजर्स हैं, जो दुनिया का सबसे बड़ा मार्केट है, लेकिन फर्जी या डुप्लीकेट आईएमईआई नंबर की वजह से साइबर क्राइम बढ़ रहा है। आईएमईआई एक 15 डिजिट का यूनीक कोड होता है, जो फोन की पहचान करता है। अपराधी इसे क्लोन करके चोरी के फोन को ट्रैक से बचाते हैं, स्कैम करते हैं या ब्लैक मार्केट में बेचते हैं। सरकार का कहना है कि यह एप पुलिस को डिवाइस ट्रेस करने में मदद करेगा। सितम्बर में डीओटी ने बताया था कि 22.76 लाख डिवाइस ट्रेस हो चुके हैं। केंद्र सरकार ने कहा है कि संचार साथी एप से यूजर्स को सीधा फायदा मिलेगा। चोरी का फोन होने पर आईएमईआई चेक करके तुरंत ब्लॉक कर सकेंगे। फ्रॉड कॉल रिपोर्ट करने से स्कैम कम होंगे, लेकिन एप डिलीट न होने से प्राइवेसी ग्रुप्स सवाल उठा सकते हैं। सरकार के मुताबिक, यूजर कंट्रोल कम होगा। भविष्य में एप में और फीचर्स जुड़ सकते हैं, जैसे बेहतर ट्रैकिंग या एआई बेस्ड फ्राड डिटेक्शन। डीओटी का कहना है कि यह टेलीकॉम सिक्योरिटी को नेक्स्ट लेवल पर ले जाएगा।

# बांग्लादेश डिपोर्ट की गई गर्भवती महिला को वापस लाएं: सुप्रीम कोर्ट

## शीर्ष अदालत ने कहा: कानून इंसानियत से बड़ा नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा कि वह नौ महीने की गर्भवती सोनाली खातून और उसके 8 साल के बच्चे को बांग्लादेश से वापस लाए। कानून को कभी-कभी इंसानियत के आगे झुकना होता है। यह फैसला उस याचिका पर सुनवाई के दौरान आया, जिसमें बांग्लादेश डिपोर्ट किए गए परिवार को वापस भारत लाने की मांग की गई थी।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच मामले की सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया सरकार सोनाली और उनके बेटे को भारत आने देगी। उन्होंने साफ किया कि यह अनुमति मानवीय आधार पर होगी। इससे नागरिकता से जुड़े मुद्दों पर सरकार का रुख प्रभावित नहीं होगा। दरअसल सोनाली खातून और परिवार के 5 लोगों को बांग्लादेशी होने के शक में जून में दिल्ली से हिरासत में लिया गया था। इसके बाद 27 जून को उन्हें सीमा पार बांग्लादेश भेज दिया गया था। कोर्ट इस मामले में आगे की कार्यवाही 10 दिसम्बर को करेगा, जिसमें परिवार के अन्य सदस्यों की वापसी पर सुनवाई होगी। सोनाली, उनके बेटे और परिवार के अन्य सदस्यों को दिल्ली पुलिस ने 18 जून 2025 को रोहिणी इलाके से हिरासत में लिया था। पुलिस को उनके बांग्लादेशी होने का शक था।

केंद्र सरकार ने जून में परिवार को देश से निकाला था



### 15 मिनट में बात खत्म कीजिए, दिल्ली दंगा मामले में आरोपियों के वकीलों को सुप्रीम कोर्ट का निर्देश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2020 दिल्ली दंगा मामले की सुनवाई के दौरान बुधवार को एक महत्वपूर्ण निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि इस मामले में बहस काफी लंबी हो चुकी है, इसलिए अब समय सीमा तय की जा रही है। अदालत ने आरोपियों के वकीलों से कहा कि वे अपनी मौखिक दलीलें 15 मिनट में सीमित रखें। इस दौरान न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और एनवी अंजारिया की पीठ ने यह भी कहा कि आरोपियों की दलीलों पर अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू की तरफ से की जाने वाली सफाई या जवाब 30 मिनट से अधिक नहीं होनी चाहिए। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 9 दिसम्बर के लिए तय की है। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने आरोपियों के वकीलों को उनके स्थायी पते जमा करने का भी निर्देश दिया।

# जल्द लागू होगी ओटीपी आधारित तत्काल टिकट प्रणाली

**नई दिल्ली।** भारतीय रेल ने यात्रियों की सुविधा और पारदर्शिता को मजबूत करने के उद्देश्य से खिड़की से मिलने वाले तत्काल टिकटों के लिए ओटीपी आधारित टिकट वितरण प्रणाली लागू करने का निर्णय लिया है।

रेलवे की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार यह नई व्यवस्था अगले कुछ दिनों में देशभर के सभी आरक्षण काउंटरों पर लागू कर दी जाएगी। गौरतलब है कि रेलवे ने जुलाई में ऑनलाइन तत्काल टिकटों के लिए 'आधार' ओटीपी सिस्टम लागू किया था। इसके बाद अक्टूबर में सभी सामान्य आरक्षण



बुकिंग के लिए ओटीपी आधारित ऑनलाइन टिकटिंग प्रणाली शुरू की गई थी। इन दोनों पहल को यात्रियों ने व्यापक रूप से स्वीकार किया, जिससे टिकट वितरण प्रक्रिया अधिक पारदर्शी बनी। विज्ञप्ति के मुताबिक रेलवे द्वारा नवम्बर में काउंटर बुकिंग के लिए ओटीपी आधारित तत्काल टिकट प्रणाली का पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया था।

# दिल्ली एमसीडी उपचुनाव में भाजपा को दो सीटों का नुकसान

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के 12 वार्डों पर उपचुनावों के नतीजे आ गए हैं। भाजपा ने 7, आम आदमी पार्टी ने 3 और कांग्रेस-ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक ने एक-एक सीट पर जीत हासिल की है। इससे पहले 12 वार्डों में से 9 भाजपा और 3 आप के पास थे।

दिल्ली में भाजपा सरकार बनने के बाद हुए इस पहले चुनाव में पार्टी को 2 सीटों का नुकसान हुआ है। वहीं, कांग्रेस अपना खाता खोलने में कामयाब रही है। बीजेपी ने जिन

- नौ से घटकर सात सीटें हुईं, कांग्रेस का खाता खुला, 'आप' की तीन सीटें बरकरार

वार्डों में जीत दर्ज की उनमें द्वारका-बी, अशोक विहार, ग्रेटर कैलाश, दिचाऊं कलां, शालीमार बाग-बी, विनोद नगर और चांदनी चौक शामिल हैं। आप ने नरैना, मुंडका, दक्षिणपुरी और एक अन्य सीट जीती। कांग्रेस के सुरेश चौधरी ने संगम विहार-। से 3628 वोटों की बढ़त से जीत हासिल की। यह कांग्रेस की एकमात्र जीत रही। चांदनी महल से एआईएफबी के मोहम्मद इमरान जीते। इन 12 वार्डों में मतदान 30 नवम्बर को हुआ था। इस बार मतदान प्रतिशत 38.51 फीसदी रहा, जो 2022 में 250 वार्डों पर हुए चुनावों के 50.47 फीसदी टर्नआउट से काफी कम है। इस उपचुनावों में भाजपा ने जिन 2 सीटों को खोया है, वो दोनों सीट आप को मिली है। आप को भी अपनी 2 पुरानी सीटों पर हार मिली, इस वजह से उसके पास पहले की तरह 3 ही सीटें रही।

# मुठभेड़ में 12 नक्सली ढेर, तीन जवान शहीद

जगदलपुर, वार्ता

**दंतेवाड़ा व** बीजापुर सीमा से लगे भैरमगढ़ क्षेत्र के केशकुतुल के जंगलों में सुबह से नक्सलियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो रही है। एनकाउंटर में 12 माओवादियों को जवानों ने ढेर कर दिया है। मुठभेड़ में डीआरजी के तीन जवान बलिदान हो गए हैं, जबकि दो जवान घायल हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

जंगल में बड़ा सर्च ऑपरेशन जारी है, मारे गए नक्सलियों की संख्या और बढ़ सकती है। बताया जा रहा है कि बुधवार सुबह दंतेवाड़ा से टीम निकली थी, जहां बीजापुर की सीमा भैरमगढ़ के केशकुतुल में जवानों और नक्सलियों के बीच में मुठभेड़ हो गई। दोनों ओर से रुक-रुककर फायरिंग हो रही है। बस्तर आईजी सुंदरराज पट्टलिंगम ने बताया कि मुठभेड़ स्थल से एएलआर राइफलें, .303 राइफल समेत भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी जब्त किया गया है। मारे गए माओवादियों की पहचान की जा रही है। इस ऑपरेशन में बीजापुर डीआरजी के दो जवान बलिदान हो गए हैं। बलिदान हुए जवानों के नाम प्रधान

- ऑटोमैटिक हथियार भी बरामद, और बढ़ सकती है मारे गए नक्सलियों की संख्या

आरक्षक मोनू वडाड़ी, डीआरजी, आरक्षक दुकारू गोंडे, डीआरजी, जवान रमेश सोड़ी, डीआरजी हैं। बस्तर में नक्सलवाद के खिलाफ की जा रही ताबड़तोड़ कार्रवाई के बीच बटालियन के बारसे देवा, पापाराव, केसा समेत तमाम नक्सलियों के आत्मसमर्पण के लिए बनाए गए अनुकूल माहौल के बाद एक बार फिर से सुकमा बीजापुर दंतेवाड़ा जैसे जिलों में जॉइंट ऑपरेशन को तेज कर दिया गया है। बीते दिनों देवा समेत पापाराव, केसा, चौतू के आत्मसमर्पण की चर्चा तेज थी जिसके बाद चौतू अपने 10 साथियों के साथ जगदलपुर में आत्मसमर्पण कर दिया था। इसके बाद भी सुरक्षा एजेंसियों ने देवा समेत तमाम नक्सलियों के आत्मसमर्पण के लिए जंगलों में अनुकूल माहौल बनाए रखा। इसके तहत जंगलों में ऑपरेशन और किसी भी तरह की गतिविधियां नहीं की गई।

# कांग्रेस ने मोदी का चाय बेचते एआई वीडियो किया पोस्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

- चाय बोलो, चाय चाहिए बोलते दिखाया गया
- भाजपा बोली- शर्मनाक, जनता कभी माफ नहीं करेगी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चाय बेचते हुए एक एआई जनरेटेड वीडियो पोस्ट किया है। इसमें पीएम को चायवाला दिखाया गया है। उनके हाथ में चाय की केतली है।

दूसरे हाथ में ग्लास है। वीडियो में मोदी को जोर-जोर से चाय बोलो, चाय-चाय चाहिए बोलते दिखाया गया गया है। एआई वीडियो में पीएम रेड कारपेट पर चल रहे हैं। उनके पीछे भारत सहित कई देशों के झंडे लगे हैं। इनमें भाजपा का भी झंडा है। इस एआई वीडियो को कांग्रेस प्रवक्ता डा. रागिनी नायक ने पोस्ट किया है। रागिनी ने वीडियो के कैप्शन में लिखा कि अब ई कौन किया बे। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने इसे शर्मनाक बताया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि नामदार कांग्रेस ओबीसी समुदाय से आने वाले कामदार प्रधानमंत्री को बर्दाश्त नहीं कर सकती। जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी। यह पहली बार नहीं है जब कांग्रेस की तरफ से पीएम का एआई वीडियो शेयर किया गया है। इससे पहले 12 सितम्बर को बिहार कांग्रेस ने एक्स पर पीएम मोदी और उनकी मां का एक एआई जनरेटेड वीडियो पोस्ट किया था। वीडियो के कैप्शन में लिखा था कि साहब के सपनों में आईं मां। देखिए रोचक संवाद। वीडियो में दो किरदार दिखाए गए। इनमें एक बुजुर्ग महिला को दिखाया गया, जो शक्ल से पीएम मोदी की दिवंगत मां हीराबेन जैसी दिख रही थीं।



## संक्षिप्त समाचार

### रुपया 90.30 प्रति डॉलर के नए निचले स्तर पर गिरा

**मुंबई।** रुपये में बुधवार को लगातार पांचवें दिन गिरावट रही और यह 90.30 रुपये प्रति डॉलर के नए निचले स्तर तक गिर गया। भारतीय मुद्रा पिछले कारोबारी दिवस पर 43.50 पैसे गिरकर 89.9650 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी। रुपया आज 89.96 रुपये प्रति डॉलर पर स्थिर खुला और 89.93 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत हुआ। दोपहर के समय यह 90.30 रुपये प्रति डॉलर तक उतर गया था। शाम 4.30 बजे भारतीय मुद्रा 22.75 पैसे नीचे 90.1925 प्रति डॉलर पर थी। बाजार में अभी कारोबार जारी है। इसके अलावा अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से भी रुपया कमजोर हुआ।

### बीएचयू में जमकर हुआ बवाल, छात्रों व सुरक्षाकर्मियों में पथराव

**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) परिसर में मंगलवार देर रात छात्रों और सुरक्षाकर्मियों के बीच जमकर पथराव हुआ। परिसर कुछ देर के लिए जंग के मैदान जैसा बन गया। तोड़फोड़ में कई गमले, वाहन और कुर्सियां क्षतिग्रस्त हो गए। सूचना मिलते ही कई थानों की पीएसी बल मौके पर पहुंचा तथा काफी मशक्कत के बाद स्थिति नियंत्रित की। घटना की शुरुआत राजाराम छात्रावास के पास हुई, जहां एक वाहन ने कथित तौर पर एक छात्रा को टक्कर मार दी। शिकायत करने पहुंचे छात्रों के साथ सुरक्षाकर्मियों की बहस हो गई। दूसरी ओर प्रॉक्टोरियल बोर्ड के कर्मियों का कहना है कि कुछ छात्र एक अन्य लड़के से पहले से ही विवाद कर रहे थे। जब उन्हें रोका गया, तो वे सुरक्षाकर्मियों से ही उलझ गए। देखते-देखते बड़ी संख्या में छात्र जमा हो गए।

### सीएम के अवैध घुसपैठियों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश

# यूपी के हर मंडल में बनेंगे डिटेंशन सेंटर: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सीएम का रोहिंग्याओं और बांग्लादेशी घुसपैठियों पर कड़ा प्रहार
■ 17 नगर निगम निकायों में सूची तैयार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अवैध घुसपैठ को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने राज्य सरकार की तरफ से रोहिंग्या मुसलमानों और बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान के लिए अभियान को और भी तेज कर दिया है। सीएम योगी के निर्देश पर 17 प्रमुख नगर निगम निकायों में काम करने वाले संदिग्ध विदेशी नागरिकों की सूची तैयार करने का काम शुरू हो गया है।

सरकार की तरफ से हर मंडल में डिटेंशन सेंटर स्थापित करने के आदेश दे दिए गए हैं। घुसपैठियों की पहचा कर उन्हें हिरासत में लेकर उनके देश निर्वासित करने का भी निर्देश दे दिया गया है। बता दें कि सरकार की तरफ से ये कार्रवाई नवंबर 2025 से चल रही थी। हाल ही में लखनऊ में मंत्री आवास के पास बने अवैध बस्तियों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई थी। सीएम योगी ने सभी जिलाधिकारियों (डी) को अवैध प्रवासियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया था। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया मुख्यमंत्री ने 17 शहरी स्थानीय निकायों जैसे लखनऊ, नोएडा, गाजियाबाद, वाराणसी, कानपुर, आगरा के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने क्षेत्रों में काम करने वाले रोहिंग्या और बांग्लादेशी मूल के लोगों की सूची तैयार करें। यह सूची कमिश्नर और आईजी को सौंपी जाएगी, जो पहली चरण में डिटेंशन सेंटर स्थापित करने का काम संभालेंगे। बताया जा रहा है कि यूपी में भी विदेशी घुसपैठियों को निर्वासित करने के लिए दिल्ली की तर्ज पर डिटेंशन सेंटर बनाए जाने हैं। सीएम योगी के निर्देश के बाद इसकी प्रक्रिया भी तेज कर दी गई है। उनको वापस भेजने की प्रक्रिया पूरी होने तक डिटेंशन सेंटर में रखने के लिए जगह तलाशी जा रही हैं। शासन की तरफ से अधिकारियों को घुसपैठियों को रखने के लिए खाली सरकारी इमारतों, सामुदायिक केंद्र, पुलिस लाइन, थाने चिह्नित करने का निर्देश भी दे दिया गया है। दिल्ली में इस समय18 डिटेंशन सेंटर हैं। गोमती नगर में चेकिंग अभियान के लिए आए पुलिस अधिकारी ने बताया कि बस्ती में रहने वाले लोगों से उनके आधार कार्ड और पैन कार्ड चेक किए जा रहे हैं। इनमें से ज़्यादातर लोग हरदोई और सीतापुर के रहने वाले हैं। पुलिस अधिकारी ने कहा कि हम इनका वैरिफिकेशन करते रहते हैं। पुलिस प्रशासन ने कहा कि अभी आधार कार्ड और अन्य दस्तावेजों के ज़रिए वैरिफिकेशन किया जा रहा है।

### यूपी के कर्मचारियों ने संपत्ति का ब्योरा नहीं दिया, तो प्रमोशन नहीं

**लखनऊ।** यूपी सरकार ने 31 जनवरी 2026 से पहले सभी सरकारी कर्मचारियों को अपनी संपत्ति का ब्योरा मानव संपदा पोर्टल पर अपलोड करने का सख्त निर्देश दिया ह। सरकार ने कहा है कि 1 फरवरी 2026 से होने वाली किसी भी विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) में उन कर्मचारियों का नाम तक नहीं लिया जाएगा, जिन्होंने संपत्ति का ब्योरा नहीं भरा होगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि कई कर्मचारी सोचते थे कि ये सिर्फ औपचारिकता है। अब जब प्रमोशन रुकने और कार्रवाई की बात आई है तो सबके होश उड़ गए हैं। उत्तर प्रदेश में अब सरकारी जॉब करने वालों की जेब और संपत्ति दोनों पर सरकार की नजर रहेगी। सरकार ने चेतावनी दी है कि जो भी अधिकारी और कर्मचारी 31 जनवरी 2026 तक अपनी चल-अचल संपत्ति का पूरा ब्योरा मानव संपदा पोर्टल पर नहीं डालेंगे, उनका प्रमोशन (पदोन्नति) हमेशा के लिए रुक जाएगा, इतना ही नहीं उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई भी होगी।

## प्रकृति का अंधाधुंध दोहन करा रही सरकार: राहुल

नई दिल्ली, वार्ता



■ विपक्ष के नेता ने मोदी सरकार पर बोला हमला

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को केंद्र की नरेन्द्र मोदी नीत सरकार पर अरावली पहाड़ियों पर प्राकृतिक संसाधनों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए कहा कि यह सरकार आने वाली पीढ़ियों के हितों की अनदेखी कर प्रकृति का अंधाधुंध दोहन कर रही है।

राहुल गांधी ने यह टिप्पणी कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी के एक अखबार में प्रकाशित उस लेख के संदर्भ में की है, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि सरकार अरावली पहाड़ियों के लिए पर्यावरणीय परिभाषा बदल रही है और इससे पारिस्थितिकी तंत्र को गंभीर खतरा पैदा हो रहा है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी सरकार ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति शुरु से ही गंभीर उदासीनता दिखाई है। वह प्राकृतिक दोहन को बढ़ावा देती है और धरती के लिए तथा आने वाली पीढ़ियों पर पड़ने वाले इसके प्रभावों को नजरअंदाज करती रही है। उन्होंने सवाल किया क्या नीति निर्माण कुछ लोगों को तात्कालिक लाभ पहुंचाने के लिए इस कदर कमजोर होनी चाहिए कि उससे लाखों लोगों के हितों को नजरदअंदाज किया जाए। श्रीमती गांधी ने अपने लेख में लिखा कि अरावली पहाड़ियों को लेकर जो नीतियां तैयार की हैं उसके तहत 100 मीटर से कम ऊंचाई वाली पहाड़ियों पर खनन प्रतिबंध लागू नहीं होंगे। उच्चतम न्यायालय ने भी इसे बरकरार रखा है। उन्होंने लिखा कि गुजरात से लेकर राजस्थान और हरियाणा तक फैली अरावली पर्वतीय श्रृंखला ऐतिहासिक रूप से देश की भूगोलिक और विरासत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रही है, लेकिन अब सरकार की नई नीतियों ने इन पहाड़ियों के लिए प्रभावशाली रूप से मौत का फरमान जारी कर दिया है। इससे पहले ही अवैध खनन ने मानव जीवन पर बुरी तरह नुकसान पहुंचाया है। गांधी ने कहा कि इस तरह की नीति बदलाव अवैध खनन करने वालों और माफियाओं को अरावली श्रृंखला के 90 प्रतिशत हिस्से को नष्ट करने के लिए खुला निमंत्रण

## अंबेडकर की पुण्यतिथि पर ताकत दिखाएगी बसपा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** आगामी 6 दिसम्बर को बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर बहुजन समाज पार्टी अपनी ताकत का प्रदर्शन करेगी। हालांकि पुण्यतिथि के मौके पर इस बार सार्वजनिक तौर पर कार्यक्रम में बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती शामिल नही होंगी।

उन्होंने कहा है कि डा. भीमराव अंबेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल तथा गौतम बुद्ध नगर (नोएडा) स्थित 'राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल' में भारी संख्या में पहुंचकर बाबा साहेब को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। बुधवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा कि उनके नेतृत्व में बनी उत्तर प्रदेश की बीएसपी सरकार ने हमेशा बहुजन समाज के महापुरुषों, संतों, गुरुओं और समाज सुधारकों को पूर्ण आदर-मान दिया है और उनकी स्मृति में अनेक भव्य स्मारकों, पार्कों व योजनाओं को धरातल पर उतारा गया। उन्होंने विशेष रूप से महात्मा ज्योतिबा फुले, राजा छत्रपति शाहूजी महाराज, श्री नारायण गुरु, परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर तथा मान्यवर श्री कांशीराम सहित अन्य महान विभूतियों का उल्लेख किया और कहा कि समाज सुधार के उनके योगदान को सदैव बीएसपी ने सम्मानित किया है।



■ कार्यक्रम में पार्टी अध्यक्ष मायावती शामिल नहीं होंगी

मायावती ने कहा कि उनकी सुरक्षा व्यवस्था के नाम पर सरकारी प्रबंधन के कारण जिन लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है, उसे देखते हुए अब वे अनेक कार्यक्रमों में स्वयं उपस्थित नहीं होंगी, ताकि आम लोगों को असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि पार्टी जनहित के इन कार्यक्रमों को आगे भी जारी रखेगी और उनके अनुयाई महापुरुषों की जयंती व पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते रहेंगे।

## निहाल अयोध्या समन्वय समिति के राष्ट्रीय प्रचार प्रभारी नियुक्त

शाह टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ/मुजफ्फरनगर।** अयोध्या सदभावना समन्वय समिति की एक बैठक संस्था के कार्यालय पर आयोजित हुई, जिसमें संस्था ने सर्वसम्मति से एवं संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. पंडित अमरनाथ मिश्रा के निर्देश पर लखनऊ निवासी निहाल हैदर रिजवी को अयोध्या सदभावना समन्वय समिति का राष्ट्रीय प्रसार प्रचार प्रभारी नियुक्त किया है।

उल्लेखनीय है कि निहाल रिजवी पिछले कुछ वर्षों से मुजफ्फरनगर स्थित किदवई नगर में निवास कर रहे हैं। इस उपलक्ष्य में हुसैनी वेल्फेयर सोसायटी मुजफ्फरनगर के अध्यक्ष रौनक हसनैन जैदी(राजू) एवं समाजसेवी शबी हैदर ने उनकी नियुक्ति पर उनके निवास पर पहुंचकर पुष्प भेंट किए और मुबारकवाद दी।



■ मुजफ्फरनगर के अध्यक्ष रौनक ने पुष्प भेंट कर दी मुबारकबाद

### आयुष्मान योजना के तहत स्वीकृत राशि के दुरुपयोग का लोकसभा में उठा मामला

**नई दिल्ली।** आयुष्मान योजना के तहत लाभार्थियों के उपचार के दौरान अनेक निजी अस्पतालों की ओर से मंहगे पैकेज के जरिए अनुचित लाभ उठाए जाने और फर्जी बिल दिए जाने का मामला बुधवार को लोक सभा में उठाया गया और सरकार से इसका दुरुपयोग रोकने के लिए उचित कदम उठाने की मांग की गई। भारतीय जनता पार्टी के दर्शन सिंह चौधरी ने शून्य काल के दौरान कहा कि अनेक निजी अस्पताल आयुष्मान योजना के तहत आए मरीजों के उपचार में मंहगे पैकेज दिखाकर उनके कार्ड की पांच लाख रुपये की पूरी राशि खर्च कर देते हैं, जिससे उन्हें और उनके अन्य परिजनों को आगे उपचार के लिए योजना की कोई राशि नहीं बचती। इससे आयुष्मान कार्ड धारकों को बड़ी दुश्वारियों का सामना करना पड़ता है। चौधरी ने कहा कि कई अस्पताल फर्जी बिल बनाकर इस योजना के तहत स्वीकृत राशि हड़प लेते हैं।



सेंसेक्स 85106.81
निफ्टी 225.986



सोना रु. 128550
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 189906
प्रति किलो



## रुपये में कमजोरी से लुढ़के शेयर बाजार

मुंबई, वार्ता

रुपये में ऐतिहासिक गिरावट से घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार चौथे दिन गिरावट रही और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक 26,000 अंक से नीचे उतर गया। एक दिन पहले 90 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर को छूने के बाद रुपया आज और 90.30 रुपये प्रति डॉलर तक लुढ़क गया। इससे बाजार में निवेश धारणा कमजोर हुई।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 31.46 अंक (0.04 प्रतिशत) नीचे 85,106.81 अंक पर बंद हुआ। एक समय यह करीब 375 अंक गिरकर 84,763.64 अंक तक उतर गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी- 50 सूचकांक भी 46.20 अंक यानी 0.18 प्रतिशत टूटकर 225,986 अंक पर बंद हुआ। बाजार में चौतरफा गिरावट रही। मझौली और छोटी कंपनियों के शेयर भी टूट गए। सार्वजनिक बैंकों में सबसे ज्यादा गिरावट रही। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, ऑटो, वित्त, एफएमसीजी, रियलिटी और तेल एवं गैस समूहों के सूचकांक भी गिरावट में रहे। आईटी कंपनियों और निजी बैंकों में तेजी देखी गई। सेंसेक्स की कंपनियों में बीईएल का शेयर दो प्रतिशत से अधिक टूट गया। टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी और भारतीय स्टेट बैंक में भी 1.50 फीसदी से ज्यादा गिरावट रही। टीसीएस का शेयर करीब डेढ़ फीसदी चढ़ा। आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस और एचडीएफसी बैंक में एक प्रतिशत से अधिक की तेजी रही।



### नए ऑर्डर, उत्पादन बढ़ने से सेवा क्षेत्र में तेजी

**मुंबई।** नए ऑर्डर और उत्पादन वृद्धि की रफ्तार बढ़ने से नवम्बर में देश के सेवा क्षेत्र में तेजी रही। एचएसबीसी द्वारा बुधवार को जारी भारत सेवा पीएमआई अक्टूबर के 58.9 प्रतिशत से बढ़कर नवम्बर में 59.8 प्रतिशत दर्ज किया गया। सूचकांक का 50 से ऊपर रहना गतिविधियों में वृद्धि को और उससे नीचे रहना गिरावट को दिखाता है।

## राकेट की स्पीड से भाग रही है चांदी, सोने के दाम भी बढ़े

**नई दिल्ली।** बुधवार को चांदी में तूफानी तेजी देखी गई। एमसीएक्स में दोपहर 3 बजे तक चांदी ने 189,906 रुपये प्रति किलो पहुंचकर नया रिकार्ड बना लिया। अगर ऐसी बढ़ोतरी जारी रहती है तो बहुत जल्द 1 किलो चांदी का भाव 2 लाख रुपये प्रति किलो पहुंच सकता है। वहीं 10 ग्राम सोना 957 रुपए महंगा होकर 1,28,550 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले 10 ग्राम सोना 1,27,593 रुपए का था। 17 अक्टूबर को सोने ने 1,30,874 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

चांदी के दाम आज ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार ये आज 3,504 रुपए बढ़कर 1,78,684 रुपए हो गया है। आईबीजेए की सोने की कीमतों में 3 प्रतिशत जीएसटी, मेकिंग चार्ज और ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता, इसलिए अलग-अलग शहरों के रेट्स अलग-अलग होते हैं। पंजाब नेशनल बैंक समेत कई बैंक गोल्ड लोन रेट तय करने के लिए इन कीमतों का इस्तेमाल करते हैं। दुनियाभर के बड़े बैंक डॉलर पर निर्भरता कम करना चाहते हैं।

इसलिए वे अपने खजाने में सोने का हिस्सा लगातार बढ़ाते जा रहे हैं। जब बड़े बैंक लगातार खरीदते हैं तो बाजार में सोने की मांग बनी रहती है और कीमत ऊपर जाती है। क्रिप्टो में इस समय काफी उतार-चढ़ाव हो रहा है। ऐसे में कुछ निवेशक पैसा सोने में लगा रहे हैं। पिछले कुछ समय के दौरान भारत में शेयर बाजार से कम रिटर्न ने भी सोने को आकर्षक बना दिया। शादियों का सीजन शुरू होने से भी सोने की डिमांड बढ़ गई है।

## चावल, गेहूं, दालें नरम, चीनी मजबूत, खाद्य तेलों में घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के औसत भाव घट गए। गेहूं और दालों में भी गिरावट रही, जबकि चीनी के भाव बढ़ गए। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 11 रुपये घटकर 3,842.17 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

गेहूं 12 रुपये सस्ता हुआ और 2,841.35 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गया। आटा पांच रुपये प्रति क्विंटल नरम हुआ। दाल-दलहनों में नरमी रही। तुअर दाल और उड़द दाल 19.19 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। मूंग दाल 12 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। चना दाल की कीमत सात रुपये और मसूर दाल की दो रुपये प्रति क्विंटल घटी। विदेशों में बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का फरवरी वायदा तीन रिंगिट फिसलकर 4,156 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं जनवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.57 प्रतिशत गिरकर 52.38 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल औसतन 31 रुपये और वनस्पति पांच रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। सोया तेल 22 रुपये सूरजमुखी तेल 11 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुए। सरसों तेल की कीमत भी छह रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। पाम ऑयल में टिकाव रहा। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत छह रुपये प्रति क्विंटल घट गई। वहीं चीनी पांच रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7865.85 रुपये, मसूर काली 8161.63 रुपये, मूंग दाल 10085.26 रुपये, उड़द दाल 10365.22 रुपये, तुअर दाल 10615.08 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2841.35 रुपये और चावल 3842.17 रुपये प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**भारत-रूस...**

नहीं होगी। यह सिर्फ लॉजिस्टिक सपोर्ट और पीस-टाइम मिलिट्री कोऑपरेशन के लिए है। लॉजिस्टिक सपोर्ट का मतलब है कि देश एक-दूसरे की सेनाओं को जरूरत पड़ने पर ईंधन, सामान, मरम्मत जैसी मदद दें। वहीं, पीस-टाइम मिलिट्री कोऑपरेशन का मतलब है कि शांतिपूर्ण समय में दोनों देशों की सेनाएं मिलकर ट्रेनिंग और सहयोग करें। रेसिप्रोकल एक्सचेंज ऑफ लॉजिस्टिक सपोर्ट को दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी में अब तक के सबसे अहम रक्षा समझौतों में से एक माना जा रहा है। यह एक डिफेंस लॉजिस्टिक्स एक्सचेंज समझौता है। इसके जिसके तहत भारत और रूस की सेनाएं एक-दूसरे के सैन्य बेस, बंदरगाह, एयरफील्ड और सप्लाई पाइंट का इस्तेमाल कर सकेंगी। यह उपयोग सिर्फ ईंधन भरने, मरम्मत, स्टाक रिफिल, मेडिकल सपोर्ट, ट्रांजिट और मूवमेंट जैसे कामों के लिए होगा। भारत ने ऐसे ही समझौते अमेरिका, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया और कई अन्य देशों के साथ किए हैं। अब रूस भी इसमें शामिल हो रहा है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 4 दिसम्बर को भारत आ रहे हैं। वे नई दिल्ली में 23वें भारत-रूस वार्षिक सम्मेलन में हिस्सा लेंगे।

**सरकार ने...** के बाद स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनी एपल ने इसका पालन करने से इन्कार कर दिया था। कंपनी ने कहा था कि यह कदम आईफोन यूजर्स के निजी डेटा को खतरे में डाल सकता है। एपल ने एक न्यूज एजेंसी के हवाले से कहा था कि कंपनी अपनी चिंताएं सरकार के सामने रखेगी। मंत्रायल के मुताबिक यह एप जन भागीदारी को बढ़ावा देता है, क्योंकि नागरिक किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि की रिपोर्ट कर सकते हैं और खुद को सुरक्षित रख सकते हैं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि इस एप का कोई अन्य उद्देश्य नहीं है और यदि उपयोगकर्ता चाहें तो वे इसे कभी भी अनइंस्टॉल कर सकते हैं। बता दें कि स्मार्टफोन में एप के प्री-इंस्टालेशन को 90 दिनों के भीतर अनिवार्य बनाने के आदेश के बाद विपक्ष ने संसद में कड़ा विरोध दर्ज कराया था। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने दूरसंचार विभाग के निर्देश पर कड़ी प्रतिक्रिया दर्ज कराते हुए इसे तानाशाही करार दिया था। वहीं, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भी आरोप लगाते हुए कहा था कि मोदी सरकार का फोन में संचार साथी एप इंस्टॉल करने का आदेश लोगों की निजता और आजादी पर खुला हमला है। हालांकि, विपक्ष के सभी आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि संचार साथी एप के जरिये जासूसी बिल्कुल भी संभव नहीं है। यह एप लोगों की सुरक्षा और मदद के लिए बनाया गया है। नोटिफिकेशन के मुताबिक पहले सरकार ने कहा था कि एप फोन में अनिवार्य होगा और इसे डिलीट नहीं किया जा सकेगा। हालांकि, विवाद बढ़ने पर दूरसंचार मंत्री ने ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मीडिया को बताया था कि जरूरत न होने पर एप को फोन से डिलीट किया जा सकता है। सरकार द्वारा एक्स पर जारी बयान के मुताबिक, अब तक 1.4 करोड़ लोग यह एप डाउनलोड कर चुके हैं और रोजाना लगभग 2000 ऑनलाइन फ्राड मामलों की जानकारी भेज रहे हैं। बयान में कहा गया कि एप डाउनलोड करने वाले उपयोगकर्ताओं की संख्या तेजी से बढ़ी है।

## ऋषि परंपरा में दिव्यांगता को किसी की कमजोरी नहीं: मुख्यमंत्री योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में राज्य स्तरीय विश्व दिव्यांग दिवस 2025 कार्यक्रम में कहा कि हमारी ऋषि परंपरा में दिव्यांगता को किसी की कमजोरी नहीं माना गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में राज्य स्तरीय विश्व दिव्यांग दिवस 2025 कार्यक्रम में यह बातें कहीं। योगी ने कहा कि दिव्यांगजनों के साथ-साथ कुष्ठावस्था पेंशन की राशि को भी 2,500 रुपये से बढ़ाकर 3,000 रुपये किया गया है। कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण के लिए अनुदान राशि 10,000 रुपये से बढ़ाकर 15,000 की गई है। योगी ने कहा कि मनुष्य ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ कृतियों में से एक है। दिव्यांगजन किसी से कम नहीं हैं। आपकी हिम्मत, आपकी प्रतिभा और आपकी सफलता ही 'नए भारत' की शक्ति है। उन्होंने कहा कि विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर आज लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में सहभाग कर दिव्य कला प्रदर्शनी का उद्घाटन किया एवं दिव्यांग बच्चों को पाठ्य सामग्री व मेधावी छात्र-छात्राओं को टैबलेट एवं प्रमाण-पत्र का वितरण किया। उन्होंने कहा है कि दिव्यांगता का शिकार होने पर एक बच्चा यदि परिवार में उपेक्षित कर दिया जाता है, तो ऐसा बच्चा परिवार और समाज का संबल न मिलने के कारण जिदगी भर उपेक्षित और कुंठित दिखता है, जबकि यदि हम उन्हें संबल दे दें, तो अच्छे परिणाम आ सकते हैं।

### सपा के जिसका नाम कट रहा हो, वो हमसे मिले: राजभर

**लखनऊ।** सपा लगातार निर्वाचन आयोग पर सूची से नाम काटने का आरोप लगा रही है। इस बीच सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने कहा है कि समाजवादी पार्टी के जिसका नाम जहां कट रहा हो, वो हमसे आकर मिल लें, उनका नाम दुरुस्त करा देंगे।पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इसे चुनाव आयोग की सही और आवश्यक कार्रवाई बताया है। वर्षों से मृत लोगों के नाम और दोहरी प्रविष्टियां सूची में कायम थीं, जिन्हें हटाकर सूची को पारदर्शी बनाया जा रहा है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# ओवरलोड गन्ने से भरा ट्रक निर्माणधीन पुलिया में गिरा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** मंगलवार देर रात्रि सरधना-कालंद मार्ग पर निर्माण रजवाहे की पुलिया के पास ओवर लोड गन्ने से भरा हुआ ट्रक निर्माणधीन पुलिया में गिर गया। जिससे रोड़ पर जाम की स्थिति बनी रही है। मौके पर राहत बचाव की टीम ने रजवाहें से गन्ने व ट्रक को निक. ालने का प्रयास किया। छुर गन्ना क्रय केन्द्र से मंगलवार रात्रि डाइवर राजू ट्रक में गन्ने लादकर दौराला मिल जा रहा था। कालंद सरधना मार्ग पर निर्माणधीन पुलिया पर पहुंचकर अनियंत्रित होकर ट्रक पुलिया में गिर गया। ट्रक पुलिया में गिरने से डाइवर को चोंटे आई, जिससे उपचार के लिए भर्ती कराया गया। निर्माणधीन पुलिया होने के कारण दिनभर जाम की लगा रहा। लोगों को एक जगह से दूसरी जगह जाने में परेशानी हुई।

# प्रेमिका के घर पहुंचे युवक को परिजनों ने बनाया बंधक

## दोनों पक्षों में सहमति के बाद हुआ निकाह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के एक गांव में प्रेमिका के घर पहुंचे युवक को परिजनों ने बंधक बना लिया बाद में दोनों परिवारों की सहमति से दोनों का निकाह कराया गया।

मवाना के मोहल्ला कल्याण सिंह निवासी अलफात पुत्र नौशाद का परीक्षितगढ़ के एक गांव में एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। मंगलवार देर शाम लड़की के परिजन उपचार के लिए डाक्टर के पास गए थे इसी बीच अलफात अपने दोस्तों के साथ प्रेमिका से मिलने उसके घर पहुंचा जहां परि. जनों ने उसे बंधक बना लिया। वहीं उसके साथी मौका पाकर फरार हो गए। काफी जद्दोजहद के बाद दोनों परिवारों के बीच समझौता हुआ और दोनों की सहमति से अलफात और युवती का निकाह कर दिया गया। इस मामले में दोनों पक्षों ने अपनी सहमति जताई है और निकाह को स्वीकार किया है। दोनों परिवारों के बीच समझौते के बाद निकाह की प्रक्रिया पूरी की गई। इस दौरान दोनों पक्षों के लोग मौजूद रहे और निकाह को रीति रिवाज के साथ संपन्न कराया गया। वहीं थाना अध्यक्ष सुद. ीश सिंह सिरोही ने बताया कि उक्त बंधक बनाने वाला मामला उनके संज्ञान में नहीं है जांच कराई जाएगी।


### पुलिस करेगी बंधक मामले में जांच

परीक्षितगढ़ थाना क्षेत्र में प्रेमिका के घर पंहुचे युवक को नाटकीय ढ़ग से निकाह के बंधन में बांध दिया गया है लेकिन पहले युवक को बंधक बनाया गया था जिसके बारे में थानाध्यक्ष ने कहा है कि बंधक की सूचना उनके पास नहीं है अगर ऐसा हुआ है तो मामले की जांच की जाएगी। बतादें कि यह घटनाक्रम लोगों के गले के नीचे नहीं उतर रहा है और तरह-तरह की चर्चा हो रही है। वैसे तो मिया बीवी राजी क्या करेगा काजी।

# पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद से शोभित के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र ने की शिष्टाचार भेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय, मेरठ एवं गंगोह के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र ने नई दिल्ली स्थित निवास पर देश के 14वें पूर्व राष्ट्रपति, रामनाथ कोविंद से शिष्टाचार भेंट की। यह भेंट शोभित विश्वविद्यालय की विकास यात्रा में उनके निरंतर मार्गदर्शन, स्नेह और प्रेरणादायी उपस्थिति का प्रतीक रही।



इस अवसर पर कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र ने आदर स्वरूप प्रसिद्ध लेखक हरमन हेस्से की कृति सिद्धार्थ की एक प्रति भेंट की। पूर्व राष्ट्रपति ने शिक्षा, जीवन मूल्यों तथा विश्वविद्यालयों की भूमिका पर अपने प्रेरक विचार साझा करते हुए युवाओं को जिम्मेदार, आत्मविश्वासी एवं नैतिक मूल्यों से युक्त नागरिक बनाने पर विशेष बल दिया। गौरतलब है कि पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने गत वर्ष अपने परिवार के साथ शोभित विवि, गंगोह का भ्रमण किया था। उन्होंने परिसर में रात्रि विश्राम भी किया तथा छात्रों, शिक्षकों एवं अन्य हितधारकों के साथ सार्थक संवाद किया। ग्रामीण क्षेत्रों को शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनाने पर उनके मार्गदर्शन ने विश्व. विद्यालय समुदाय पर अमिट प्रभाव छोड़ा। कुलाधिपति कुंवर शेखर विज. ेंद्र ने पूर्व राष्ट्रपति के सतत् मार्गदर्शन और प्रोत्साहन के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उनकी सरलता एवं सामाजिक समरसता के प्रति प्रतिबद्धता विश्व. विद्यालय के मिशन तथा ग्रामीण भारत में किए जा रहे कार्यों के लिए निरंतर प्रेरणास्रोत बनी हुई है। यह गरिमामय भेंट शिक्षा एवं सामुदायिक विकास के क्षेत्र में सार्थक कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने के साझा संकल्प के साथ संपन्न हुई।

# बदहाली में जिंदगी गुजारने को मजबूर सरधना के लोग

## नगर पालिका व जल विभाग की लापरवाही ने नगर की सड़कों को गड्ढों में बदला





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर में इन दिनों हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि लोग रोजमर्रा की जिंदगी भी मुश्किलों के बीच गुजारने को मजबूर हैं। नगर पालिका और जल विभाग द्वारा पूरे नगर में पाइप लाइन बिछाने का कार्य चल रहा है, लेकिन इस काम की वजह से नगर की अधिकांश सड़कों को खोद दिया गया है। आलम यह है कि सरधना की गली-गली में बड़े बड़े गड्ढे बन चुके हैं, जिनमें पानी भरने से आवागमन पूरी तरह बाधित हो रहा है।

### नगरवासियों के लिए नासूर बनी समस्या

स्थानीय लोगों का कहना है कि कई जगहों पर सड़कों को खोदने के बाद महीनों तक भराव या मरम्मत का कोई काम नहीं किया गया। परिणाम स्वरूप राहगीर आए दिन गिरकर चोटिल हो रहे हैं, वहीं वाहन चालकों को गड्ढों में फंसकर भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि शिकायतों के बावजूद न तो नगर पालिका और न ही जल विभाग का कोई अधिकारी स्थिति की सुंध लेने के लिए मौके पर पहुंच रहा है।

### बाजार में ग्राहकों का पड़ा टोटा, व्यापारी परेशान

व्यापारियों का कहना है कि गड्ढा व उखड़ी सड़कों के कारण ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित हो रही है, जिससे कारोबार पर भी असर पड़ रहा है। वहीं स्कूल जाने वाले बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को प्रतिदिन जोखिम उठाकर गुजरना पड़ता है। नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इन सड़कों की मरम्मत कराई जाए और पाइप लाइन कार्य को तय समयसीमा में पूरा किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। यदि संबंधित विभागों ने समय रहते ध्यान नहीं दिया तो नगर वासियों में आक्रोश और बढ़ सकता है।

### स्थानीय लोगों की नाराजगी चरम पर

नगर के कई इलाके गंज बाजार, कालंद चुंगी, तहसील रोड, चर्च रोड, रामलीला गाउंड, शहीद द्वार, गुजरान गेट, अशोक की लाट रोड सहित अन्य इलाकों में सड़कें पूरी तरह उखड़ चुकी हैं। जिसके कारण स्थानीय लोगों में नाराजगी है।

### अधिकारियों का नंबर आउट ऑफ रिचेबल

इस समस्या के बारें में जल विभाग के जेई आदिल से वार्ता करने का प्रयास किया गया तो उनका नंबर आउट ऑफ रिचेबल आता रहा। ईओं दीपिका शुक्ला से बात की गई तो उन्होंने तबियत खराब होने की बात कही।

### काम जारी है, जल्द पूरा हो जाएगा

जिस वक्त काम के बारें में ठेकेदारों से अधिकारी बात करते है तो उनके सामने काम की सीमा जल्द से जल्द पूरा करने की होती है, लेकिन जमीन पर काम की रफ्तार बेहद धीमी है। न कोई निगरानी, न कोई समय सीमा, न ही खोदी गई सड़कों को ठीक करने की जिम्मेदारी तय है। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के लिए सबसे अधिक परेशानी स्कूल जाने वाले बच्चों को रोज कीचड़ और गड्ढों से गुजरकर स्कूल पहुंचना पड़ रहा है। कई अभिभावकों ने शिकायत की है कि इस स्थिति में कोई भी बच्चा सुरक्षित नहीं है। महिलाएं और बुजुर्ग भी बार-बार फिसलने और चोटिल होने का जोखिम झेल रहे हैं। इससे कब निजात मिलेगी।

# फलावदा पुलिस पर हमला करने वाले आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई न करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** नगर के मौहल्ला होली चौक निवासी मगन पुत्री नौराज सिंह ने थाना पुलिस पर हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में पीड़िता ने मुख्यमंत्री एवं पुलिस महा. निदेशक को प्रार्थना पत्र भेजकर आरोपियों की गिरफ्तारी की गुहार लगाई है।



आरोप है कि बीते नौ दिन पूर्व गड़ीना गांव निवासी आधा दर्जन लोगों ने उसके दो भाईयों पर बलकटी व लाठी-डंडों से जान से मारने की नीयत से जानलेवा हमला कर घायल कर दिया था। पीड़िता ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की गुहार लगाई थी लेकिन स्थानीय पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया था। अगले दिन पीड़िता ने एसएसपी कार्यालय में शिकायती पत्र देकर हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की मांग की थी। तब जाकर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। लेकिन मुकदमा दर्ज होने के 9 दिन बीतने के बाद भी पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया। सभी आरोपी गांव में तमंचे व धारदार हत्यार लेकर पीड़ितों की हत्या करने की फिराक में लगे हुए हैं। पीड़िता मगन ने बताया कि उसका भाई अमरीश व हरीश मोहल्ले के एक युवक को लेकर नौ दिन पूर्व गांव गड़ीना में स्थित अपने खेतों में सिंचाई करने गए थे। आरोप है कि इसी दौरान गड़ीना गांव निवासी सुनील, अनिल, सतीश, नितिन, पिंटू व विक्की ने लाठी डंडे व बलकटी लेकर उनके खेत में घुसकर जान से मारने की नीयत से जानलेवा हमला कर दिया था। हमला करने से सिर में बलकटी लगने से अमरीश व हरीश गंभीर रूप से घायल हो गये थे। बीच बचाव करने में पड़ोस के अजय को भी गंभीर चोट आई थी। घटना वाली रात में पीड़िता ने उक्त सभी लोगों को नामजद करते हुए थाने में तहरीर दी थी। पीड़िता का आरोप है कि थाना पुलिस ने दबाव में हमलावरों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। एसपी देहात अभिजीत सिंह ने मामले की जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया था। तब जाकर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था।

# एनसीवीईटी ने अडानी स्किल्स फाउंडेशन को अवार्डिंग बॉडी स्टैंडर्ड के तौर पर दी मान्यता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद एनसीवीईटी ने बीते 26 नवंबर को अडानी स्किल्स एंड एजुकेशन फाउंडेशन के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत इसे देश-व्यापी क्षेत्रधिकार वाली अवार्डिंग बॉडी स्टैंडर्ड के रूप में मान्यता दी गई है। यह मान्यता अडानी स्किल्स एंड एजुकेशन फाउंडेशन को उन क्वालिफिकेशन्स के लिए प्रशिक्षणार्थियों को पुरस्कृत और प्रमाणित करने का अधिकार देती है जो एनसीवीईटी द्वारा पोर्ट लॉजिस्टिक्स सेक्टर में अनुमोदित हैं। इससे पूरे देश में व्यावसायिक प्रशिक्षण की संरचित, जवाबदेह और गुणवत्तापूर्ण डिलीवरी सुनिश्चित होती है। एनसीवीईटी देश के स्किल्स ईकोसिस्टम में उद्योग की भागीदारी को मजबूत कर रहा है। उन्नत प्रशिक्षण गुणवत्ता और सीखने वालों के लिए ज्यादा अवसर प्रदान करेगी। एनसीवीईटी ने पोर्ट मैनेजमेंट डोमेन में अडानी फाउंडेशन की पहली क्वालिफिकेशन को मंजूरी दे दी है।

### ठंड का होने लगा एहसास

दिसम्बर शुरू होते ही ठंड का एहसास होने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार इस बार ज्यादा ठंड होने की आशंका लग रही है। अगले माह को. हरे का भी अनुमान लगाया गया है।

# 13 दिसम्बर को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अपर जिला न्यायाधीश सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रमेश कुशवाहा ने बताया कि 13 दिसम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त के अनुपालन में जिला न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, के मार्गदर्शन में विभिन्न न्यायालयो में लम्बित जोकि राष्ट्रीय न्यायिक डाटा ग्रिड पर अपलोड है आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम, बैंक वसूली वादो, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, श्रम विवाद, जल व विद्युत बिल अशमनीय वादों को छोड़कर, वैवाहिक विवाद विवाह विच्छेद तालाक को छोड़कर, भूमि अधिग्रहण वाद, वेतन सम्बन्धित विवाद एवं सेवानिवृति लाभो से सम्बन्धित विवाद, राजस्व वादो जनपद न्यायालय एवं उच्च न्यायालय में सभी प्रकार के दीवानी व सुलह समझौते योग्य अपराधिक शमनीय वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौते के आधार पर किया जायेगा।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने बीएलओ को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** देश में चल रहे एसआईआर प्रक्रिया में बीएलओ का योगदान अतुलनीय है दिन रात एक कर वोटरों को उनका सही हक दिलाने के लिए और अवैध वोटरों को वोटिंग लिस्ट से हटाकर देश में घुसे अवैध घुसपैठियों की पहचान कराई है।

जिससे देश के नागरिको को उनका सही हक उनके परिवार को ही मिले। देश के सबसे बड़े लोकतांत्रिक त्योहार को देश के नागरिक के घर तक पहुंचाने वाले बीएलओ के सम्मान के लिए फूलबाग बीजेपी कार्यकर्ता और कालोनी वासियों ने बीएलओ अर्चना, विपिन, नीलम के द्वारा किए गए उनके सफल प्रयासो का सम्मान कर उनकी हौसला अफजाई की गई। इस दौरान सौरभ पंडित, शुभम अग्रवाल, सौरव अत्री, कपिल जैन, नित्यम राजपूत, अमन पंडित आदि लोग मौजूद रहे।

# कान्हा गोशाला की चेयरमैन ने देखी व्यवस्था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** नगर में भूला श्मशान रोड स्थित कान्हा गौशाला में मंगलवार को दिन निकलते ही चेयरमैन अशोक कुमार सैनी ने गौशाला में पहुंच कर बारीकी से निरीक्षण करते हुए एक-एक गोवंश को स्वयं अपने हाथों से निहारते हुए उनका स्वास्थ्य देखा और कर्मचारियों को सख्त दिशा निर्देश दिए गोवंशियों को सर्दी से बचाव के लिए तीरपाल व परदे लगवा कर पुख्ता व्यवस्था कराई गई है।



इसके लिए टीन शेड के साथ नीचे वाले गद्दे आदि की व्यवस्था और बढ़ाई गई है। नगर से बाहरी छोर पर कान्हा गोशाला में वर्तमान में 142 गोवंश हैं। 109 बछड़े है परिसर व बराबर मैदान में नया टीन शेड की भी व्यवस्था की गई है। जैसे सर्दी बढ़ी वैसे ही गोवंशों के बचाव के लिए टीन शेड व तिरपाल की व्यवस्था बढ़ाई गई है गौवंशो के भोजन के लिए बिनोले, खल, चौंकर व हरा चारा, सूखे भूसे, बिछावन, तिरपाल अतिरिक्त चारे की व्यवस्था भी की गई है। ताकि गोवंश रात में ठंड से बच सकें। उन्होंने कहा कि पशुओं के लिए सर्दी से बचाव की व्यवस्था पर्याप्त गोवंशियों को ठंड से बचाव के लिए पर्याप्त भवन के साथ टीन शेड ओर बढ़ाया गया है। गोशालाओं में गोवंशियों को सर्दी से बचाव के लिए और इन्तेजाम बढ़ाए जा रहें हैं।

# संस्कृत कॉलेज में एड्स के बारे में विस्तार से दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर कम्युनिटी मेडिसिन विभाग सुभारती मेडिकल कालेज, स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि मेरठ की ओर से श्री संस्कृत इंटर कालेज एत्मादपुर में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रो. डॉ. छवि किरण गुप्ता ने छात्राओं को और एसोसिएट प्रो. डॉ. रिजुल रंजन मेडिकल ऑफिसर इंचार्ज कम्युनिटी मेडिसिन विभाग सुभारती मेडिकल कालेज ने छात्रों को संबोधित करते हुए एड्स क्या है, ये कैसे फैलता है, इसके क्या लक्षण हैं, इस को कैसे रोका जा सकता है के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। ये हाथ मिलाने से, साथ में खाने से, एक दूसरे के कपड़े पहने आदि से नहीं होता है और न ही फैलता है बल्कि दूषित रक्त चढ़ाने से, दूषित इंजेक्शन लगाने से, कटी फटी जगह पर दूषित रक्त लगने से एड्स होने की संभावना हो सकती है। इस अवसर पर बेटियां फाउंडेशन की ओर से सैनेट्री पैड वितरित किये गये। इस अवसर पर फरहत खान एम. इस. डब्ल्यू व डाक्टर धर्मेंद्र ने कैप्टन अब्दुल हमीद सुभारती ग्रामीण स्वास्थ्य एवम प्रशिक्षण केंद्र खजुरी पर दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### हाथ मिलाने, साथ में खाना खाने व कपड़ों से नहीं फैलता यह रोग

# हरियाणा के मुख्यमंत्री ने देखा जादूगर अंसारी का जादू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** कुरुक्षेत्र में चल रहे अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में फलावदा के मूल निवासी विश्व विख्यात युवा जादूगर एमपी अंसारी का जादू दर्शकों के मस्तिष्क पर अमिट छाप छोड़ रहा है। कार्यक्रम में पहुंचे हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जादूगर अंसारी की जादुई कलाकारी को देख दंग रह गए। उन्होंने जमकर सराहना की।

कस्बे के मूल निवासी जादूगर एमपी अंसारी पिछले कई दिनों से कुरुक्षेत्र में चल रहे गीता महोत्सव में अपने जादू से दर्शकों का मनोरंजन कर रहे है। इस शो में पहुंचे सीएम नायब सिंह सैनी ने जादूगर एमपी अंसारी के जादू का आधे घंटे तक आनंद लिया। उन्होंने मंच से जादूगर एमपी अंसारी की जमकर प्रशंसा की। बता दें कि जादूगर एमपी अंसारी अंत. रराष्ट्रीय स्तर पर अपनी फनकारी का लोहा मनवा चुके है। देश के विभिन्न राज्यों के अलावा कई मुल्कों में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किए हैं। उन्होंने बताया कि अब तक वह 14 बार नेशनल तथा इंटरनेशनल मैजिक कंपटीशन में विनर रह चुके हैं। उनके कई शिष्य विभिन्न स्थानों पर उनका नाम रोशन कर रहे हैं।

# अखिल भारतीय गोरक्षा महासभा संख्या के राष्ट्रीय महामंत्री बने काजी शादाब




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भाजपा नेता काजी शादाब को अखिल भारतीय गोरक्षा महासभा संस्था को महामंत्री नियुक्त किया गया है। उनके मनोनयन पर भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) संजय विनायक जोशी, ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर, अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर बासित अली ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। वहीं काजी शादाब ने कहा कि वह ईमानदारी से कार्य करेंगे।

# किठौर डाकघर में आधार सेवा एक माह से बंद, लोग परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** नगर स्थित डाकघर में पिछले एक माह से आधार कार्ड बनाने और अपडेट कराने की सेवाएं ठप पड़ी हुई हैं। इस कारण आधार संबंधी कार्य कराने आने वाले आम नागरिकों से लेकर छात्र छात्राओं और मजदूर वर्ग को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि डाकघर में आधार सेवा बंद होने के बावजूद कोई भी अधिकारी इस समस्या के समाधान के लिए आगे नहीं आ रहा है। शिकायतों के बाद भी संबंधित विभाग की ओर से उदासीनता बरती जा रही है, जिससे लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। छात्र नेता शान मोहम्मद ने उच्च अधिकारियों को इस संबंध में अवगत कराया है। उन्होंने कहा कि जनता पहले से ही अन्य मामलों को लेकर चिंतित है, ऐसे में आधार सेवा का ठप हो जाना उनकी दिक्कतें और बढ़ा रहा है। उन्होंने UIDAI और संबंधित अधिकारियों से शीघ्र संज्ञान लेकर डाकघर में आधार सुविधाओं को बहाल किए जाने की मांग की है। वहीं, किठौर डाकघर में तैनात पोस्ट ऑफिस असिस्टेंट मयंक सिंह ने बताया कि इस समस्या के निवारण के लिए अधिकारियों को सूचित किया जा चुका है। हालांकि, उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि अभी तक कोई समाधान नहीं हो सका है।




# दबंगई व गंदगी से परेशान परिवारों ने पलायन के पोस्टर किये चस्पा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** रामराज के रहने वाले कुछ परिवारो ने घर बेचकर जाने का फैसला लिया है। इन परिवारों ने अपने घरों के मुख्य गेट पर पलायन के पोस्टर भी लगाए हैं। इन परिवारों का कहना है कि उनकी गली में शराब पीकर आए दिन लोग उत्पाद मचाते हैं। जिसकी शिकायत पुलिस प्रशासन के अधिकारियों से कर चुके हैं। लेकिन अभी तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इन पीड़ित परिवारों की माने तो गली में एक रेस्टोरेंट का पिछला दरवाजा खुलता है। शाम के समय शराबी इस रेस्टोरेंट में जमा होते हैं और शराब पीने के बाद पिछली गली में आकर उत्पाद मचाते हैं। जिस गली की महिलाएं शाम के समय घर से निकलने से डरती है। बतादें कि गांव सैफपुर फिरोजपुर रामराज के मोहल्ला रामलीला ग्राउंड की, बसंत कन्या इंटर कॉलेज के समीप वाली गली में पिछले कुछ दिनों से शराबियों ने मोहल्ले के लोगों का जीना दुभर कर रखा है। गली में रहने वाले अरुण बत्रा ने बताया कि गंदगी व शराबियों के उत्पात के कारण कुछ परिवारों ने अपने घर के बाहर पलायन के पोस्टर लगा दिए हैं। गली में रहने वाले कुछ परिवारों का आरोप है कि पड़ोस में चल रहे एक रेस्टोरेंट का पिछला गेट गली में खुलता है जो मोहल्लेवासियों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। पलायन करने वाले परिवारों का कहना है कि बात शराबियों तक ही सीमित नहीं है बल्कि रेस्टोरेंट का काम खत्म होने के बाद शाम के समय रेस्टोरेंट की सारी झूठन भी इसी और फेंक दी जाती है। रेस्टोरेंट का सारा सामान भी इसी रास्ते से होकर जाता है। सब्जियां, लकड़ी, गैस सिलेंडर, टेम्पो और ट्रैक्टर में भरकर इसी गली से अंदर आते-जाते है। जिससे लगातार जाम और अव्यवस्था की स्थिति बनी रहती है। आरोप है कि रेस्टोरेंट के कर्मचारी पीछे वाले गेट पर ही झूठे बर्तन धोते हैं और डस्टबिन साफ करते हैं, जिससे गली में बदबू और गंदगी फैलती है। पीड़ित परिवारों के अनुसार, इस वजह से गली में कई बाहरी लोगों का आना-जाना बढ़ गया है, जिससे वहां रह रहे लोगों में असुरक्षा की भावना बनी रहती है। पलायन का पोस्टर लगाने वाले परिवारों में अरुण बत्रा भारत, अमित, योगेंद्र उपाध्याय, बिट्टू, असरम पाल, कस्तूरी, प्रवीण, विरेन्द्र, राजकुमार छाबड़ा, सौरभ अरोरा आदि लोग हैं।



# कैंट विधायक ने दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण किए वितरित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना के अन्तर्गत स्पर्श राजकीय दृष्टिबाधित बालक इण्टर कॉलेज परतापुर मेरठ अमित अग्रवाल, विधायक मेरठ कैण्ट के कर कमलो द्वारा दिव्यांगजनों को निःशुल्क 50-ट्राईसाइकिल, 03-व्हील चेयर, 2-स्मार्ट केन 03-जोडी बैशाखी कुल 58 सहायक उपकरणों का वितरण किया गया है। कार्यक्रम में प्रीतिलता राजपूत उपनिदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, मेरठ मण्डल, मेरठ सिद्धान्त शर्मा, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, राजेन्द्र गौतम, प्रभारी प्रधानाचार्य, स्पर्श राजकीय दृष्टिबाधित बालक इण्टर कॉलेज मेरठ, जिला कार्यालय, मण्डल कार्यालय एवं स्पर्श राजकीय दृष्टिबाधित बालक इण्टर कॉलेज एवं मानसिक मंदित आश्रय गृह सह-प्रशिक्षण केन्द्र, मेरठ का समस्त स्टाफ कार्यक्रम में उपस्थित रहने के साथ-साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा भी प्रतिभाग किया गया। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का यह संदेश 'अशक्ता विकास में बाधक नहीं है' दिव्यांग. जनों तक पहुंचाया गया।

# दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** प्रभारी राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र मोदीपुरम मेरठ प्रेमलता द्वारा ग्राम पंचायत-नगला राठी, ब्लॉक-सरधना, जनपद-मेरठ में 02 दिसम्बर से 03 दिसम्बर 2025 तक मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्रामीण स्वरोजगार योजनान्तर्गत 02 दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ ग्राम प्रधान अवधेश कुमार व रमेश चन्द्र, प्रधानाचार्य राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केन्द्र, मेरठ मण्डल मेरठ द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया एवं प्रशिक्षण प्राप्त करने आये प्रशिक्षार्थियों को लेखन साम्रगी वितरण कर व जलपान कराकर किया गया। रमेशचन्द, प्रधानाचार्य द्वारा खाद्य प्रसंस्करण के अन्तर्गत आने वाले उद्योगों से सम्बन्धित जानकारी एवं प्रशिक्षण उपरान्त खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित करने पर 50 प्रतिशत (अधिकतम एक लाख) रूपये अनुदान सम्बन्धित जानकारी प्रदान की गयी। विषय विशेषज्ञ कु. शिवांगी द्वारा फल सब्जी से बनने वाले उत्पाद जैसे अचार, सॉस, मुरब्बा, जैम, जैली स्क्वैश, मसाले प्रसंस्करण आदि की जानकारी प्रदान की गयी। सुशील कुमार सिरोही सेवानिवृत्त प्रभारी द्वारा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग लगाने की जानकारी दी गयी। विषय विशेषज्ञ कु. शिवांजलि सिंह द्वारा बेकरी उद्योग लगाने तथा विभागीय योजनाओ की जानकारी दी। दिपांशु डी.आर.पी. मेरठ द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योग उन्नयन योजना (पी.एम. एफ.एम.ई.) की जानकारी दी गयी। 02 दिसम्बर 2025 को कार्यक्रम का समापन ग्राम प्रधान श्री अवधेश कुमार व रमेश चन्द्र, प्रधानाचार्य राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केन्द्र, मेरठ मण्डल मेरठ द्वारा संयुक्त रूप से लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित कर किया। कार्यक्रम में 30 लाभार्थीयों नें प्रतिभाग किया।

# सपा नेता ने जिला अध्यक्ष कर्मवीर सिंह गुमी को गुलदस्ता देकर किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** बुधवार को जानी क्षेत्र के कस्बा सिवाल खास में हुए एसआईआर फार्म की बैठक में समीक्षा के बाद समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सभी बीएलओ को 11 दिसंबर तक फार्म भरवाने का आग्रह किया गया जिसमें सिवाल खास में समाजवादी पार्टी के नेताओं का जमावड़ा रहा। वहीं समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता अयान सैफी व मोनू तोमर ने जानी खुर्द स्थित सपा कार्यालय पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष कर्मवीर सिंह गुमी व आकिल मुर्तुजा, पूर्व राज्य मंत्री अब्बास का जोरदार स्वागत किया और उन्हें गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। वहीं आयान सैफी ने सपा कार्यालय पर एक छोटी सी बैठक की जिसमें एस आई आर फार्म भरवाने के लिए बैठक में चर्चा की और सभी से आग्रह किया कि जल्द से जल्द इस प्रक्रिया को पूरी करें।

# शबी जेहरा बनी दिव्यांगजनों के पंख

**मेडिकल कॉलेज में प्रधानमंत्री दिव्याशा केन्द्र से 10 दिव्यांगजनों को उपकरण दिलवाकर किया लाभांवित**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को विश्व दिव्यांग दिवस पर समाजसेविका शबी जेहरा ने लाला लाजपत राय मेमोरियल मेडिकल कॉलेज से प्रधानमंत्री दिव्याशा केन्द्र एलिम्को से 10 दिव्यांग जन को उपकरण दिलवाकर लाभांवित कराया। शबी जेहरा दिव्यांग समाज कि कई वर्षों से सेवा कर रही है। यही नहीं इन्होंने दिल्ली एनसीआरटीसी से भी 250 लोगों को उपकरण दिलवाकर लाभांवित कराया है। लाभांवित होने वालों में इमरान, तनवीर, शोभा, महमूद, जावेद, दीपक ने शबी जेहरा का धन्यवाद किया और कहा कि आज शबी जेहरा की वजह से हमें ये पंख मिले हैं, हम अपने काम आसानी से कर सकते हैं। पहले हमें अपने घर वालों व दूसरो का मुंह देखना पड़ता था अब हम अपने काम खुद से कर सकेंगे।

# पंचायत सचिवों का विरोध प्रदर्शन जारी



**अफजलगढ़।** ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति के नेतृत्व में अफजलगढ़ ब्लॉक क्षेत्र में पंचायत सचिवों का ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर विरोध प्रदर्शन आज तीसरे दिन भी जारी रहा। बाहों पर काली पट्टी बांधकर कार्य कर रहे पंचायत सचिव अपनी मांगों को लेकर आंदोलन की राह पर डटे हुए हैं। ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष इरफान अली मंसूरी व ग्राम विकास अधिकारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष नौबहार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आंदोलन का प्रथम चरण कल (आज) 4 दिसंबर तक रहेगा, जिसमें काली पट्टी बांधकर विरोध जताते हुए शासकीय कार्य किया जाएगा। जबकि दूसरा चरण परसों 5 दिसंबर से शुरू होगा, जिसमें धरना दिए जाने के साथ-साथ सक्षम अधिकारियों को ज्ञापन प्रेषित कर जनपद के सभी सरकारी व्हाट्सएप ग्रुप्स से पंचायत सचिव लेफ्ट हो जाएंगे। दोनों ब्लॉक अध्यक्षों ने बताया कि मांग पूरी न हो पाने तक अथवा सक्षम अधिकारियों से संतोषजनक वार्ता न हो पाने तक आंदोलन जारी रहेगा। आज तीसरे दिन विरोध प्रदर्शन करने वालों में इरफान अली मंसूरी, नौबहार सिंह, प्रिंस चौहान, मौ. नाजिम मलिक, नरेश कुमार, शरद कुमार, सहदेव सारथी, आशीष चौहान, नवीन कुमार 'रवि', कुंती देवी व राजीव कुमार आदि पंचायत सचिव मौजूद रहे।

# मोटर पार्ट्स के कार्टून में छिपा कर ले जा रहे थे शराब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** मोटर पार्ट्स के कार्टून में शराब की पेटियों को भर ले जा रहे छोटे लोडर को आबकारी विभाग की टीम ने पुलिस की मदद से पकड़ा है। झांसा देने के लिए तस्कर ने रिफाइनरी के नाम से मोटर पार्ट्स की फर्जी बिल्टी भी बनवा ली जिससे कि चेकिंग के दौरान वह टीम को झांसा देकर निकल जाए। हालांकि यह चालाकी काम नहीं आई। मुखबिर की सूचना पर आबकारी और पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में तस्कर को धर लिया गया। इसके कब्जे से 50 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब चंडीगढ़ मार्का, एक मोटर पार्ट्स की मथुरा रिफाइनरी के नाम से फर्जी बिल्टी (दस्तावेज) एवं तस्करी में प्रयुक्त वाहन यूपी 14 क्यूटी 6851 बरामद किया गया। कोसीकलां पुलिस व आबकारी विभाग मथुरा की संयुक्त कार्यवाही में शराब तस्करी के आरोपी जसवीर पुत्र ईश्वर सिंह निवासी रोहना थाना खरखौंदा जिला सोनीपत हरियाणा को कोटवन चौकी बैरियर एनएच 19 पर दिल्ली से मथुरा लेन से गिरफ्तार किया। अभियुक्त पुलिस से बचने लिये शराब की पेटियों को मोटर पार्ट्स की तरह पैकिंग कर मोटर पार्ट्स की फर्जी बिल्टी बनवाकर शराब की तस्करी काम करता है। अभियुक्त द्वारा मथुरा रिफाइनरी के नाम से मोटर पार्ट्स की फर्जी बिल्टी बनवाकर हरियाणा से शराब प्रतिबंधित राज्य बिहार में बेचने के लिये ले जा रहा था। कार्यवाही करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अजय कौशल थाना कोसीकलां, आबकारी निरीक्षक सुश्री अंजली शर्मा मय टीम क्षेत्र 2, एसआई अवन कुमार थाना कोसीकला आदि थे।

# 16 जोड़ी दहेज रहित विवाह सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** जयगुरुदेव आश्रम में चल रहे वार्षिक भण्डारा सत्संग मेला के पांचवें और अंतिम दिन राष्ट्रीय उपदेशक बाबूराम और सतीश चन्द्र ने श्रद्धालुओं को गुरु के कोमल चित्त ह्रदय और अपार दया के खजाने का स्मरण कराया और उनके वचनों पर कुर्बान रहने की मिसाल दी। संत सतगुरु हमेशा अपने शिष्यों के दुःख तकलीफ विरह को समझता है और अन्तर में दया देकर सम्हाल करता है। हजरत निजामुद्दीन साहब का जिक्र कर संतों फकीरों की मौज में रहने की हिदायत दी। बुरे कर्मों से प्रभाव में रहने पर महापुरुषों की सच्ची वाणियाँ भी अच्छी नहीं लगती है और मन मुखी चाल से परमार्थ का नुकसान कर बैठता है। सत्संगी प्रेमी भी कभी-कभी आपस में दुराव कर बैठते हैं ऐसे में सतगुरु की दया होने पर सब ठीक हो जाता है, लेकिन इसके लिये तन, मन, धन की सेवा परमार्थ में लगाना चाहिये। सतीश चन्द्र ने कहा गीता, रामचरित मानस हिन्दू धर्म के महान धर्म ग्रन्थ है। इनके पढ़ने से शिष्टाचार व अध्यात्मवाद का बोध होता है लेकिन इन ग्रन्थों के घरों में होते हुये भी बहुत से लोगों के खान-पान खराब हैं। इसलिये लोगों को जागृत करने के लिये सन्त महात्मा धरती पर भ्रमण करते हैं। आप सभी लोग पूज्यपाद स्वामी घूरेलाल जी महाराज के पावन वार्षिक भण्डारा में पधारे इसका बहुत बड़ा लाभ मिलेगा। घरों पर जाकर ध्यान भजन सुमिरन अवश्य कीजिये। प्रचार के द्वारा गुरु महाराज के सन्देश पहुंचाते रहियेगा। आज सत्संग मेला के समापन पर पूज्य पंकज जी महाराज ने आयोजन को सफल बनाने में अधिकारियों, कर्मचारियों, सेवादारों, ब्रजवासियों को बहुत-बहुत साधुवाद दिया। गुरु महाराज की दया सबको मिले सबका जीवन सुखमय हो। आयोजन में 16 जोड़ी दहेज रहित विवाह सम्पन्न हुये। श्रद्धालु मंदिर में पूजन कर प्रसाद लेकर, गुरु महाराज व पूज्य पंकज जी महाराज से दया, आशीर्वाद की याचना करके अपने-अपने घरों के लिये प्रस्थान कर रहे हैं।

# दो दिवसीय विधायक खेल स्पर्धा

## एसआईआर कार्य को गति प्रदान कराने के उद्देश्य से जागरूकता रैली निकाली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** विधानसभा के इतिहास में पहली बार गुलाब सिंह डिग्री कॉलेज में युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग बिजनौर के तत्वाधान में उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग 2025-26 के अंतर्गत मा. विधायक खेल स्पर्धा विधानसभा क्षेत्र -23 चांदपुर का दो दिवसीय भव्य आयोजन किया गया। इस स्पर्धा में 2 दिसंबर को वॉलीबॉल, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, कुश्ती, कबड्डी की प्रतियोगिताओं का एवं 3 दिसंबर को जूनियर बालक एवं बालिका वर्ग की कबड्डी की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

खेल स्पर्धा का शुभारंभ विधायक स्वामी ओमवेश एवं गुलाब सिंह डिग्री कॉलेज के आजीवन अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह के द्वारा सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर किया गया। विधायक ने स्पर्धा में प्रतिभाग करने वाले समस्त प्रतिभागियों को जीवन में खेल के महत्व के बारे में बताया। खेल स्पर्धा में सब-जूनियर कबड्डी बालिका वर्ग में मानपुर की टीम जबकि सीनियर कबड्डी बालक वर्ग में अभिषेक लंबा की टीम प्रथम रही। वॉलीबॉल सीनियर बालक वर्ग में यश कुमार की टीम प्रथम रही। बैडमिंटन एकल सब जूनियर बालक वर्ग में तनिष्क कौशिक प्रथम रहे। सब जूनियर 100 मीटर दौड़ में बालक में शौर्य एवं बालिका में शिवानी प्रथम रही। इस स्पर्धा में चांदपुर उप-जिलाधिकारी नितिन तेवतिया एवं चांदपुर तहसीलदार आलोक कटियार द्वारा विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया।

कबड्डी के विजयी खिलाड़ियों को डा. साधना प्राचार्य गुलाब सिंह डिग्री कॉलेज, डा. अशोक कुमार शारीरिक शिक्षा विभाग से एवं कार्यक्रम प्रभारी रजनी द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरण कर कार्यक्रम का भव्य समापन किया गया। गुलाब सिंह डिग्री कॉलेज के समस्त स्टाफ, स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैंप लगाकर, शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग, नगर पालिका चांदपुर एवं पीआरडी द्वारा स्पर्धा को सफल बनाने में भरपूर सहयोग किया गया। कार्यक्रम प्रभारी एवं क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी रजनी द्वारा सभी का आभार व्यक्त कर स्पर्धा के समापन की घोषणा की गई। आज चांदपुर विधान सभा क्षेत्र में गतिमान विशेष प्रगाढ़ मतदाता पुनरीक्षण के कार्य को गति प्रदान कराने के उद्देश्य से जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें नितिन तेवतिया उपजिलाधिकारी तथा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी चांदपुर के निर्देशानुसार गजेन्द्र सिंह खण्ड शिक्षा अधिकारी जलीलपुर और सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के रूप में रैली का आयोजन कराया। उच्च प्राथमिक विद्यालय स्याऊ बालक के छात्रों जनजागरुकता हेतु नारे बोलते हुए क्षेत्र की विभिन्न बस्तियों से निकाल रहे थे और हाथों में तख्तियां लिए हुए गतिमान की प्रक्रिया से जुड़े निर्देश तथा महत्व को रेखांकित करती हुई पट्टिकायें तथा बैनर्स व हैंडबिल आदि भी सात में लिए थे। रैली में मौहम्मद राशिद, विनय कुमार, संगीता कौशिक, लक्ष्मी भाटिया व सारिता आदि सहित सभी स्कूली स्टॉफ व छात्रों ने बड़े उत्साह और उमंगों से प्रतिभाग किया रैली के उपरान्त बिस्किट्स आदि का भी वितरण कराया गया।

# बाइक सवार का छह हजार का चालान काटने का विरोध



**वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** धामपुर मार्ग पर गांगन पुल के पास चैकिंग के दौरान एक बाइक सवार का छह हजार रूपए का चालान काटने का बाइक सवार ने विरोध किया। उन्होंने कहा कि ओवर स्पीड व बिना हेलमेट का चालान काटा गया, जिसमे ओवर स्पीड का चालान सरासर गलत काटा गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार दोपहर हल्दौर निवासी फिरोज आलम बाइक से धामपुर जा रहे थे। ट्रैफिक पुलिस ने नहटौर के धामपुर मार्ग पर गांगन पुल के पास चैकिंग के दौरान उनकी बाइक का ओवर स्पीड व बिना हेलमेट का छह हजार रूपए का चालान काट दिया गया। फिरोज आलम ने ओवर स्पीड का चालान गलत काटने की बात कहते हुए कहा कि धामपुर मार्ग क्षतिग्रस्त हालत में है। इस मार्ग पर ओवर स्पीड कैसे की जा सकती है। जबकि इनके पास ओवर स्पीड मापक यंत्र भी नहीं है। फिरोज आलम के गलत चालान काटने का विरोध करने का एक वीडियो भी सामने आया है। जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

# गर्भवती महिलाओं को खाद्य सामग्री वितरित

**नजीबाबाद।** स्व. रमेश चंद माहेश्वरी एवं श्रीमती पुष्पलता माहेश्वरी की स्मृति में राधे-राधे वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में आयोजित एक कार्यक्रम में संस्था द्वारा गोद लिए गए ग्राम में 85 गर्भवती महिलाओं को खाने की सामग्री और प्रोटीन के डिब्बे बांटे गए। ग्राम पंचायत खैरुल्लापुर स्थित सचिवालय में कुपोषण के खिलाफ एक जंग जच्चा-बच्चा रक्षा विषय पर हुए कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर डॉ. प्रवीण लता नय्यर ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से जरूरतमंद महिलाओं को आवश्यक सामग्री उपलब्ध हो जाती है।

**सिविल जज सीनियर डिवीजन, बरेली।**

मु0नं0-533/2024

श्रीमती असमा परवीन आयु लगभग 60 वर्ष बेबा स्व0 अंसारउद्दीन, निवासी 1093 शाहबाद, बरेली।

........... **वादिनी**

**बनाम**

1. मुकेश सैनी आयु लगभग 37 वर्ष पुत्र श्री नन्हेंलाल, निवासी 58 इज्जतनगर, अब्दुल्लापुर माफी परगना तहसील व जिला बरेली। 2. शुभम आयु लगभग 19 वर्ष पुत्र श्री मनोज कुमार, निवासी 89 शाहदाना बरेली। 3. जागन आयु लगभग 72 वर्ष पुत्र श्री मोहन लाल, निवासी सुर्ख छावनी बरेली हाल निवासी 19 मोहल्ला हंडिया लालकुर्ती मेरठ।

....... **प्रतिवादीगण**

चूंकि मुसम्मो वादिनी ने आपके विरूद्ध बैनाम निरस्त कराने हेतू वाद दायर किया है, लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आज तारीख 09.12.2025 को असालतन या मारफत किसी वकील जो हालात-ए-मुकदमा से वाकिफ हो मय कागजात मुतलका के हाजिर हो वर्ना आपकी गैर मौजूदगी में मुकदमा हाजा का फैसला होगा। आज बातारीख 29.11.2025 को मेरे दस्तखत व मुहर से जारी किया गया था।

**सिविल जज सीनियर डिवीजन, बरेली।**

# उधार दिए पैसे मांगने पर ससुरालियों ने दामाद को पीटा

**पीड़ित ने पुलिस से लगाई गुहार**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** थाना क्षेत्र में एक दामाद को अपने ही उधार पैसे ससुरालियों से मांगना भारी पड़ गया। ससुराल पहुंचे दामाद को पैसे मांगने पर साले और ससुर ने दौड़ा-दौड़ा कर पीटा और अपने घर से भगा दिया। इसके बाद दामाद ने कानूनी सहारा लेते हुए हीमपुर दीपा पुलिस को आप बीती सुनाई और प्रार्थना पत्र सौंपा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद अमरोहा के शाहपुर उर्फ पैगम्बरपुर निवासी रोहताश की ससुराल हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम मुबारकपुर खादर की है। रोहताश ने बताया कि उसने करीब एक साल पूर्व मजबूरी पड़ने पर एक लाख रुपया 60 हजार का लोन व 40 हजार की भैंस बेचकर ससुरालियों को दिया था। जिसे ससुरालियों ने कुछ ही दिन बाद लौटाने का वादा भी किया था। परंतु धीरे धीरे एक साल बीत जाने के बाद भी ससुरालियों ने पैसा देना गवारा नहीं समझा। इतना ही नही आरोप है कि जब दामाद रोहताश ने ससुराल पहुंचकर अपने पैसे मांगे तो साले व ससुर ने दामाद को दौड़ा दौड़ा कर पीटा। जहां से किसी तरह अपनी जान बचाकर भागे दामाद ने कानूनी सहारा लिया और हीमपुर दीपा थाने पहुंचकर पुलिस को आप बीती बताई। पीड़ित ने दबंग ससुरालियों पर कार्रवाई और अपने पैसे दिलवाने की गुहार लगते हुए प्रार्थना पत्र सौंपा है।

# व्यापारी जुटान कार्यक्रम का आयोजन

**समस्त व्यापारी संगठनों ने किया प्रतिभाग**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** वर्तमान समय में व्यापार में स्वदेशी दृष्टि रखना और व्यापारी समाज का संगठित होकर देश पर लगाए गए व्यावसायिक प्रतिबंधों टेरिफ आदि का संगठित होकर मुकाबला करना आवश्यक हो गया है।

व्यापारी संगठन व्यापारियों की लड़ाई मजबूती से लड़ते हैं। संगठनों की आपसी प्रतिस्पर्धा के चलते राष्ट्र हित के विषयों पर भी एक मंच पर आकर संघर्ष नहीं करते उन सभी को स्वदेशी के माध्यम से जोड़ने के लिए देश भर में स्वदेशी जागरण मंच द्वारा व्यापारी जुटान कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इनका शुभारंभ दो माह पूर्व नागपुर में एक बड़ा सम्मेलन कर किया गया है। इसी क्रम में बिजनौर जैन धर्मशाला में एक भव्य व्यापारी जुटान का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त व्यापारी संगठनों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कश्मीरी लाल अखिल भारतीय संगठक स्वदेशी जागरण मंच रहे। उन्होंने अपने सारगर्भित संबोधन में छोटी-छोटी कहानियों से बीबा, ओयो, जोहो कारपोरेशन की सफलता की कहानियां सुना व्यवसायियों में उत्साह भरने का काम किया। उनका मानना था कि हमारे परिवारों के युवाओं ने बड़ा सोचना बंद कर दिया है। अपनी दुकान या फैक्ट्री पर न जाकर नौकरी का प्रयास करते है। जबकि पहले समय में दुकानों पर ही पढ़ाई से बचे समय में खाली होते कारोबार पर जाने से उनकी इंटर्नशिप हो जाती थी और अपने व्यवसाय के साथ-साथ पूर्वजों की भामाशाह परंपरानुसार समाजसेवा स्वयं करने लगते थे। सभी दुकानदारों से उन्होंने अपने प्रतिष्ठान पर यहां स्वदेशी सामान बिकता है का बोर्ड लगाने का भी अनुरोध किया।

स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत सह संयोजक प्रशान्त महर्षि के संचालन में हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कार्यकर्ता चौधरी धीर सिंह ने की और डॉ. राजीव कुमार अखिल भारतीय विचार विभाग प्रमुख, कुलदीप सिंह, व्यापारी सुरक्षा फोरम के जिलाध्यक्ष राजकुमार गोयल, पश्चिम उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के मुकुल अग्रवाल आदि ने संबोधित किया। वरिष्ठ व्यापारी नेता कन्हैयालाल कपूर, बीएस राजपूत (उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल), संजीव अग्रवाल, विकास अग्रवाल, अवनीश अग्रवाल जिलाध्यक्ष, अभिषेक गोयल, अंकुर गौतम, संजीव चौधरी, विदुर ब्रांड से श्रीमती जूली देवी, वासुदेव आदि ने अपने संगठनों के व्यापारियों के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की।

स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक अजय वत्स, सह जिला संयोजक सतीश त्यागी, जिला संपर्क प्रमुख कौशल किशोर शर्मा ने सभी व्यापारी और रीता शर्मा ने बहिनों का स्वागत किया। नगर संयोजक दीपक अरोड़ा, आशीष शंकर, सरदार परमजीत सिंह का सहयोग रहा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# ग्राहक बुलाने को लेकर हुए विवाद में व्यक्ति की मौत

## खूनी संघर्ष में दोनों पक्षों के आधा दर्जन से अधिक लोग घायल, पुलिस मामले की जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** कोतवाली क्षेत्र के बावली मार्ग पर ठाकुरद्वारा के पास एक ग्राहक को लेकर कपड़े की दुकानों के मालिक उस्मान और नवाब पक्ष आपस में भिड़ गए। उनके बीच लाठी-डंडे और सरिये चले। इसमें उस्मान के भाई हारून 50वर्षीय की मौत हो गई, जबकि दोनों पक्षों के चार लोग घायल हो गए। घायलों का सीएचसी में उपचार कराया गया, जहां से उनको मेरठ मेडिकल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने हारून की हार्टअटैक से मौत होने का दावा किया और पूरी स्थिति पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट होने की बात कही है।



मृतक का फाइल फोटो

बावली मार्ग निवासी उस्मान ने बताया कि उनकी दुकान पर मंगलवार शाम को एक ग्राहक लहंगा लेने आया था। उसका बेटा मावी उसे लहंगा दिखा रहा था। आरोप है कि तभी सामने वाली कपड़े की दुकान के मालिक नवाब का भाई इमरान वहां आया और ग्राहक को अपनी दुकान पर अच्छा लहंगा मिलने की बात कहकर अपने साथ ले जाने लगा। मावी ने इसका विरोध किया तो दोनों के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि इमरान ने अपने साथियों को बुलाकर मावी को दुकान से बाहर खींचकर सड़क पर गिराकर पीटना शुरू कर दिया। यह देखकर मावी के परिवार वाले भी आ गए और दोनों पक्षों के लोग लाठी-डंडे व सरिये लेकर आपस में भिड़ गए। उनके बीच काफी देर तक मारपीट होती रही। उस्मान ने आरोप लगाया कि उसका भाई हारून बीच बचाव कराने लगा तो उसके सिर में सरिये से वार कर दिया। सिर में सरिया लगते ही हारून सड़क पर गिर गया और उसकी मौत हो गई। मारपीट में उस्मान, मावी व नाज और दूसरे पक्ष से इमरान घायल हो गए। एडिशनल एसपी प्रवीण सिंह चौहान पुलिस बल के साथ घटनास्थल का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लिया है और इस पूरे मामले में जांच की जा रही है।







## सीएमओ ने अपने जन्मदिन पर किए स्कूली बच्चों को स्वेटर वितरित





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सीएमओ तीरथलाल ने बुधवार को अपने जन्मदिवस पर ग्राम मीतली के प्राथमिक विद्यालय नंबर 2 में स्कूल के बच्चों को सर्दी से बचाव के लिए स्वेटर वितरित किए। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने परिवार, गांव और देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। सीएमओ से स्वेटर पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस मौके पर डिप्टी सीएमओ डा.यशवीर, सीएचसी अधीक्षक डा.विभाष राजपूत, अजीत धामा के अलावा स्कूल के शिक्षक और शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## खेतों में जगली जानवरों से सुरक्षा को लगाई जाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** सरफाबाद के बीच ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वें किनारे जंगली जानवरों से बचाव के लिए लगी जाली चोर काट ले गये जिससे किसानो में आक्रोश बना हुआ है। किसानों ने पुलिस को सूचना दी है। ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वें किनारे जंगली जानवरों से बचाव के लिए रटौल अन्डरपास से लेकर सरफाबाद तक एनएचआई ने लोहे की जाली लगा रखी है जिससे जंगली जानवर एक्सप्रेस वें पर ना चढ़ सके। वही खेतों को भी नुकसान ना पहुंचे लेकिन पिछले कई माह से चोर लगातार लोहे की जालियों को निशाना बना रहे हैं। रात्रि भी रटोल अंडरपास से लेकर लहचौड़ा के बीच तक लगभग 600 मी जाली काट ले गए सुबह जब किसान पहुंचे तो उन्हें जाली कटी हुई मिली जिसके बाद उन्होंने पुलिस को 112 पर कॉल कर सूचना दी किसान आदेश ने बताया चोर पिछले कई माह से जाली काट रहे हैं, पुलिस को सूचना देने के बाद भी आज तक चोर पकड़ से बाहर हैं इसके अलावा एक्सप्रेस पर भी दुर्घटना की संभावना बनी हुई है।



## उधार दिए गए रुपये मांगने पर युवक से की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र के निवाड़ा गांव निवासी को उधार दिए गए रूपए मांगने गए युवक के साथ गाली-गलौच की। विरोध कारने पर उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दी। पीड़ित युवक ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

बुधवार को बडौत निवासी युवक ने कोतवाली बागपत पर तहरीर देते हुए बताया कि उसने काफी समय पहले एक व्यक्तियों को जरूरत पड़ने पर पैसे उधार दिए थे। कई बार मांगने के बावजूद पैसे वापस नहीं मिले। मंगलवार शाम वह पुन: अपने पैसे मांगने आरोपियों के घर पहुंचा, जहां पहले तो आरोपियों ने गाली-गलौज की। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके के साथ लाठी-डंडों से मारपीट करना शुरू कर दी। युवक के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उसे आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया। बताया गया है कि मारपीट के दौरान पीड़ित को काफी चोटें भी आई हैं। इसके बाद पीड़ित ने कोतवाली बागपत पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ के तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।



## एक नजर

## बागपत प्रशासन के संकल्प से बदलती तस्वीर-महंगाई, संकोच और कचरे के संकट का एक ही समाधान: 'निरा'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** निरा की एक और खासियत यह है कि यह केवल पैड वितरण तक सीमित नहीं है। प्रशासन इस पहल को व्यापक जागरूकता अभियान के रूप में चलाएगा। कार्यक्रम में उपयोग की सही विधि, स्वच्छता के मूल नियम और संक्रमण से बचाव पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला. धिकारी के निर्देश पर महिलाओं के लिए सरल भाषा में उपयोग गाइड भी तैयार की गई है, जिसमें यह बताया गया है कि पैड को कैसे धोना, सुखाना और सुरक्षित रखना है। महिलाओं में इस नई पहल को लेकर उत्साह भी दिख रहा है। निरा जमीनी जरूरतों से जुड़ा हुआ समाधान है। जिला प्रशासन की योजना इससे आगे बढ़कर भी है। आने वाले महीनों में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को पैड निर्माण कार्य से जोड़ने पर विचार किया जा रहा है। इससे गांवों में स्थानीय स्तर पर रोजगार बढ़ेगा और महिलाएँ आर्थिक रूप से और सशक्त होंगी। स्कूलों में किशोरियों को विशेष निरा किट भी दी जाएगी, जिसमें पैड्स के साथ स्वच्छता पुस्तिका भी शामिल होंगी। समग्र रूप से देखा जाए तो 'निरा' बागपत में महिलाओं के स्वास्थ्य, जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण को एक साथ जोड़ने वाली पहल है। प्रशासन की कोशिश है कि यह पहल न केवल समस्या को कम करे, बल्कि जिले में एक नई सोच भी स्थापित करे-कि माहवारी जीवन की सामान्य प्रक्रिया है और इसे सुरक्षित, सम्मानजनक और पर्यावरण-अनुकूल तरीके से संभालना परिवार एवं समाज की जिम्मेदारी है। जिलाधिकारी आईएएस अस्मिता लाल के नेतृत्व में बागपत में महिलाओं एवं बेटियों के लिए विशेष कार्यक्रम संचालित कर मिशन शक्ति को नई मजबूती दी जा रही है जिसमें हाल ही में आयोजित हमारी बेटी हमारी कुलदीपक, आंचल ब्रेस्टफीडिंग बूथ जैसी नवाचारी पहल शामिल है जिसमें अब निरा पैड्स मुहिम भी जुड़ गई।

## बागपत भी अपने पारंपरिक स्वाद में तेजी से बढ़ रहा आगे: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद के पारंपरिक उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में बुधवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर बागपत के विशिष्ट उत्पादों को जीआई टैग दिलाने की प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश दिए।

वर्तमान में जनपद के तीन उत्पाद-गुड़, होम फर्निशिंग और रटौल का आम-पहले से जीआई टैग प्राप्त हैं। जिलाधिकारी ने रटौल आम के जीआई टैग रिन्यू आवेदन को भेजे जाने के निर्देश दिए। जनपद के पारंपरिक उत्पादों को राष्ट्रीय पहचान दिलाने की व्यापक रणनीति के तहत बागपत के चावल के लिए हर ब्लॉक में क्लस्टर बनाए जाने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि किसानों को संगठित कर उत्पादन, गुणवत्ता और विपणन में सुधार लाया जा सके। वहीं अब जिला प्रशासन ने बागपत की प्रसिद्ध बाल. ूशाही और निरपुड़ा गांव के विशेष छुआरे के लड्डू को जीआई टैग के लिए प्रस्तावित किया है। बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि दोनों उत्पादों से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेज, गुणवत्ता परीक्षण रिपोर्ट आदि निर्धारित समय में तैयार कर जीआई टैग हेतु भेजी जाए। जीआई टैग किसी भी उत्पाद की विशिष्टता, गुणवत्ता और उसके भौगोलिक क्षेत्र से जुड़े विशेष गुणों की औपचारिक मान्यता होती है। दुनिया भर में भारत के कई उत्पाद अपनी पहचान इसी कारण स्थापित कर पाए हैं। अब बागपत भी अपने पारंपरिक स्वाद और कारीगरी को वैश्विक मंच पर ले जाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। जीआई टैग मिलने से उत्पादों की नकली बिक्री पर रोक लगेगी, असली उत्पाद की बाजार में प्रामाणिकता बढ़ेगी और स्थानीय किसानों व कारीगरों को अधिक आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। इसके साथ ही राष्ट्रीय और विदेशी बाजारों में बागपत की पहचान और मजबूत होगी। यह पहल न सिर्फ उत्पादों की ब्रांडिंग को मजबूत करेगी, बल्कि किसानों, कारीगरों, महिलाओं और युवाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की क्षमता भी रखती है। GI टैग मिलते ही बागपत के इन उत्पादों को देश-विदेश के बाजारों में नई पहचान मिलेगी और जिले की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। बैठक में परियोजना निदेशक राहुल वर्मा, जिला कृषि अधिकारी बाल गोविंद यादव, डीडीएम नाबार्ड सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।



## मार्ग निर्माण के चलते छात्र-छात्राओं का निकलना मुश्किल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** संत मेरी इन्टर कालिज के पास सड़क निर्माण कार्य चल रहा है जिससे जलभराव होने के कारण छात्र-छात्राओं को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। छात्र गंदे पानी में निकलने को मजबूर है।

रटौल में संत मेरी इन्टर कालिज मार्ग जो गांव के मुख्य मार्ग से पूर्वी यमुना नहर को जोड़ता है। उस मार्ग का निर्माण कार्य चल रहा है जिसके लिए पहले मार्ग निर्माण में लगी टायल ईंटों को उखाड़ा गया जिसके चलते मार्ग पर जलभराव की स्थिति बन गयी है। रोजाना मार्ग से हजारों छात्र-छात्राओं का निकलना होता है जिस कारण छात्र गंदे पानी में निकलने को मजबूर है। वही अधिकांश बच्चें स्कूल नही जा पा रहे है जिससे बच्चों की पढाई प्रभावित हो रही है। समाजसेवी लोगो ने उच्च अधिकारियों से जल्द मार्ग निर्माण कराने की मांग की है जिससे बच्चों की पढाई प्रभावित न हो क्योंकि फरवरी माह में बोर्ड की परीक्षा शुरू होने वाली है और शिक्षकों के लिए छात्र-छात्राओं का स्लेबश पूर्ण कराना चुनौती बना हुआ है।



## श्रीअरबिंदो के शिक्षिक योगदान पर विद्वानों ने किया मंच साझा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** "एक दिव्य मिशन के रूप में राष्ट्रवाद: सतत विकाश के संबंध में श्रीअरबिंद के शैक्षिक दर्शन का महत्व" के संबंध में के.एम. विश्व. विद्यालय में व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्रारंभ में, के.एम. विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी ने पुडुचेरी और मथुरा के श्री अरबिंदो सोसाइटी शाखा से आए गणमान्यों का हार्दिक अभिनंदन व स्वागत किया। केएम विवि के चांसलर के सलाहाकार तथा कार्यक्रम के संयोजक डा. एसपी गोस्वामी ने श्री अरबिंद और माताजी का शिक्षा दर्शन समग्र शिक्षा तथा आत्म-खोज, आंतरिक स्वतंत्रता और चेतना के विकास पर जोर दिया। व्याख्यान कार्यशाला के दौरान कुलसचिव डा. पूरन सिंह, मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे ने मुख्य और विशिष्ट अतिथियों का शॉल ओढ़ाकर, स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि डा. किशोर कुमार त्रिपाठी, सदस्य सचिव, अरोभारती, श्री अरबिन्द सोसाइटी ने श्री अरविन्द के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 21वीं सदी भारत की है। राष्ट्र सर्मपण के प्रति हम सभी को भावना रखनी चाहिए, जिससे जीवन में खुशी आये। भारत को जरूरत है राष्ट्र के विकास की, जिसके लिए हमें लीडरों के व्याख्यान पढ़ने चाहिए। उनके व्यक्तित्व को अपनाते हुए शिक्षा प्राप्त कर भारत को विश्वगुरू बनाना है। डॉ किशोर कुमार त्रिपाठी ने एक दिव्य मिशन के रूप में राष्ट्रवाद के संदर्भ में महर्षि अरबिन्द और श्रीमाताजी के चिंतन पर छात्रों के साथ महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की।

## जीआई टैग प्राप्त मिठाइयों की बिक्री अन्य जिलों में कई गुना बढ़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बागपत की बालूशाही लंबे समय से अपने खास स्वाद, कुरकुरेपन और पारंपरिक विधि के लिए मशहूर रही है। त्योहारों और आयोजनों में इसका उपयोग अनिवार्य माना जाता है। जीआई टैग मिलने के बाद इसकी मांग में उल्लेखनीय वृद्धि होने की संभावना है। मिठाई उद्योग को नया विस्तार मिलेगा, स्थानीय दुकानदारों की आमदनी बढ़ेगी और उत्पाद को प्रीमियम श्रेणी में शामिल कर बड़े बाजारों तक पहुंचाया जा सकेगा। अधिकारियों का कहना है कि जीआई टैग प्राप्त मिठाइयों की बिक्री अन्य जिलों में कई गुना बढ़ी है, ऐसे में बागपत की बालूशाही भी नए बाजारों में अपनी जगह बना सकती है। इसी प्रकार निरपुड़ा गांव के छुआरे के लड्डू अपने उच्च पोषण, स्वाद और पारंपरिक निर्माण विधि के लिए जाने जाते हैं। विशेष रूप से तैयार किए जाने वाले ये लड्डू स्वास्थ्य की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माने जाते हैं। यदि इस उत्पाद को जीआई टैग प्राप्त होता है, तो गांव की महिलाओं और स्वयं सहायता समूहों के लिए यह एक बड़ा अवसर बनेगा। ब्रांडेड पैकेजिंग, ई-मार्केटिंग और स्वास्थ्य उत्पाद श्रेणी में प्रमोशन के साथ इसकी बिक्री कई गुना बढ़ सकती है। प्रशासन का मानना है कि यह पहल ग्रामीण स्तर पर छोटे उद्योगों और महिला उद्यमिता को मजबूत करेगी। मौजूदा जीआई टैग वाले उत्पादों की उपलब्धियां भी बागपत की क्षमता का प्रमाण हैं। गुड़, घरेलू साज-सज्जा और रटौल आम को जीआई पहचान मिलने के बाद इनकी मांग और बाजार मूल्य दोनों बढ़े हैं। विशेषकर रटौल आम की विदेशी बाजारों में मांग ने जिले की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाई दी है। किसान बेहतर दाम प्राप्त कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने बैठक में संबंधित विभागों को जीआई आवेदन हेतु आवश्यक तैयारियों को समयबद्ध रूप से पूरा करने के निर्देश दिए। सभी कार्य राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप किए जा रहे हैं, ताकि आवे. दन की गुणवत्ता उच्च स्तर की रहे। अधिकारियों के अनुसार आगे और भी पारंपरिक उत्पादों की पहचान कर GI टैग के लिए प्रस्ताव भेजे जाएंगे, जिससे जिले की सांस्कृतिक, आर्थिक और कृषि विरासत को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी।

## सभी सरकारी अस्पताल व उपस्वास्थ्य केंद्रों पर किया टीकाकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** टीका उत्सव अभियान के अंतर्गत बुधवार को जिले के सभी सरकारी अस्पताल और उपस्वास्थ्य केंद्रों पर विशेष टीकाकरण शिविर लगाकर छूटे बच्चों का टीकाकरण किया गया। अधिकारियों ने टीकाकरण सत्र का निरीक्षण कर कर्मचारियों को टीकाकरण संबंधी दिशा-निर्देश दिए।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. सरुचि शर्मा ने बताया कि शासन के निर्देश पर टीकाकरण से छूटे बच्चों को प्रतिरक्षण करने के लिए टीका उत्सव मनाया जा रहा है। अभियान के तहत बुधवार और शनिवार को विशेष सत्र लगाकर बच्चें का टीकाकरण पूर्ण कराया जा रहा है। बुधवार को जिले के सभी सरकारी अस्पताल और उपस्वास्थ्य केंद्रों पर विशेष सत्र लगाकर बच्चें का टीकाकरण किया गया। उन्होंने बताया कि बुधवार को इब्राहिमपुर माजरा, बुढ़पुर, ककड़ीपुर में टीकाकरण सत्रों का निरीक्षण कर टीकाकरण संबंधी जानकारी ली। कर्मचारियों को आशा और आंगनबाड़ी के सर्वे के दौरान प्राप्त सूचि के आधार पर सभी बच्चों का टीकाकरण पूर्ण करने के निर्देश दिए। सभी केंद्रों पर स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही।



## जीएलए विश्वविद्यालय का 14वां दीक्षांत समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** जीएलए विश्वविद्यालय मथुरा (उ.प्र.) के 14वां दीक्षांत समारोह अत्यन्त गरिमा एवं उल्लास के साथ बुधवार को सम्पन्न हुआ। दीक्षांत समारोह में स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की कुल 21 गोल्ड और 21 सिल्वर मेडलिस्ट के साथ 5548 उपाधियां प्रदान की गईं। इसके अलावा 24 छात्रों को मेरिट सर्टिफिकेट प्रदान किए गए।

समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्यमंत्री वित्त मंत्रालय पंकज चौधरी, कुलाधिपति नारायण दास अग्रवाल के अलावा बतौर विशिष्ट अतिथि अतिथि आईआईटी कानपुर भौतिकी विभाग के पूर्व प्रोफेसर पद्मश्री एचसी वर्मा तथा सिप्ला हेल्थ लि. मुंबई के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ शिवम पुरी एवं जीएलए के कुल. पति प्रो. अनूप कुमार गुप्ता, कुलसचिव अशोक कुमार सिंह ने मां सरस्वती एवं प्रेरणास्त्रोत श्री गणेशीलाल अग्रवाल जी के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत शैक्षिक शोभायात्रा के आगमन से हुई, जिसमें मुख्य अतिथि, कुलाधिपति, कुलपति, कुलसचिव एवं डीन एकेडमिक, मुख्य परीक्षा नियंत्रक डॉ. अतुल बंसल के साथ विश्वविद्यालय की गवर्निंग बॉडी, एग्जीक्यूटिव काउंसिल एवं एकेडमिक काउंसिल के सदस्यों की अगवानी मुख्य सभागार में हुई। तत्पश्चात् कुलाधिपति ने दीक्षांत समारोह के प्रारम्भ की उद्घोषणा की। समारोह में मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्यमंत्री वित्त मंत्रालय पंकज चौधरी ने दीक्षांत संबोधन की शुरुआत सभी उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन, सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को बधाई देते हुए की।

## प्रत्येक तीर्थकर के जीवन में जो पांच कल्याणकारी सातिशय घटनाएं है घटती उन्हें ही कहते है पंचकल्याणक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में जैन समाज के श्रद्धालुओं को संबोधित करते आचार्य सौरभ सागर महाराज ने अतिथि भवन में प्रवचन देते हुए कहा कि प्रत्येक तीर्थंकर के जीवन में जो पांच कल्याणकारी, सातिशय घटनाएं घटती हैं उन्हें ही पंचकल्याणक कहते हैं पंच शब्द का अर्थ कल्याणकारी मंगलमय महोत्सव है। इनके प्रेरणाकारी प्रसंग भव्य जीवो को संसार के पार निमित्त बनते हैं यह कल्याणक जो गर्भ जन्म तप केवल ज्ञान और मोक्ष है वह तीर्थंकरों के ही होते हैं। जो जीव में पूर्व जन्म में विश्व कल्याण की भावना वात्सल्य भाव, संपूर्ण जीवों को सुखी देखना चाहता है। करुणा से परि पूर्ण होता है। सबकी मंगल कामना करता है उसे ही तीर्थंकर पद का पूर्ण बंध होता है जो जगत पूज्य सोसो इंद्र द्वारा वंदनीय तीर्थंकर पद को प्राप्त करता है। तीर्थंकर पद को पाने वाला जीव मां के गर्भ में आने से 6 माह पूर्व से ही जन्म होने तक अर्थात 15 मह तक इंद्र की आज्ञा से धन कुबेर द्वारा प्रतिदिन तीन बार ॠ.क्षकोड़ी रतनो की वर्षा की जाती है, दिक्क कुमारी द्वारा प्रतिदिन तीन बार रतनो की वर्षा, माता की परिचर्या, गर्भ शोधन की क्रिया होती है तीर्थंकर की माता को गर्भ से पूर्व शुभ सोलह स्वप्न दिखाई देते हैं जिनका वह सुबह उठकर अपने पति से उनका ?ल पूछती है पति उनको उनको सपनों का फल बताते हैं। फल का अर्थ जानकर सभी प्रजाजन वह इंद्रगण और देवगन भी गर्व कल्यानक महोत्सव मनाते हैं।

## बागपत की बेटियों ने कहा हमें चाहिए समाधान, जिलाधिकारी ने दिया जवाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** अब न तो बागपत की महिलाओं और बालिकाओं की पहुँच से सुरक्षित पैड दूर रहेगा और न ही माहवारी की परेशानियों पर यह चुप्पी होगी, जिस मुद्दे पर कभी घरों में बात तक नहीं होती थी, वही समस्या जब मिशन शक्ति संवाद के दौरान स्कूलों में पढ़ने वाली बेटियों और गांव की महिलाओं ने सीधे जिलाधिकारी के सामने रखी, तो प्रशासन ने तय किया कि अब इस दर्द को अनदेखा नहीं किया जाएगा। हर माह होने वाली परेशानी, खर्च का बोझ, असुरक्षित साधनों का जोखिम और कचरे का संकट-इन सबका समाधान अब बागपत प्रशासन अपने साथ लेकर आया है। यह समाधान है 'निरा'-कॉटन आधारित, सुरक्षित, पुनरूप्रयोग योग्य सेनेटरी पैड, जो कल से जिले में महिलाओं और किशोरियों तक पहुंचने जा रहा है।

जिलाधिकारी आईएएस अस्मिता लाल के संवेदनशील नेतृत्व में रामा मेडिकल कॉलेज के सीएसआर और यूनिसेफ इंडिया एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी के सहयोग से कल नगर पालिका बड़ौत में रविद. ास मंदिर वार्ड संख्या 01 में दोपहर 12.00 बजे आयोजित विशेष समारोह में निरा पहल शुरू की जाएगी जिसमें महिलाओं को 100प्रतिशत कॉटन से बने री-यूज़ेबल सेनेटरी पैड उपलब्ध कराए जाएंगे जिन्हें दो से तीन साल तक इस्तेमाल किया जा सकता है। बागपत इस मॉडल को लागू करने वाला देश का प्रथम जिला है। इन पैड्स में प्लास्टिक या केमिकल का उपयोग नहीं किया गया है, जिससे संक्रमण का खतरा कम होता है और पर्यावरण पर भी बोझ नहीं पड़ता। यह महिलाओं की गरिमा, स्वास्थ्य और पर्यावरण सुरक्षा से जुड़ा संपूर्ण समाधान है। ये सुरक्षित हैं, प्लास्टिक- रहित हैं, केमिकल-रहित हैं और ग्रामीण परिवारों के लिए आर्थिक रूप से भी बेहद राहत देने वाले हैं। बागपत में महंगे पैड की समस्या जितनी बड़ी है, उससे बड़ा संकट है डिस्पोज़ेबल पैड्स का बढ़ता कचरा। गांवों में नालियों, खेतों, सड़कों और कूड़ा स्थलों पर पड़े इस कचरे से संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। कई जगह इन्हें जलाया भी जाता है, जिससे हवा, पानी और मिट्टी तीनों प्रभावित होती हैं। सफाई कर्मियों के लिए भी यह जोखिम का कारण बनता है। निरा इस समस्या को जड़ से कम करेगा, क्योंकि इसके पैड पर्यावरण-अनुकूल हैं और कचरा लगभग न के बराबर होता है। इसे देखते हुए प्रशासन मानता है कि री-यूज़ेबल पैड ही जिले के लिए सबसे व्यावहारिक विकल्प हैं।

बागपत में कुछ समय पहले हुए महिलाओं संग हक की बात कार्यक्रम और बालिका विद्यालयों में जिलाधिकारी के भ्रमण के दौरान जब कई लड़कियों और महिलाओं ने जिलाधिकारी के सामने माहवारी से जुड़ी अपनी दिक्कतें, खर्च का बोझ और सुरक्षित साधनों की कमी खुलकर बताई, तो जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने वहीं तय कर लिया था कि इसका कोई टिकाऊ समाधान जिले को देना ही होगा। इसी संकल्प का परिणाम है कि कल से जिले में 'निरा' पहल शुरू होने जा रही है, जो महिला स्वास्थ्य और पर्यावरण-दोनों के लिए एक नया विकल्प लेकर आई है।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र सादाब से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

सलीम पुत्र मौहम्मद उमर निवासी ग्राम सिघावली अहीर, तहसील व जनपद बागपत।

# सरकारी अस्पताल की बदहाल व्यवस्था फिर उजागर

## दिनदहाड़े महिला मरीज का मोबाइल टॉर्च की रोशनी में इलाज, वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले के धौलाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसने न केवल स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही को उजागर किया है बल्कि ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत को भी सामने ला दिया है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि अस्पताल में पर्याप्त रोशनी न होने के कारण डॉक्टर को महिला मरीज का उपचार करने के लिए अपने मोबाइल फोन की टॉर्च जलानी पड़ी।

घटना दिन के समय की बताई जा रही है, जब अस्पताल के अंदर बिजली न होने और पर्याप्त लाइट की व्यवस्था न होने पर डॉक्टर को मजबूरन मोबाइल की टॉर्च का सहारा लेना पड़ा। वीडियो में मौजूद लोग भी इस हालत पर अफसोस जताते नजर आ रहे हैं। जैसे ही वीडियो वायरल हुआ, स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ गई। लोगों ने सवाल उठाया कि जब सरकारी अस्पतालों में बुनियादी सुविधाएं तक नहीं हैं, तो ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं कैसे बेहतर होंगी। अस्पताल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर अब गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि धौलाना सीएचसी में लगातार बिजली कटौती, जनरेटर की खराबी, लाइटों का न चलना, उपकरणों की कमी जैसी समस्याएं लंबे समय से बनी हुई हैं। कई बार शिकायतों के बावजूद स्थिति जस



की तस बनी हुई है। लोगों का कहना है कि मरीजों को अंधेरे में ही जांच करवानी पड़ती है। यह घटना उनमें भरी नाराजगी को और बढ़ा गई है। वीडियो सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दे दिए हैं। अधिकारियों ने बताया कि वायरल वीडियो की सत्यता की जांच की जा रही है और यदि लापरवाही पाई गई, तो जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। धौलाना सीएचसी का यह वीडियो एक बार फिर बताता है कि स्वास्थ्य विभाग की जमीनी हकीकत कितनी दयनीय है और सुधार की कितनी आवश्यकता है।

## धौलाना में 4 दिसम्बर को मतदाता सूची का विशेष सत्यापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** धौलाना विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत प्रशासन ने 4 दिसंबर को बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा तैयार एएसडी सूची जारी करने की तैयारी पूरी कर ली है। इस सूची में उन मतदाताओं की जानकारी शामिल की गई है जिनके नाम छूट गए हैं, स्थानांतरित हो चुके हैं या जिनकी मृत्यु हो चुकी है।

एसडीएम मनोज सिंह ने बताया कि बीएलओ ने क्षेत्र में सर्वे कर सभी आवश्यक विवरण संकलित कर लिए हैं। इसके लिए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उन्हें गुरुवार को अपने-अपने बूथों पर पहुंचकर सूची का गहन सत्यापन करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी मतदाता का नाम गलती से हटाया गया है या दस्तावेज़ों में त्रुटि पाई जाती है, तो पुनः जांच के बाद उसका नाम सही तरीके से जोड़ा जाएगा। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि किसी भी मतदाता का नाम राजनीतिक दलों की सहमति और सत्यापन के बिना सूची से नहीं हटाया जाएगा। बैठक में मौजूद बीजेपी नेता सोनू ठाकुर ने आश्वासन दिया कि वे और उनकी टीम समय से बूथों पर पहुंचकर सूची के सत्यापन में सहयोग करेंगे और किसी भी त्रुटि की स्थिति में बीएलओ से समन्वय कर तुरंत सुधार कराएंगे।

# पुलिस की कार सवार लुटेरों से मुठभेड़, तीन लुटेरे गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मंगलवार की देर शाम शहर में उस समय सनसनी फैल गई जब मोदीनगर रोड पर फिल्मी स्टाइल में पुलिस और लुटेरों के बीच मुठभेड़ हो गई। लूट की वारदात को अंजाम देकर फरार हुए कार सवार तीन शातिर बदमाशों को नगर कोतवाली पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान दो बदमाशों के पैर में गोली लगी, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

जानकारी के मुताबिक मंगलवार की देर शाम 112 कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि मोदीनगर रोड के पास तीन युवक एक शख्स को लिफ्ट देकर ले गए और तमंचा दिखाकर उससे 20 हजार रुपये लूट लिए। वारदात को अंजाम देकर



बदमाश उसे सड़क किनारे फेंककर स्विफ्ट कार से फरार हो गए। सूचना पर नगर कोतवाल देवेंद्र सिंह बिष्ट पुलिस टीम के साथ सरावा अड्डे पर नाकाबंदी में जुट गए। नाका देखते ही आरोपियों ने कार को गांव सरावा की तरफ घुमा लिया। पुलिस ने पीछा किया तो कार सवार बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस टीम ने साहस दिखाते हुए जवाबी फायरिंग की और सरावा-जोगीपुरा के जंगल में तीनों को घेरकर दबोच लिया। जवाबी कार्रवाई में दो बदमाशों को गोली लग गई, जबकि तीसरे को दबोच लिया गया। घायल आरोपियों को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बदमाशों के कब्ज़े से लूट के 20 हजार रुपये, दो अवैध तमंचे, कारतूस तथा फर्जी नंबर प्लेट लगी स्विफ्ट कार बरामद हुई है। पुलिस के मुताबिक मुठभेड़ में बदमाश आसिफ उर्फ कल्लू, निवासी दादरी गौतमबुद्ध नगर, आसिफ, निवासी उस्मानगढ़ी, डासना गाजियाबाद घायल हो गए। जबकि उनके एक अन्य साथी फारुख, निवासी मुर्गी फार्म, डासना जनपद गाजियाबाद को मौके से दबोच लिया। सीओ सिटी वरुण मिश्रा के अनुसार तीनों बदमाश शातिर अपराधी हैं और इनके खिलाफ लूट व छिनैती सहित कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस पर फायरिंग और लूट का नया केस दर्ज कर तीनों को जेल भेजा जा रहा है।

# दबंग ससुराल पक्ष की हैवानियत, दो माह के गर्भ की गई जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जिसमें लकड़ी व्यापारी की बेटी के साथ उसके दबंग और रसूखदार ससुराल पक्ष ने बेरहमी से मारपीट की। पीड़िता का आरोप है कि इस क्रूरता के दौरान उसके पेट में पल रहे दो माह के गर्भ की मौत हो गई। साथ ही उसने अपने ससुर पर अश्लील हरकतें करने और गंदी नियत से परेशान करने का भी गंभीर आरोप लगाया है।

पीड़ित परिवार के मुताबिक, ससुराल पक्ष बुलंदशहर जनपद का दबंग दूध कारोबारी परिवार है, जो दबंगई और रसूख के बल पर मामले को दबाने का प्रयास कर रहा है। पीड़िता का कहना है कि पति और अन्य ससुरालीजन आए दिन मानसिक एवं शारीरिक प्रताड़ना देते थे। विवाद बढ़ने पर उसके साथ बर्बरता की गई, जिससे उसका दो माह का गर्भ नष्ट हो गया। घटना के बाद पीड़िता की तबीयत बिगड़ने पर उसे



अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने गर्भपात की पुष्टि की। परिजनों का कहना है कि घटना के बाद से पूरा परिवार सदमे और आक्रोश में है। पीड़ित पिता ने हापुड़ देहात पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। उनका कहना है कि आरोपी पक्ष लगातार समझौते और धमकियों का दबाव बना रहा है, लेकिन वे बेटी के लिए न्याय की लड़ाई जारी रखेंगे। उन्होंने प्रशासन से कठोर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर मिलने की पुष्टि करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। घटनाक्रम की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। पीड़ित पिता ने कहा कि हमारी बेटी के साथ बड़ा अन्याय हुआ है। दोषियों को सख्त सजा मिले। बस यही हमारी मांग है। परिवार का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो वे मजबूरन परिवार समेत आत्महत्या जैसा कदम उठाने पर विवश हो सकते हैं।

## पुलिस ने मुठभेड़ में तीन गौतस्कर दबोचे, गौकशी के उपकरण बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गौकशी की फिराक में घूम रहे एक बाल अपचारी सहित तीन गौतस्करों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस, बाइक, मोबाइल फोन व गौकशी में इस्तेमाल होने वाले उपकरण बरामद किए गए हैं।

थाना प्रभारी श्योपाल सिंह ने बताया कि पुलिस टीम परतापुर रोड पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान संदिग्ध अवस्था में आए तीन युवकों को रोकने पर उन्होंने भागने की कोशिश की, जिस पर पुलिस ने घेराबंदी कर मुठभेड़ के दौरान उन्हें पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दानिश पुत्र कलुवा निवासी ग्राम उल्चन थाना खरखौदा, जनपद मेरठ वर्तमान पता



मोहल्ला सद्दीकपुरा, पिलखुवा रिहान उर्फ रियान पुत्र फरमान निवासी मोहल्ला तारापुरी थाना लिसाड़ी गेट, मेरठ वर्तमान पता-मदरसा के पास, पिपलेड़ा रोड, मसूरी, गाजियाबाद तथा एक बाल अपचारी के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से एक अवैध तमंचा मय जिंदा व खोखा कारतूस, स्प्लेंडर मोटरसाइकिल, तीन मोबाइल फोन तथा गौकशी के उपकरण इंजेक्शन, सिरिंज, दो चाकू, एक गंडासा और रस्सी बरामद की है। पुलिस के अनुसार आरोपी आवारा प्रतिबंधित पशुओं को बेहोशी का इंजेक्शन लगाकर सुनसान स्थान पर ले जाते थे और वहां गौकशी की वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## 10 फीट गहरे गड्डों ने बढ़ाया खतरा, बाइक सवार गिरकर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर क्षेत्र के मोहल्ला शिवगढ़ी वार्ड-12 ईदगाह रोड पर शम्शान घाट के गेट निर्माण कार्य के लिए खुदवाए गए गहरे गड्डे स्थानीय लोगों के लिए खतरा बन गए हैं। नगर पालिका और क्षेत्रीय सभासद की लापरवाही के चलते ये खुले गड्डे आए दिन हादसों का कारण बन रहे हैं।

बुधवार को एक बड़ा हादसा उस समय हो गया जब लगभग 8 से 10 फीट गहरे गड्डे में एक युवक अपनी बाइक समेत जा गिरा। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद युवक को बाहर निकाला। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें



गड्डे की गहराई और खतरे का स्तर साफ दिखाई दे रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पालिका का अधिकारी और वार्ड के सभासद संजय की लापरवाही के कारण यहां से निकलना बेहद मुश्किल हो गया है। निवासियों ने बताया कि शमशान घाट के गेट निर्माण का काम काफी समय से अधर में लटका हुआ है, जिससे राहगीरों को लगातार परेशानी झेलनी पड़ रही है। नाराज़ लोगों ने नगर पालिका से जल्द से जल्द गड्डों को बंद करवाने तथा सुरक्षित आवागमन की व्यवस्था करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो किसी बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि समस्या का समाधान जल्द नहीं किया गया तो वे विरोध प्रदर्शन करने को भी मजबूर होंगे।

## एक नजर

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** शिवाजी नगर रेलवे लाइन पर बुधवार सुबह एक व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान मोहल्ला गढ़ी निवासी सुनील (45) के रूप में हुई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुनील सुबह ट्रैक पार कर रहा था, तभी अचानक तेज गति से गुजरती ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है। कोतवाली प्रभारी श्योपाल सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में हादसा ट्रैक पार करते समय लापरवाही के कारण होना सामने आया है। पुलिस घायल की स्थिति सुधरने के बाद उसका बयान दर्ज करेगी।

### सड़क हादसे में हुए दो लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** दिल्ली के सीलमपुर निवासी कादिर अली बुधवार की सुबह को बाइक से सवार होकर अपने साथी दिलनवाज के साथ अमरोहा किसी कार्य से जा रहे थे। जैसे ही वह सिंभावली के गांव बक्सर के निकट पहुंचे तो पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर कार दी। टक्कर लगने से दोनों लोग घायल हो गए। घायलों को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है।

### रजवाहा टूटने से पफसले हुई जलमग्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के गांव न्याजपुर खय्या के जंगल में बुधवार की सुबह रजवाहे की पटरी टूट गई। इस कारण उनके खेतों में खड़ी गन्ने समेत आलू और मटर के साथ आसपास के कई किसानों की सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न हो गई।

बिजेंद्र सिंह ने बताया कि पिछले दिनों की गांव के जंगल से होकर गुजर रहे रजवाहे की सफाई और खोदाई का काम कराया गया है। काम पूरा होने के बाद दो दिन पहले ही पानी छोड़ा गया है, जिसके बाद बुधवार की सुबह को रजवाहे की पटरी टूट गई और उनके अलावा अन्य किसानों की गन्ना, आलू, मटर, सरसों आदि की फसल जलमग्न हो गई। किसानों ने रजवाहे की पटरी की मरम्मत और खराब हुई फसल का मुआवजा दिलाने की मांग की है। एसडीएम श्रीराम सिंह का कहना है कि सिंचाई विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर रजवाहे की पटरी की मरम्मत कराई जाएगी।

### सर्दियों के मौसम में ठंड से बचने के लिए करें घरेलू उपाय

**रोबिन शर्मा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सर्दीयां आ चुकी हैं। सुबह व शाम को ठंड पड़ने लगी है। इसलिए अब गर्म कपड़े भी अपने कवर्ड से बाहर आ चुके हैं। सर्दी से बचने के लिए जरुरी है। कि अपनी जीवनशैली में परिवर्तन करें और खान पान में बदलाव। क्योंकि सर्दी के मौसम में ठंडे पदार्थ नुकसान पहुंचाएंगे इसलिए ऐसे खाने का सेवन करना चाहिए, जो आपके शरीर को सर्दी से बचाने के लिए रोग प्रतिरोधक क्षमता तैयार करे। शरीर को गर्म रखने के लिए गर्माहट देने वाले भोजन में अदरक, लहसुन, काली मिर्च, अंडे, दूध व घी को शामिल करना चाहिए। सर्दियों के मौसम में ठंड की वजह से लोगों की मौत तक हो जाती है। हृदय घात की परेशानी बढ़ जाती है। ऐसे लोगों को सर्दी के मौसम में विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है। शरीर की जरूरतें सर्दियों में अलग-अलग होती है, ठंड का असर शारीरिक गतिविधियों पर भी होता है, जैसे ही सर्दी के मौसम में ठंड बढ़ती है भूख भी ज्यादा लगने लगती है, कई बार लापरवाही की वजह से ठंड लग जाती है। इसलिए ठंड से बचने के लिए क्या उपाय करें यह जानना जरुरी है। एमबीबीएस डॉक्टर मोहब्बत अली का कहना है। कि सुबह जब जागे तो बिस्तर कमरे से बाहर अचानक से न निकलें। पहले अपने शरीर के तापमान को इस तरह से तैयार करें कि जो आपको बाहर निकलने में परेशानी न दे। इसलिए गर्म कपड़े पहनें और हल्की कसरत करें। शरीर को ज्यादा ऊर्जा की जरूरत पड़ती है। ऐसे में शरीर को ज्यादा भोजन की जरूरत भी महसूस होती है। तो सर्दियों में ठंड से बचने का सबसे सरल तरीका है कि आपको जमकर खाना है। सुबह उठने के बाद नाश्ता आधे घंटे के बाद जरूर करें। नाश्ते में दोपहर के भोजन व रात के भोजन में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, फैट और फाइबर फूड जरूर शामिल करें। कितनी भी ठंड को आपको वॉकिंग जरूर करनी चाहिए। शरीर को गर्माहट देने के साथ पैदल चलने का सबसे बड़ा फायदा रक्त संचार को मिलता है। नियमित तौर पर पैदल चलने से ब्लड सर्कुलेशन अर्थात रक्त संचार बेहतर होता है। ठंड से बचने का यह सबसे अच्छा तरीका है। अगर आप बाहर नहीं जा सकते हैं तो घर के अंदर ही 40 मिनट तक पैदल चल सकते हैं।

## पुलिस ने दो शातिर बदमाश दबोचे दो तमंचे व जिंदा कारतूस बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑपरेशन शस्त्र अभियान के तहत हाफिजपुर थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो कुख्यात व शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो अवैध तमंचे और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि अपराध की रोकथाम तथा आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु अभियान के दौरान पुलिस टीम क्षेत्र में सघन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक आरोपी को बृजनाथपुर शुगर मिल की ओर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया, जबकि दूसरे बदमाश को उबारपुर रेलवे अंडरपास के पास से दबोचा गया। पुलिस के अनुसार पकड़े गए दोनों आरोपी शातिर किस्म के अपराधी हैं और इनके खिलाफ एक दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान तंजीम उर्फ टिल्लन पुत्र ताहिर, निवासी ग्राम मोड़ीखुर्द, थाना हाफिजपुर, जनपद हापुड़ और तंजीम पुत्र हारुन, निवासी ग्राम मजीदपुर, गली नंबर 5, थाना हापुड़ नगर, जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। दोनों के कब्जे से दो अवैध तमंचे व दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए दोनों को जेल भेज दिया है।

# कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों की बैठक सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधान सभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार, हापुड़ में जनपद के सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्षों और प्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में 58-धौलाना, 59-हापुड़ एवं 60 गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा क्षेत्रों के सभी मतदान स्थलों की 2 दिसंबर 2025 तक की मतदान स्थलवार जानकारी की एक-एक प्रति भी सभी दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई गई। बैठक में अधिकारियों ने स्पष्ट



किया कि भारत निर्वाचन आयोग का मुख्य लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि समस्त अर्ह नागरिकों के नाम निर्वाचक नामावली में पंजीकृत हों। पंजीकृत मतदाताओं के नाम, पता, आयु एवं अन्य विवरणों में त्रुटियाँ दूर की जाएं। कोई भी अनर्ह मतदाता नामावली में न रहे। इस महत्वपूर्ण कार्य में राजनीतिक दलों की सक्रिय सहभागिता आवश्यक बताई गई। आयोग द्वारा बूथ लेवल एजेंट की व्यवस्था इसलिए की गई है ताकि वे बीएलओ के साथ मिलकर त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें और जनता को सहयोग दे सकें। अधिकारियों ने कहा कि विशेष पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने के लिए सभी राजनीतिक दलों को अपने-अपने बूथ लेवल एजेंट शीघ्र नियुक्त करने चाहिए, जिससे निर्वाचक नामावली को सटीक व त्रुटिरहित बनाया जा सके। बैठक के अंत में सभी उपस्थित पदाधिकारियों को धन्यवाद देते हुए शेष राजनीतिक दलों से भी आग्रह किया गया कि वे बीएलए की नियुक्ति कर अपने मूल्यवान सुझाव एवं सहयोग प्रदान करें।

## मजदूरी की मांग तेज, महिलाओं ने सिलाई कार्य का किया बहिष्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** नगर के मोहल्ला गढ़ी कनखली में गद्दा सिलाई का काम करने वाली महिलाओं ने बुधवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। महिलाएं लंबे समय से चार रुपये प्रति गद्दा मजदूरी पा रही थीं, जबकि अब उनकी मांग पाँच रुपये प्रति गद्दा तय करने की है। जानकारी के अनुसार मोहल्ले की 100 से अधिक महिलाएं विभिन्न ठेकेदारों के अधीन गद्दा सिलाई का कार्य करती हैं। महिलाओं का कहना है कि करीब दो दशक से उनकी मजदूरी में कोई वृद्धि नहीं हुई है, जिससे घर का खर्च उठाना मुश्किल हो गया है। हड़ताल में ऊषा, ललिता, बबीता, सुमित्रा, काजल, आरती, हेमा, सत्तो, दीपिका, कविता और प्रीति सहित कई महिलाएं शामिल हैं। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी है कि जब तक



मजदूरी पांच रुपये प्रति गद्दा नहीं की जाती, सिलाई कार्य का बहिष्कार जारी रहेगा। हड़ताल का असर मोहल्ले समेत आसपास के क्षेत्रों में गद्दा सिलाई कार्य पर साफ दिख रहा है। स्थानीय लोग भी महिलाओं के समर्थन में खड़े हैं और ठेकेदारों पर दबाव बना रहे हैं कि उनकी उचित मांगों को पूरा किया जाए। महिलाओं का कहना है कि यदि मजदूरी में जल्द बढ़ोतरी नहीं हुई तो हड़ताल लंबी चलेगी और कामकाज पूरी तरह ठप हो जाएगा।

## 14 दिव्यांगजनों को मुफ्त सहायक उपकरण किए वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर, हापुड़ में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की ओर से भव्य सहायक उपकरण वितरण शिविर आयोजित किया गया। इस विशेष आयोजन में जिले के 14 दिव्यांगजनों को उनकी जरूरतों के अनुसार सहायक उपकरण प्रदान किए गए, जिससे उनका जीवन अधिक सुगम और आत्मनिर्भर बन सके।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर विधायक विजय पाल आढ़ती ने दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर और स्मार्ट केन वितरित किए। विधायक ने कहा कि सरकार का उद्देश्य दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना और उन्हें सम्मानजनक जीवन प्रदान करना है। उन्होंने विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की सराहना की।



कार्यक्रम में विभाग द्वारा 7 ट्राईसाइकिल उन दिव्यांगजनों को जो चलने में असमर्थ हैं दी गई। 4 व्हीलचेयर गंभीर शारीरिक अक्षमता से पीड़ित व्यक्तियों को प्रदान की गई। 3 स्मार्ट केन दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए नवीन तकनीक आधारित चलन सहायक है वितरित की गई। शिविर में जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के दौरान उपकरण प्राप्त करने वाले दिव्यांगजनों और उनके परिजनों ने सरकार और जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग ने बताया कि आने वाले महीनों में और भी लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें योजना का लाभ पहुंचाया जाएगा, ताकि जिले में कोई भी योग्य व्यक्ति सहायक उपकरणों से वंचित न रहे।

# युवक ने नहर में कूदकर की आत्महत्या

## घरेलू विवाद के चलते उठाया कदम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** घरेलू विवाद के चलते युवक ने नहर में कूदकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को बाहर निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने युवक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को नगर के मौहल्ला हीरानगर निवासी सूरज शर्मा पुत्र रघुनंदन प्रसाद उम्र करीब 35 वर्ष का अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जिसके कुछ देर बाद सूरज थाना क्षेत्र की डिंगरा नहर में कूद गया सूचना पाकर पुलिस व युवक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने राहगीरों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद युवक को नहर से बाहर निकाला और नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती



कराया जहां चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से उसके परिजनों मे कोहराम मच गया बताते चले कि युवक के दो बेटे और एक बेटी है तीनों बच्चों का रो रोकर बुरा हाल था बच्चों रोता देख हर किसी की आंख नम थी। वहीं पुलिस ने युवक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने बताया कि युवक की नहर में डूबने से मौत हुई है जिसके शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है पोस्टमार्टम के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# चित्रकला प्रतियोगिता में अरसला व धर्मेन्द्र ने मारी बाजी

## दिव्यांगजन दिवस पर मिनी स्टेडियम में खेल प्रतियोगिताएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण दिवस पर आयोजित खेल प्रतियोगिता के सौ व पचास मीटर दौड़ में प्रशांत व चित्रकला प्रतियोगिता में अरसला व धर्मेन्द्र कुमार ने बाजी मारी।

बुधवार को मिनी स्टेडियम में जनपद स्तरीय समेकित खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन समग्र शिक्षा माध्यमिक योजनान्तर्गत किया गया, जिसमें जनपदभर से पहुंचे दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा से सभी को प्रभावित किया। इस दौरान दौड़ प्रतियोगिता में 100 मीटर बालक वर्ग में प्रशांत सैनी, बालिका वर्क में निकिता, 50 मीटर बालक वर्ग में प्रशांत सैनी व बालिका में सोनम, रस्सा-कस्सी बालक में मोहम्मद फैजान व कुर्सी दौड़ ओसामा अकरम, बालिका वर्ग में हलीमा, गोला फेंक आदर्श व बालिका वर्ग में कु. एलिसा प्रथम स्थान पर रहीं। चित्रकला बालिका में कु. अरसला व बालक वर्ग में धर्मेंद्र



कुमार, गायन बालक में आदिल तथा बालिका में खुशबू , वादन बालिका में खुशबू व सना खातून, छूकर पहचानना बालक में शुभम व बालिका मेंसहरीन, निबंध लेखन में मनीष कुमार प्रथम स्थान पर रहे। कार्यक्रम में दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। अंत में अधिकारियों ने विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इससे पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन किसी भी मायने में कमजोर नहीं, बल्कि असीम संभावनाओं के धनी हैं। ऐसे आयोजन उनकी प्रतिभा को निखारने के साथ आत्मविश्वास भी बढ़ाते हैं। डीआईओएस डॉ. प्रवेश कुमार ने कहा कि समाज को दिव्यांग बच्चों को सहानुभूति नहीं, बल्कि स्वावलंबन की दिशा में प्रेरित करना चाहिए। वहीं बीएसए डॉ. मोनिका सिंह ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को मुख्यधारा से जोड़कर मोरल सपोर्ट देना ही वास्तविक सशक्तिकरण है।

# युवती चार लाख लेकर प्रेमी के साथ फरार

## गांव के ही युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** घर से चार लाख की नकदी व जेवर लेकर प्रेमिका अपने प्रेमी के साथ फरार हो गयी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है। यहां रहने वाले किसान की बेटी का प्रेम-प्रसंग गांव के ही युवक सोहिल के साथ में काफी समय से चल रहा था। इसकी जानकारी परिजनों को हुई तो उन्होंने युवती के घर से निकलने पर पाबंदी लगा दी लेकिन इसके बावजूद दोनों एक दूसरे के संपर्क में रहे। बताया जा रहा है कि सोमवार को परिजन किसी काम से बाहर गए हुए थे। युवती घर में अकेली थी। मौका पाकर युवती ने घर में रखी दो लाख रुपये की नकदी के अलावा करीब चार लाख रुपये के जेवरात ले लिए और घर से निकल गई। शाम को परिजन घर वापस लौटे तो उन्हें बेटी गायब मिली। उसे काफी तलाश किया, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। शक होने पर परिजनों ने सोहिल की तलाश की तो वह भी घर से गायब मिला। परिजनों का आरोप है कि सोहिल के बहकावे में ही उनकी बेटी घर से नकदी व जेवरात लेकर गई है। प्रभारी निरीक्षक हरीशवर्धन सिंह ने बताया कि मामले में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। दोनों को तलाश किया जा रहा है, युवती को जल्दी बरामद कर लिया जाएगा।

# अपहरण व दुष्कर्म में बीस साल की सजा

## कोर्ट ने 40 हजार का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म के मामले में कोर्ट ने दोषी को बीस साल जेल की सजा सुनाई। जबकि 40 हजार रूपये का अर्थदण्ड लगाया है। साक्ष्य के आभाव में भाई व दोस्त को न्यायालय ने बरी कर दिया।

24 अप्रैल 2023 की घटना बछरायूं थाना क्षेत्र के एक गांव की थी। यहां पर एक किसान का परिवार रहता है। रात में करीब नौ बजे किसान की 17 वर्षीय बेटी घर के बराबर में पशुशाला में बंधे मवेशियों को पानी पिलाने गई थी। लेकिन, इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटी। परिजनों ने उसे काफी तलाश किया लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चला। तलाश के बीच पता चला कि गांव में रहने वाला युवक पप्पू किसान की बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। मामले में किसान ने पप्पू के खिलाफ बेटी का अपहरण करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। बाद में पुलिस ने पप्पू को गिरफ्तार कर किशोरी को बरामद कर लिया था। किशोरी के बयानों के आधार पर पप्पू के खिलाफ दर्ज मुकदमे में दुष्कर्म की धारा की बढ़ोत्तरी की थी। पुलिस ने पप्पू, उसके भाई परम सिंह और दोस्त योगेंद्र को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया था। फिलहाल, तीनों जमानत पर थे। केस की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट प्रथम की कोर्ट में विचाराधीन थी। बुधवार को कोर्ट में मुकदमे की अंतिम सुनवाई हुई। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने पप्पू को अपहरण व दुष्कर्म में दोषी करार दिया। उसे 20 साल जेल की सजा सुनाई तथा 40 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया। वहीं, साक्ष्यों के आभाव में भाई परम सिंह और दोस्त योगेंद्र को दोषमुक्त कर दिया।



गजरौला। बीडीसी की बैठक को संबोधित करतीं ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी।

# बीडीसी की बैठक में विकास कार्यों के प्रस्ताव पारित

**शाह टाइम्स, संवाददाता**

**गजरौला।** ब्लॉक कार्यालय में क्षेत्र पंचायत की बैठक आयोजित की गई। ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में प्रधानों, बीडीसी सदस्यों व अधिकारियों की उपस्थिति में दो करोड़ रुपये के विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा हुई।

बुधवार को आयोजित बैठक में गत बैठक की पुष्टि के बाद एसआरआर के सम्बंध में विचार विमर्श किया गया। इसी के साथ ही मनरेगा की 2025-2026 की कार्ययोजना पर चर्चा हुई। पंचम राज्य वित्त एवं 15वें केन्द्रीय वित्त योजना पर विचार करते हुए एक करोड़ रूपये के कार्यों की स्वीकृति

### एक करोड़ के कार्यों को मिली सहमति

के लिए सहमति प्रदान की गई। इसी के साथ ही राष्ट्रीय ग्रामीण आजी. विका मिशन, बाबा साहब आंबेडकर प्रोत्साहन योजना, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना, स्वच्छता अभियान, कृषि, सहकारिता, लघु सिंचाई, पेयजल आदि योजनाअ ों पर विस्तार से चर्चा की गई। बीडीसी सदस्यों एवं ग्राम प्रधानों ने भी अपने अपने क्षेत्र के प्रस्ताव दिए। ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी ने कहा कि ब्लॉक क्षेत्र में विकास कार्यों से कोई भी गांव अछूता नहीं है। प्राथमिकता के आधार पर प्रत्येक गांव में विकास कार्य कराए गए हैं। बैठक को ब्लॉक प्रमुख पति एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष चौ.विरेन्द्र सिंह व खंड विकास अधिकारी प्रतिभा अग्रवाल ने भी संबोधित किया। इस मौके पर एडीओ पंचायत सतेन्द्र सिंह, एडीओ आईएसबी संजीव कुमार तुरैहा, वरिष्ठ लिपिक विजेन्द्र सिंह, बीडीसी सदस्य आयुष चौधरी, महेश सिंह, हैप्पी सिंह, पंकज चौधरी, शीशपाल सिंह, आबिद अली, हाजी रईस, करन सैनी, शशि देवी आदि मौजूद रहे। बैठक में एसआईआर के कार्य को समय से पूरा कराने के लिए ग्राम प्रधान एवं बीडीसी सदस्यों से सहयोग मांगा गया तो वहीं विद्युत विभाग का कोई अधिकारी उपस्थित नहीं होने पर नोटिस जारी किया गया।

# सिंचाई को लेकर किसान से मारपीट

## तीन भाईयों पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के ग्राम मझरा पतेई खालसा में खेत की सिंचाई को लेकर हुए विवाद में पीड़ित विक्की सिंह की तहरीर के आधार पर तीन लोगों के विरुद्ध मारपीट व धमकी देने की प्राथमिकी दर्ज हुई है। पीड़ित के अनुसार वह कई वर्षों से अपने खेत की सिंचाई सरदार त्रिमल सिंह के नलकूप से करता आ रहा है। बीते रविवार को जब वह अपने आलू के खेत में पानी दे रहा थाद्य तभी गांव के ही निहाल सिंह, राष्ट्रीय सिंह और भाग्या सिंह पुत्रगण सरदार त्रिमल सिंह वहां पहुंच गए। तीनों ने नलकूप का पानी देने का विरोध करते हुए उससे गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने विक्की और उसके भाई अजय के साथ मारपीट की। आरोप है कि हमलावरों ने फावड़े से हमला कर अजय के सिर में गंभीर चोट भी पहुंचाई और दोनों भाइयों को जान से मारने की धमकी दी।

# ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में उतरे पंचायत सचिव

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में ग्राम

### ब्लॉक कार्यालय में किया प्रदर्शन

पंचायत सचिवों ने ब्लॉक कार्यालय पर एकत्र होकर प्रदर्शन किया और शासन से इस निर्णय को वापस लेने की मांग की।

ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति के तत्वाधान में ऑनलाइन उपस्थिति एवं सचिवों से लिए जा रहे गैर विभागीय कार्यों के विरोध



में सचिवों ने बुधवार को तीसरे दिन ब्लॉक कार्यालय पर एकत्र होकर प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा कि लगातार बढ़ रही जिम्मेदारियों से पंचायत स्तर पर मूल विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था, बढ़ते पोर्टल कार्यों और गैर विभागीय जिम्मेदारियों से सचिवों पर मानसिक और कार्यगत दबाब भी बढ़ रहा है। इसलिए शासन को संज्ञान लेते हुए सचिवों की समस्याओं का तत्काल निराकरण करना चाहिए, ताकि सचिवों को राहत मिले। वक्ताओं ने कहा कि जब तक मांगे पूरी नहीं होंगी तब तक निर्धारित कार्यक्रमानुसार आंदोलन चलता रहेगा। इस मौके पर राजकुमार, शिवम, राजपाल सिंह, राहुल राणा, फौजिन्द्र सिंह, पृथ्वी सिंह, जाहिद खां, उपेन्द्र सिंह, मुस्तकीम अहमद, पल्लवी, अर्चना सैनी, मंजला आदि सचिव मौजूद रहे।

## एक नजर

### डायल-112 को सात नई गाड़ियां मिलीं

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** जनपद पुलिस को डायल 112 की सात नई गाड़ियां मिलीं हैं। जीपीएस से लैस स्कॉर्पियो को एसपी अमित कुमार आनंद ने बुधवार को पुलिस ऑफिस से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एसपी ने नई गाड़ियों पर नियुक्त पुलिसकर्मियों को ब्रीफिंग कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नई गाड़ियों पर रूफटॉप पीजीटी कैमरा, बॉडी वार्न कैमरे आदि अत्याधुनिक संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। एसपी ने कहा कि किसी भी घटना की सूचना पर तुरंत घटनास्थल पर गाड़ियां पहुंचेंगी। डायल 112 सेवा ने प्रदेश भर में अपनी उत्कृष्ट सेवाओं का प्रदर्शन करते हुए लगातार श्रेष्ठ स्थान अर्जित किया है। जिसके परिणाम स्वरूप जनपद के नागरिकों को उच्चतम गुणवत्ता की सुविधा प्राप्त हो रही है। इस दौरान एएसपी अखिलेश भदौरिया, सीओ 112 शक्ति सिंह, प्रभारी डायल 112 आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### युवक को पीटकर घायल किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** उधार के पैसे के लेनदेन को लेकर युवक को बेरहमी से पीटकर घायल कर दिया। दो हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। घटना नौगावां सादात थाना क्षेत्र के नया गांव में 30 नवंबर की सुबह दस बजे की है। क्षेत्र के गांव चकरासी का रहने वाला सतवीर बीमार बकरी की दवा लेकर साइकिल से घर लौट रहा था। नया गांव से गुजरते समय रास्ते में बिजनौर जिले के चांदपुर थाना क्षेत्र के गांव गोईली के रहने वाले अमन व रोहताश ने घेर लिया। सतवीर का इन दोनों से उधार के पैसों को लेकर कुछ विवाद चल रहा है। आरोप है कि संभलने के मौके दिए बिना दोनों ने सतवीर पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। सड़क पर दौड़ाते हुए उसकी बेरहमी से पिटाई की, हमले में वह गंभीर घायल हो गया। मदद मांगे जाने पर राहगीर रुक गए, जिन्होंने सतवीर को आरोपियों से बचाया। वहीं, आरोपी जल्द पैसे नहीं देने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। घायल सतवीर को परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां दो दिन तक उसका उपचार चला। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने मामले में आरोपी अमन व रो. हताश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

### बारात से लौटते समय पिता-पुत्र समेत चार को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** बारात में हुई कहासुनी के बाद एक युवक ने कुछ साथियों के साथ मिलकर पिता-पुत्र समेत चार लोगों के साथ मारपीट करके घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव खानपुर निवासी अर्जुन का 01 दिसंबर को बारात में कांठ गया था। इस दौरान गांव निवासी विपिन से कहासुनी हो गई थी। उस समय तो मामला किसी तरह शांत हो गया, लेकिन बारात से लौटते समय निर्मल गार्डन के पास विपिन ने सोनु, बादल व सोशिल के साथ मिलकर अर्जुन और उसके पिता सतवीर के साथ साथ केशर व रायसिंह के साथ मारपीट करते हुए घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# सड़क हादसे में तहेरे चचेरे दो भाईयों की मौत

**शाह टाइम्स, संवाददाता**

**गजरौला।** गुरूग्राम में रहकर बाइक राइडिंग की जॉब करने वाले तहेरे चचेरे दो भाईयों की

### हाइवे पर देर शाम अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी

मौत हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार इनकी बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पहले सीएचसी और यहां से मोर्चरी के लिए भेज दिया। युवकों के परिजनों को भी दुर्घटना के बारे में बता दिया गया है।

जानकारी के अनुसार जनपद लखीमपुर खीरी के थाना धीरा के



गांव सोना खुर्द निवासी दीपक पुत्र राम निवास व नितिन पुत्र मंगेश आपस में तहेरे चचेरे भाई थे। दोनों गुरूग्राम में रहकर बाइक राइडर का काम करते थे। बुधवार को दोनों बाइक पर सवार होकर अपने गांव जा रहे थे। जब दोनों भाई हाइवे पर पुराने आईसीआईसीआई बैंक भवन के सामने पहुंचे तभी पीछे से आया एक अज्ञात वाहन दोनों को टक्कर मारकर फरार हो गया। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और शवों को कब्जे में लेकर एंबुलैंस में रखवाया। इनकी जेब से मिले आधार कार्ड के द्वारा इनकी पहचान हुई। पुलिस ने फोन के द्वारा घटना की जानकारी परिजनों को दी और दोनों शवों को मौके से ही मोर्चरी हाउस के लिए भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक पुलिस हादसा करने वाले वाहन का पता लगाने में जुटी थी।

# पांच लाख न मिलने पर दी तलाक की धमकी

## पति समेत चार के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दहेज में पांच लाख न मिलने पर पति ने सऊदी अरब से वीडियो कॉल पर पत्नी को तीन तलाक देने की धमकी दी। जबकि ससुरालियों द्वारा उसका उत्पीड़न किया गया। पीड़िता के तहरीर पर चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

नौगावां सादात के मोहल्ला गूला तालाब निवासी विकार हैदर ने अपनी बेटी नशीता परवीन की शादी करीब पांच साल पहले मोहल्ला शाहफरीद के रहने वाले नदीम अब्बास उर्फ जावेद के साथ की थी। नदीम अब्बास सऊदी अरब में नौकरी करता है। नशीता का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वालों ने उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। उस पर मायके से पांच लाख रुपये दिलाने का दबाव बनाया जाता था। पति हर वक्त तीन तलाक देने की धमकी देता है। सऊदी अरब से व्हाट्सऐप और वीडियो कॉल करके पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़िता ने शिकायत थाने में की थी। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने मामले में नदीम अब्बास उर्फ जावेद, निहाल फातिमा, परवेज अब्बास, महक फातिमा के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

### गौकशी में वांछित को पकड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** डिडौली थाना पुलिस ने गोकुशी के मुकदमे में वांछित चल रहे वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। ढकिया चमन गांव निवासी अजीम पुत्र मासूम के विरुद्ध 15 सितंबर 2020 को डिडौली कोतवाली में गोकुशी का मुकदमा दर्ज हुआ था। लंबे समय से फरार चल रहे अजीम की तलाश में पुलिस सक्रिय थी।बुधवार को एसआई राकेश कुमार ने सिपाही विशाल और मानवेन्द्र सिंह के साथ दबिश देकर आरोपी अजीम को गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक कार्रवाई पूरी करने के बाद पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है। अपराध नियंत्रण इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने बताया कि कानून व्यवस्था के तहत वांछित और वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### खनन लदे दो डम्पर सीज

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** डिडौली कोतवाली क्षेत्र में हाइवे पर दौड़ रहे अवैध खनन सामग्री भरे दो डम्फर वाहनो को सीज किया गया खनन अधिकारी केवी सिंह ने कल मंगलवार को देर शाम में हाइवे पर दौड़ रहे अवैध खनन भरे दो डंफरो को सीज करने की कार्यवाही करते हुए दोनों डंफरो को डिडौली कोतवाली लाकर सीज किया गया लगातार हो रही खनन माफियाओं के खिलाफ इस कार्यवाही से हड़कम्प मचा हुआ है।

# कालेज में हुए गबन की जांच की जाए

## भाकियू इंडिया ने की चुनाव स्थगित करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** आदर्श इंटर कॉलेज कुटी दौलतपुर में किये गये कथित गबन और फर्जी सदस्यता मामले में जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा निष्पक्ष जांच न कराने से नाराज भारतीय किसान यूनियन इंडिया ने चुनाव स्थगित करने की मांग की है। संगठन ने इस संबंध में पुष्कर नाथ चौधरी को एक ज्ञापन सौंपा है। जिसमें चेतावनी दी गई है कि संतोषजनक कार्यवाही न होने पर 8 दिसंबर को कॉलेज परिसर में आमरण अनशन किया जायेगा।

यूनियन के नेताओं ने ज्ञापन में बताया कि कॉलेज में मिड-डे मील योजना के तहत मिले 500 थाली एवं 500 गिलास, बच्चों का बैंड तथा अन्य विद्यालय सामान का गबन किया है। साथ ही 116 सदस्यों को बिना बैंक ड्राफ्ट के फर्जी तरीके से आजीवन सदस्य बना दिया गया है। संगठन ने बताया कि इस संबंध में 29 अगस्त को जिलाधिकारी और 17 सितंबर को उप जिलाधिकारी हसनपुर को शिकायत पत्र दिया गया था। लेकिन डीआईओएस ने जांच को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से नहीं कराया। यूनियन की मुख्य मांग है कि 116 फर्जी सदस्यों की जांच कर उन्हें तत्काल निरस्त किया जाये तथा जब तक अभिलेखों के आधार पर सदस्यों की सूची की निष्पक्ष जांच पूरी नहीं होती तब तक डीआईओएस द्वारा घोषित चुनाव को पूर्णतया स्थगित किया जाये। संगठन ने साफ किया है कि यदि उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं होती है तो 8 दिसंबर को आदर्श इंटर कॉलेज के शिव मंदिर प्रांगण में संत अरविंद ब्रह्मचारी के नेतृत्व में आमरण अनशन शुरू किया जायेगा। जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से लोकेश विधूड़ी, कलुआ, मलखान सिंह, जिराज सिंह, संजय कुमार, अमर सिंह, श्याम सिंह, परमाल सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



हसनपुर। एसडीएम को ज्ञापन सौंपते भाकियू इंडिया के कार्यकर्ता।

# चाकू की नोक पर फुफेरे भाई ने नाबालिग की जबरन भरी मांग

- फिर किया शारीरिक शोषण, यातनाएं भी दीं
- फूफा ने भी उसके साथ गन्दा काम किया
- तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़। थाना** क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण की नाबालिग बेटी को अपने घर ले जाकर फुफेरे भाई ने चाकू की नोक पर जबरन मांग में सिन्दूर भरकर शादी रचा ली और शारीरिक शोषण शुरू कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि उसके फूफा ने भी उसके साथ गन्दा काम किया। इस सब में बुआ ने भी बेटे व पति का साथ दिया।पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं मे मुकदमा दर्ज कर पीड़िता को मेडिकल को भेज दिया। पीड़िता की मां की शिकायत पर शीशगढ़ थाने मे दर्ज मुकदमे के अनुसार।

वादिनी की नाबालिग बेटी को दीपावली पर उसकी बुआ चार-पांच दिन के लिए अपने साथ अपने घर ले गई थी। कुछ समय बाद वादिनी ने अपनी नन्द को फोन कर बेटी को पहुंचाने को कहा, तो उन्होंने दो चार दिन में भेजने की बात कहीं थी। 29 नवम्बर को वादिनी की छोटी बेटी के फोन पर नन्द ने अपने बेटे और भतीजी का गले में हार व मांग में सिन्दूर भरा फोटो भेजा। फोटो देखकर मां के पैरों के तले की जमीन खिसक गई। अगले वादिनी अपने पति के साथ नन्द के घर पहुंची और बेटी को घर बुला लाए। घर पर बेटी ने बताया कि उसको चाकू की नोक पर लेकर बुआ फूफा ने जबरन अपने बेटे से मांग में सिन्दूर भरवा कर उसका शारीरिक शोषण कराया। उसके साथ फूफा ने भी गन्दा काम किया है। पुलिस ने आरोपी मुनिया, अशोक व करन के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# 97 लाख के कोडीन कफ सीरप की अवैध बिक्री पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** लगभग 97 लाख रुपये मूल्य के कोडीन युक्त कफ सीरप की अवैध बिक्री के मामले में एक फर्म के प्रोपराइटर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) के विशेष अभियान के तहत की गई है।

मुख्यालय, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, लखनऊ के निर्देश पर कोडीन युक्त कफ सीरप की अवैध बिक्री रोकने के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी और सहायक आयुक्त (औषधि), बरेली के आदेश पर 20 नवंबर, 2025 को मेसर्स एक्स्ट्रीम हेल्थ सोल्यूशन, बरेली का गहन निरीक्षण किया गया था।

निरीक्षण के दौरान फर्म से कोडीन युक्त और अन्य नार्कोटिक औषधियों के खरीद-बिक्री के रिकॉर्ड मांगे गए, लेकिन फर्म के प्रोपराइटर ने कोई भी बिक्री बिल ण्उपलब्ध नहीं कराया। पूछताछ में प्रोपराइटर ने स्वीकार किया कि उन्होंने रेक्सली-टी कोडीन युक्त कफ सीरप की कुल 62,687 बोतलें खरीदी थीं, जिनकी कीमत 96,67,475 रुपये (लगभग 97 लाख रुपये) है। हालांकि, उनके पास इनकी बिक्री से संबंधित कोई



रिकॉर्ड नहीं था। रिकॉर्ड्स की अनुपलब्धता और सामने आए तथ्यों से यह स्पष्ट हुआ कि अधिक लाभ कमाने के उद्देश्य से इस कफ सीरप का अवैध रूप से विक्रय किया गया था।

प्रोपराइटर ने यह भी बताया कि कफ सीरप की आपूर्ति मेसर्स सूर्या मेडिकल स्टोर, बरखेड़ा, पीलीभीत को भी की गई थी, जिसका भुगतान ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त हुआ। इस मामले की विस्तृत जांच पूरी होने के बाद, 3 दिसंबर, 2025 को फर्म के प्रोपराइटर राहुल सभरवाल के खिलाफ थाना कोतवाली, बरेली में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

## एक नजर

### दवा लेने गई किशोरी को प्रेमी लेकर हुआ रफू चक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे की एक किशोरी घर से दवा लेने आई थी और अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। मां ने एक सप्ताह बाद दो सगे भाईयों पर पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है।

**एक सप्ताह बाद दो सगे भाईयों के खिलाफ हुई रिपोर्ट**

थाना क्योलड़िया के एक गांव का परिवार कस्बे में रह रहा है, एक सप्ताह पहले उनकी 18 वर्षीय पुत्री दवा लेने आई थी, और जब शाम तक घर वापस नहीं पहुंची तो परिजनों ने इधर-उधर तलाश किया, तब उन्हें पता चला कि उनकी पुत्री को कस्बे का रोहित श्रीवास्तव अपने छोटे भाई अरुण श्रीवास्तव के साथ उसे बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। आरोप है कि यह रोहित श्रीवास्तव पहले भी उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था, जिसका मुकदमा किशोर न्याय बोर्ड में लम्बित है। किशोरी की मां ने अपनी पुत्री के साथ अनहोनी की आशंका जताते हुए उसकी बरामदगी की मांग की है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बहेड़ी बार में मनाया गया अधिवक्ता दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** बहेड़ी बार एसोसिएशन से जुड़े अधिवक्ताओं ने धूमधाम के साथ अधिवक्ता दिवस मनाया। इस मौके पर

महासचिव मनोज जौहरी एडवोकेट ने अधिवक्ताओं को अधिवक्ता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वकालत के पेशे में आकर अधिवक्ता का सबसे बड़ा त्यौहार अधिवक्ता दिवस ही है। उन्होंने यह भी कहा कि अधिवक्ता को हमेशा सुलभ एवं सस्ता न्याय दिलाने के लिए हर कमजोर वर्ग के व्यक्ति के साथ खड़े रहना चाहिए।

बुधवार को अधिवक्ता हाल में अधिवक्ता दिवस पर आयोजित प्रोग्राम में हुए कार्यक्रम में बार के पदाधिकारियों ने साथी अधवक्ताओं को अधिवक्ता दिवस की शुभकामनायें दीं। कार्यक्रम मे बहेड़ी बार एसोसिएशन की ओर से सभी अधिवक्ताओं को बेंड भी वितरित किये गए। इस दौरान महासचिव मनोज जोहरी ने कहा कि सभी अधिवक्ता सभी न्यायालयों में अपनी फुल ड्रेस में न्यायिक अधिकारी के समक्ष जाएं जिससे अधिवक्ता समाज की समाज में अलग पहचान बन सके। इस दौरान अध्यक्ष ठाकुर रन सिंह एडवोकेट, महासचिव मनोज कुमार जौहरी, कोषाध्यक्ष विजय कुमार मौर्य, एल्डर कमेटी अध्यक्ष भूप कुमार गुप्ता, धर्मपाल एडवोकेट, केसर कुमार पटेल, अरविंद कश्यप, हरीश गंगवार, एलवी दिवाकर, शकील अहमद गुरु, धर्मेंद्र देव एडवोकेट, नत्थू लाल मौर्य, रीत मौर्य, राजाराम मौर्य, सुनील रस्तोगी, कृष्ण अवतार शर्मा, वीरेंद्र सक्सेना, जागन लाल, ज्ञान सिंह गंग. वार, चंद्रपाल गंगवार, मनोहर लाल गौतम, मान सिंह गौतम, रामेंद्र कश्यप, राजेंद्र मौर्य, सूरजपाल सागर, महफूज अहमद, मो0 युसूफ, इरशाद अहमद, राजेश सक्सेना, लाल सिंह, रामेन्द्र राठी, प्रदीप राठी, अब्दुल रऊफ मुन्ना, एजाज अहमद, रामपाल, सूरजपाल गंगवार, काशिफ अदनान, विशाल दीप शर्मा, राजेंद्र गंगवार समेत तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

### बीएलओ सुपरवाइजर कमल देव सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** निर्वाचन कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बीएलओ सुपरवाइजर कमल देव को सम्मानित किया गया। उन्होंने एसआईआर में 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया है।

तहसील कार्यालय में आयोजित एक समारोह में जॉइन्ट मजिस्ट्रेट एवं एसडीएम ईशिता किशोर ने उन्हें प्रशस्ति पत्र और ट्रैक सूट भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने निर्वाचन संबंधी कार्यों में समयबद्धता और शुद्धता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कमल देव ने अपनी जिम्मेदारी और दक्षता से कार्य पूरा किया है, जो अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। सम्मान समारोह के दौरान कमल देव के साथ अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे।

### पुरानी रंजिश में रिश्तेदार से की मारपीट, दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** कस्बे के मोहल्ला नोगवां निवासी युवक पर पुरानी रंजिश के चलते दो लोगों ने पहले गाली-गलौज कर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। जब पीड़ित शिकायत करने उनके घर पहुंचा तो दोनों ने छत से ईंट-पत्थर बरसाकर दोबारा हमला कर दिया। जिससे उसे गंभीर चोटें आई हैं।

मिली जानकारी के अनुसार शिव कुमार निवासी मोहल्ला सुभाषनगर थाना शाही अपने भाई भगवान दास पुत्र कढेराम निवासी मोहल्ला नोगवां कस्बा फतेहगंज पश्चिमी के यहां आया हुआ था। सोमवार की शाम भोजन करने के बाद शिव कुमार बाहर टहलने निकला। इसी दौरान राज उर्फ गोल्डन पुत्र दामोदर व दामोदर पुत्र छोटेलाल ने पुरानी खुन्नस को लेकर उसे गाली-गलौज देते हुए दोनों ने लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। पीड़ित शिकायत करने जब उनके के घर पहुंचा तो दोनों ने छत पर चढ़कर ईंट-पत्थर फेंककर उस पर हमला कर दिया। जिससे उसे चोटें आईं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दोनों खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### नगर पंचायत सभासद के पिता का निधन, खो गया सुर सम्राट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** सनातन संस्कृति के सुरों को हमेशा अपने मुख मंडल से गायन करते समय पूरी तरह से मंत्रमुग्ध हो जाने वाले, कीर्तन मंडली हो, जागरण मंडली हो, सेंथल नगर में कोई भी आयोजन दौलत शर्मा की उपस्थिति के बिना हो जाये ऐसा बहुत ही मुश्किल था, ऐसे सुर सम्राट, धर्मभक्त, अपने प्रेम से सभी को भाव विभोर कर देने वाले शख्सियत के निधन की खबर से नगर में शोक की लहर दौड़ गयी।

दौलत शर्मा पूर्व सभासद मुकेश शर्मा के पिता थे। विधायक डॉ. एम. पी. आर्य, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. आशुतोष गंगवार, बबलू गंगवार, रोहित गंगवार, नगर अध्यक्ष कम्बर एजाज शानू, मंडल अध्यक्ष ब्रह्मदत्त अवस्थी, मंडल अध्यक्ष शशि कपूर, मंडल अध्यक्ष राजू हिंदुस्तानी, दिनेश गंगवार, पं. घनश्याम दास, राकेश चन्द्र गुप्ता, हरपाल मौर्य, अविनाश मिश्रा, उमाकांत जोशी, राहुल गुप्ता, अनुभव शर्मा, राजीव गुप्ता, सेवाराम मौर्य, याकूब अली जैदी, इच्छाराम, नीतीश उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

### 25,000 के इनामी बदमाश को पुलिस ने पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** पुलिस ने मंगलवार देर शाम एक मुठभेड़ के बाद 25,000 रूपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी आरिफ उर्फ गुड्डू को घायल अवस्था में पकड़ा गया है। पुलिस के अनुसार, उसके दोनों पैरों में गोली लगी है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गिरफ्तार आरोपी आरिफ उर्फ गुड्डू पर कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। वह हाल ही में हुई मारपीट और गला दबाकर हत्या के प्रयास के एक मामले में वांछित था। उसके खिलाफ आईपीसी की धारा 326/103(1) के तहत मामला दर्ज था। एएसपी उत्तरी बरेली, मुकेश चंद्र मिश्र ने बताया कि पुलिस टीम को आरोपी के क्षेत्र में होने की सूचना मिली थी। पुलिस द्वारा रोके जाने पर उसने भागने का प्रयास किया और कथित तौर पर फायरिंग भी की। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में वह घायल हो गया। मौके से 315 बोर का एक अवैध तमंचा, दो खोखे, दो जिंदा कारतूस, एक बाइक और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, आरोपी का आपराधिक इतिहास एक दशक से भी अधिक पुराना है। इसमें चोरी, लूट और चोट पहुंचाने से संबंधित कई मामले शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद अब संबंधित मामलों की जांच तेज कर दी गई है।

# सेंथल में अदब से रंगीन हुई एक शाम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** मौका था उभरते हुए नौजवान शायर मुईन नवाबगंजवी के सम्मान का वह आज यहां डॉक्टर हनीफ साहिल के जर्राही मतब पर आए हुए थे लगे हाथों मकामी शायरों ने उनके सम्मान में एक शेरी नशिस्त का इनकाद भी कर लिया। इस नशिस्त का मौजूद लोगों ने खूब लुत्फ लिया। मेहमान शायर ने एक सवाल के जवाब में कहा कि शायरी एक तरफ आईना है तो दूसरी तरफ यह दिलों को गुदगुदाने का काम भी करती है, साथ ही मुआशरे में घटने वाले अच्छे बुरे हादसों से भी रूशनास कराती है।

अपनी बात को अमली जामा पहनाते हुए उन्होंने कुछ शेर भी नजर किए। यह बात याद रहे तायरो उड़ान के बाद जमीं पे लौट के आना है आसमान के बाद दिल समंदर है मेरा दर्द छुपाने वाला होगा कमजर्फ कोई शोर मचाने वाला शायर हनीफ साहिल ने कहा।

तुम्हारे नेजो को खुद्दारियों से क्या निस्वात यह मेरा सर तो मेरी बात पर गया यारो सहाफी शाह टाइम्स खान सरफराज खान ने कहा बस इक जरा सा मेरे हाल पर करम रखना शिकस्ता दिल का मेरी आंख तू भरम रखना मेरी अना की यह दीवार गिर न जाय कहीं ऐ जर्फ ए तशनालबी मुझपे तू करम रखना। इसके अलावा अन्य शायरों ने भी अपने कलाम से महफिल को रंगी. नियां बख्शी।

# राष्ट्रीय राजमार्ग-24 पर मौत के दो कट

- PMO से शिकायत के बाद अब NHAI करेगा जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना क्षेत्र से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-24 पर स्थित राधा कृष्ण मंदिर कट और एएनए कट बीते एक दशक से मौत और हादसों का कारण बने हुए हैं। स्थानीय लोगों व्यापारियों और राहगीरों ने वर्षों तक आवाज उठाई लेकिन दर्जनों हादसों और कई मौतों के बावजूद प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। अब पहली बार इस मुद्दे पर गंभीर कार्रवाई की उम्मीद जगी है क्योंकि फतेहगंज पश्चिमी के छात्र असद अंसारी द्वारा प्रधानमंत्री कार्यालय (PMO) में की गई शिकायत के बाद मामला राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) को भेजा गया है और जांच के आदेश जारी हो गए हैं।

राधा कृष्ण मंदिर कट कस्बे का प्रमुख प्रवेश मार्ग है और हर दिन




सैकड़ों वाहन यहां से हाईवे पार करते हैं। तेज रफ्तार ट्रकों और कंटेनरों के बीच यह कट बेहद खतरनाक बन चुका है। जून 2019 में इसी कट पर फतेहगंज पश्चिमी थाने के दरोगा राजवीर सिंह और हेड कांस्टेबल रजनीश दिवाकर की तेज रफ्तार ऑडी कार से टक्कर में मौत हो गई थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां रोजाना छोटे-मोटे हादसे आम हैं। दूसरा एएनए कट रबड़ फैक्ट्री के पास स्थित है और इसे राधा कृष्ण कट से भी ज्यादा खतरनाक माना जाता है। भारी वाहनों की निरंतर आवाजाही और बिना किसी संकेत के अचानक मुड़ते वाहनों की वजह से यहां दुर्घटनाओं का खतरा हमेशा बना रहता है। 31 मई 2022 को इसी कट पर सबसे दर्दनाक हादसा हुआ था जब दिल्ली से लौट रही एक एंबुलेंस डिवाइडर से टकराकर चकनाचूर हो गई थी जिसमें 7 लोगों की मौत हो गई। इस घटना पर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने भी दुख जताया था लेकिन कट को लेकर कोई कार्रवाई नहीं हुई। सबसे बड़ी बात यह है कि दोनों खतरनाक कटों के ठीक पास सुरक्षित अंडरपास पहले से मौजूद हैं। राधा कृष्ण मंदिर कट से 600 मीटर आगे रहपुरा अंडरपास और एएनए कट से थोड़ा आगे माधोपुर अंडरपास बना हुआ है। यदि ट्रैफिक को इन अंडरपासों के जरिए डायवर्ट कर दिया जाए तो हादसों में बड़ी कमी लाई जा सकती है।

फतेहगंज पश्चिमी के छात्र असद अंसारी ने जब यह मामला च्ड० तक पहुंचाया तो प्रधानमंत्री कार्यालय ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए इसे NHAI को फॉरवर्ड कर दिया। इसके बाद NHAI के CGM Coordination (Incharge Coordination & Parliament) द्वारा औपचारिक जांच के आदेश जारी किए गए हैं। वर्षों से इन कटों के कारण दहशत में जी रहे लोगों में अब उम्मीद जगी है कि जल्द ही इन मौत के कटों को बंद कर सुरक्षित मार्ग से ट्रैफिक को संचालित किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री ने बरेली के तीन दिव्यांगों को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में आयोजित समारोह में राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए। इस दौरान बरेली में मुख्यमंत्री के संबोधन का सजीव प्रसारण भी किया गया। मुख्यमंत्री ने जनपद बरेली के तीन दिव्यांगजनों को राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया।

पुरस्कृत होने वालों में बरेली की रिदम शर्मा को सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग खिलाड़ी, पूजा को सर्वश्रेष्ठ सृजनशील दिव्यांग महिला और

- विश्व दिव्यांग दिवस पर मिला राज्य स्तरीय पुरस्कार

विक्रम कुमार को सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग कर्मचारी के रूप में सम्मानित किया गया। ये पुरस्कार मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न श्रेणियों में चयनित दिव्यांगों को दिए गए।

जनपद स्तर पर विश्व दिव्यांग दिवस का आयोजन राजकीय संकेत विद्यालय में हुआ। यहां विधान परिषद सदस्य कुंवर महाराज सिंह और कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने दिव्यांगजनों को विभिन्न उपकरण वितरित किए।

कार्यक्रम में 55 ट्राईसाइकिल, 15 व्हीलचेयर, 48 श्रवण यंत्र, 8 एमआर किट, 5 स्मार्ट केन और 1 मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल का वितरण किया गया। विधान परिषद सदस्य कुंवर महाराज सिंह ने कहा कि दिव्यांगजनों का हित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। विधायक संजीव अग्रवाल ने भी दिव्यांगजनों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का समाधान और सुविधाएं प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता है। इस अवसर पर उपनिदेशक दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग संगीता सिंह, राजकीय संकेत विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. बलवंत सिंह, बरेली जनसेवा टीम के अध्यक्ष पम्मी खां वारसी और दानिश सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। यह जानकारी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी चमन सिंह द्वारा दी गई।

# परामर्श केंद्र में चार के बीच हुआ समझौता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कई माह बंद रहने के बाद पुन: शुरू हुए परामर्श केंद्र में आज चार पति पत्नियों के बीच सुलह समझौता कराया गया और उनके घर टूटने से बच गए।

कोतवाली में सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक चले इस परामर्श केंद्र पर जाफरपुर की प्रियंका और हरचंदपुर के राजेश के बीच पिछले काफी दिनों से विवाद चल रहा था, पुलिस ने यह मामला थाना परामर्श केंद्र के सुपर्द कर दिया। केन्द्र पर दोनों पक्षों को बुलाया गया और केन्द्र के काउंसलर अधिवक्ता सुधाकर लाल रस्तोगी, विमला शुक्ला, नत्थू लाल आर्य, निशात बानो के साथ ही गोपाल शर्मा ने दोनों पति पत्नी को काफी समझाया और अपना घर बसाने पर जोर दिया। काउंसलरों द्वारा दोनों को समझाने के बाद दोनों पक्ष साथ साथ रहने को राजी हो गए। इसके साथ ही रानीगंज की निर्मला और बढ़ेपुरा निकट खो के विनोद, जरेली की निदा और सेंथल के शोएब के साथ ही नवाबगंज की रूपन कुमारी और रिठौरा के ज्ञानेन्द्र के बीच सुलह समझौता कराया गया। सुलह समझौता होने के बाद सभी पक्ष अपने अपने घरों को रवाना हो गए। काउंसलरों द्वारा किए गए इस सुलझ समझौता के बाद इनके घर टूटने से बच गए।

### केन्द्र से तीन काउंसलरों को हटाया, नए जुड़े

परामर्श केंद्र के बन्द होने से पहले कई सालों तक संजीव गुप्ता, माहिर अली और आदेश श्रीवास्तव काउं. सलर का दायित्व निभाते रहे थे, जब यह दोबारा शुरू हुआ तो इन तीनों काउंसलरों को हटाकर उनके स्थान पर गोपाल शर्मा, निशात बानो और नत्थू लाल आर्य को नया काउंसलर बनाया गया है।

### हाफिजगंज, क्योलड़िया और नवाबगंज थाने से कोई कर्मी नहीं आया

काफी समय बन्द रहने के बाद पुन: शुरू किए गए परामर्श केंद्र पर मात्र काउंसलर ही बैठकर इसकी शोभा बढ़ा रहे हैं, आयोजन में न तो नवाबगंज थाने की कोई महिला पुलिस कर्मी ही शामिल होती है, और न ही हाफिजगंज और क्योलड़िया से कोई भी महिला पुलिस कर्मी शामिल हो रही है। खास बात यह है कि हाफिजगंज और क्योलड़िया थानों से कोई भी केस भी परामर्श केंद्र को भेजा जाता है। इस बारे में जव काउं. सलर अधिवक्ता सुधाकर लाल रस्तोगी से बात की गई तो उन्होंने इसपर अपनी नाराजगी जताई।

# ठंड से लड़ेंगे मजबूत कंबल, डीएम ने की खुद गुणवत्ता की जांच



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** भीषण ठंड और संभावित शीतलहर को देखते हुए गरीब, निराश्रित और असहाय वर्ग को राहत पहुंचाने के लिए प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी है। इसी क्रम में डीएम अविनाश सिंह ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में होने वाले निशुल्क कंबल वितरण कार्यक्रम की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए क्रय समिति के साथ स्वयं कंबलों की बारीकी से जांच की।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने कहा कि सरकार की यह महत्वपूर्ण योजना सीधे उन लोगों तक पहुंचती है, जिनके पास ठंड से बचाव के साधन नहीं होते। ऐसे में कंबलों की गुणवत्ता पर कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने साफ निर्देश दिए कि प्रत्येक कंबल मानक के अनुरूप, पर्याप्त मोटाई वाला और पूरी तरह उपयोग योग्य होना चाहिए।

**डीएम बोले मानक से कम कंबल नहीं चलेगा**

डीएम ने समिति सदस्यों से कहा कि आपूर्ति करने वाली फर्मों की ओर से किसी भी स्तर पर मानक से कम गुणवत्ता आने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि चयनित कंबल जरूरतमंदों को शीतलहर से वास्तविक राहत दे सकें। प्रशासन की इस पहल का उद्देश्य है कि जिले का कोई भी गरीब व्यक्ति ठंड की मार से प्रभावित न हो, और समय पर उसे आवश्यक सहायता मिल सके। जल्द ही कंबलों का वितरण शुरू किया जाएगा, जिसके लिए तैयारी अंतिम चरण में है।

# खादी एवं स्वावलम्बन उत्सव में कई प्रदेशों के लगे उत्पाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि बिशप मण्डल इण्टर कॉलेज ग्राउंड में 10 दिवसीय मण्डल स्तरीय खादी एवं स्वावलम्बन उत्सव-2025 का आयोजन किया गया है। इस उत्सव में विभिन्न प्रदेशों के उत्पाद प्रदर्शित किए जा रहे हैं।

प्रदर्शनी में बिजनौर की वैदिक किसान कम्पनी के स्टॉल पर कई प्रकार के जैविक उत्पाद उपलब्ध हैं। इनमें जैविक गुड़ व शक्कर, पीली सरसों का तेल, शुद्ध शहद, हल्दी, आंवला चटनी, देशी अचार, मोटे अनाज, सेब व गाजर का गुड़ वाला मुरब्बा, जैविक उड़द, चावल, गेहूं, जैविक गन्ने के रस व गाय के दूध से बनी कुल्फी और जैविक गन्ने का ताजा बिना बर्फ वाला रस शामिल हैं। जैविक उत्पादों में विभिन्न प्रकार के विटामिन और खनिज लवण पाए जाते हैं, जो शरीर के लिए लाभकारी होते हैं। उदाहरण के लिए, जैविक



गुड़ व शक्कर में आयरन, कैल्शियम, मैग्नीशियम और पोटेशियम होता है। इनके सेवन से पाचन में सुधार होता है, कब्ज से राहत मिलती है, हड्डियां मजबूत होती हैं, खून की कमी दूर होती है और लाल रक्त कोशिकाएं बढ़ती हैं। ये ऊर्जावर्धक भी होते हैं और रक्तचाप को नियंत्रित करने में सहायक माने जाते हैं, साथ ही दिमाग व आंखों के लिए भी फायदेमंद बताए गए हैं। जनपद भदोही, जो कालीन उद्योग के लिए प्रसिद्ध है और एक जनपद एक उत्पाद योजना के अंतर्गत आता है, के स्टॉल पर भी कई प्रकार की कालीनें बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। इनमें सिल्की कॉटन कालीन, गोल राउंड कालीन, हैल्सैट कालीन, कटीना कालीन, रक्स कालीन, ईरान का कालीन और आसन पैदान शामिल हैं।

मुरादाबाद के सलमा स्वयं सहायता समूह के स्टॉल पर पीतल से बने विभिन्न पूजा संबंधी उत्पाद प्रदर्शित किए गए हैं। इनमें मीना वर्क में फ्रूट बॉटल, फ्लावर पॉट, सुराही; हैंड वर्क में गिलास, कप प्लेट, जग, टी पॉट; होम डेकोर में हंस सेट, डियर सेट, डॉल्फिन शिप; डेली यूज में डिनर सेट, टेबल सेट और वॉल हैंगिंग में बिल चोम, ट्री, ओम स्वास्तिक जैसे उत्पाद शामिल हैं। प्रदर्शनी में आम जनता बड़ी संख्या में पहुंचकर स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी कर रही है।

# किस वार्ड में कितने कुत्ते हैं शासन ने मांगी रिपोर्ट, नगर पालिका लगा खोज में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** किस वार्ड में कितने कुत्ते पालतू हैं और कितने कुत्ते आवारा हैं, नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी ने सफाई प्रभारी से तीन दिन में रिपोर्ट मांगी है।

नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी रामरतन अम्बेश ने परिषद के सफाई प्रभारी अमर सिंह को जारी किए गए पत्र में समूचे नगर के आवारा और पालतू कुत्तों की रिपोर्ट तलव की है। अधिशासी अधिकारी का पत्र मिलते ही सफाई प्रभारी अमर सिंह ने सफाई नायकों नत्थू लाल, कढ़ेराम, रामआसरे और सोनू से तीन दिन में अपने-अपने क्षेत्र के आवारा और पालतू कुत्तों की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। बताया जाता है कि शासन द्वारा मांगी गई इस रिपोर्ट के बाद इन आवारा और पालतू कुत्तों के खिलाफ सरकार कोई न कोई कार्यवाही करेगी। सरकार का आदेश मिलते ही नगर पालिका कर्मी इन कुत्तों की तलाश में जुट गए हैं।

# फर्जी इंस्टा आईडी से पोस्ट की अश्लील वीडियो

## युवती के पिता ने अज्ञात के खिलाफ कराई रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। सोशल मीडिया पर एक्टिव कारोबारी की बेटी के नाम से फर्जी आईडी बनाकर अश्लील वीडियो बनाकर अपलोड कर दी। जिसके सोशल मीडिया पर वायरल होने से हड़कम्प मच गया। युवती के पिता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले से जुड़ा है। यहां पर एक कारोबारी का परिवार रहता है। उनकी बेटी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती है। उसने इंस्ट्राग्राम पर भी अपनी आईडी बना रखी है, जिसके जरिए वह अक्सर अपनी रील शेयर करती रहती है। बताया जा रहा है किसी अंजान शख्स ने कारोबारी की बेटी की आईडी से उसकी रील अपलोड कर ली और एआई की मदद से उसका अश्लील वीडियो बना लिया। इसके बाद इंस्टाग्राम पर उसके नाम से ही एक फर्जी आईडी बना ली। इस आईडी पर उसने कारोबारी की बेटी की अश्लील वीडियो पोस्ट कर दी जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। जानकारी पर कारोबा. री और उनकी बेटी के होश उड़ गए। वहीं, वीडियो वायरल होते ही शहर में तरह-तरह की चर्चाओं का दौर तेज हो गया, परिवार की बदनामी होने लगी। पीड़ित कारोबारी ने मामले में शहर कोतवाली में तहरीर दी थी। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि मामले में युवती के पिता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी व आईटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है। इंस्टाग्राम पर आईडी बनाने वाले को ट्रेस किया जा रहा है, जल्दी ही पूरे मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

**■ सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती है कारोबारी की बेटी**

## दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को घर से निकाला

**गजरौला**। दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल वालों ने विवाहिता को पीटकर घर से निकाल दिया। विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। क्षेत्र के लिसड़ी बुजुर्ग गांव निवासी शरीफुल्ला ने अपनी बेटी निशा का निकाह 15 फरवरी 2023 को सिहाली जागीर गांव निवासी शाहरुख पुत्र फुंदन के साथ कराया था। आरोप है कि निकाह के कुछ माह बाद ही ससुराल वालों ने विवाहिता से दहेज की मांग कर दी। मांग पूरी नहीं होने पर उसे प्रताड़ित करने लगे और मारपीट कर घर से निकाल दिया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि निशा की तहरीर पर उसे पति शाहरुख, ससुर फुंदन व सास नगमा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# प्रबंध निदेशक ने लिया ओटीएस कैंप का जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक ने किया ट्रांसफार्मर वर्कशाप का निरीक्षण किया तो वहीं गांव में पहुंचकर ओटीएस संबधी कैंप का जायजा लिया।

बुधवार को गजरौला पहुंचे एमडी रविश गुप्ता ने औद्योगिक एरिया साइट वन में स्थित विद्युत वर्कशाप का निरीक्षण किया। यहां पर कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों से भी जानकारी की। वर्कशॉप में ट्रांसफार्मर के सुधार संबंधी कार्य का भी अवलोकन किया। यहां के बाद एमडी ब्लॉक क्षेत्र के गांव चौबारा में पहुंचे, यहां पर उन्होंने ओटीएस योजना से संबधी शिविर का भी जायजा लिया। लोगों से आह्वान किया कि ओटीएस योजना का लाभ लेकर शासन द्वारा प्रदत्त छूट का लाभ उठाएं। इस मौके पर चीफ इंजीनियर राजेश बालियान, एक्सईन गजरौला नीरज कुमार, एक्सईन अमरोहा संजय शर्मा, एसडीओ चंद्रेश विश्वकर्मा समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।



**गजरौला।** ओटीएस योजना के शिविर का जायजा लेते प्रबंध निदेशक।

**■ ट्रांसफार्मर वर्कशाप का भी किया निरीक्षण**

# महाविद्यालय में फ्रेशर पार्टी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। महाविद्यालय में फार्मेसी एवं रिसर्च सेंटर द्वारा फ्रेशर पार्टी का आयोजन कर नवांगतुक विद्यार्थियों को परिवेश से परिचित कराने का कार्य किया है। बुधवार को योगेंद्र नाथ सक्सेना कॉलेज आफ फार्मेसी एंड रिसर्च सेंटर द्वारा विद्यार्थियों के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन कर नए विद्यार्थियों का स्वागत किया और विद्यालय के परिवेश से परिचित कराया। और नए साथियों के साथ जोड़ा गया तथा विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर उत्साह पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत नृत्य गायन एवं अंतिम चरण में नए विद्यार्थियों ने रैंप वॉक निर्णायक मंडल में मिस फ्रेशर का खिताब फार्मेसी की छात्रा वर्षा एवं मिस्टर फ्रेशर का खिताब फार्मेसी के छात्र बलविंदर ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रबंधक गोपाल सक्सेना एवं प्राचार्य डॉक्टर बीर वाला ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार सक्रिय रूप से भाग लेने हेतु प्रेरित किया है। इस दौरान मौके पर नवनीत, राजेश, कमल, मनीषा, ललित, इल्मा, शिवानी, प्रदीप, सुचिता, जैद, अब्दुल कादिर आदि मौजूद रहे।




# इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर ठगे 92 हजार

## महिला ने अपने दोस्त की मद्द से बनाया शिकार, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। ऑनलाइन ठगी का नया मामला सामने आया है, जहां इंस्टाग्राम के जरिए एक कारोबारी की पत्नी को शातिर ठगों ने अपने जाल में फंसा लिया। महिला से पहले सोशल मीडिया पर परिचय बढ़ाकर और फिर विभिन्न बहानों से खाते की गोपनीय जानकारी हासिल कर 92 हजार रुपये से अधिक की ठगी कर ली गई। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने इंस्टाग्राम आईडी चलाने वाली महिला और एक युवक समेत दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला इस्लामनगर में एक कारोबारी का परिवार रहता है। उनकी पत्नी का बचत खाता यूनियन बैंक आफ इंडिया की शाखा में है। खाते से उनका मोबाइल नंबर भी लिंक है। आरोप है कि 24 मार्च 2025 को इंस्टाग्राम के जरिए कारोबारी की पत्नी का शाइस्ता परवीन नाम की एक महिला से संपर्क हुआ था। महिला ने इंस्टाग्राम पर आयशा परवीन के नाम से अपनी आईडी बना रखी थी। महिला ने कारोबारी की पत्नी को झांसे में लेकर खाते से 92248 रुपये की ठगी कर ली। इसके बाद शुऐब नाम के एक व्यक्ति ने पैसे ऐंठने का प्रयास किया। व्हाट्सऐप पर मैसेज भेज उसने झांसे में फंसाने की चाल फेंकी। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस से कर दी। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि मामले में इंस्टाग्राम आईडी यूजर शाइस्ता परवीन उर्फ आयशा परवीन और मोबाइल नंबर के आधार पर शुऐब नाम के व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों को जल्दी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## तंवर ने संसद में उठाई बाईपास की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा**। सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर ने गढ़मुक्तेश्वर में बाईपास निर्माण की मांग लोकसभा में उठायी। लोकसभा के शीतकालीन सत्र में सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर ने गढ़मुक्तेश्वर की धार्मिक, सांस्कृतिक व जनसमस्याओं का उल्लेख करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर तत्काल बाइपास निर्माण की मांग की। उन्होंने बताया कि गढ़मुक्तेश्वर एक प्राचीन पौराणिक तीर्थ स्थल है, जहाँ विभिन्न पर्वों पर माँ गंगा में स्नान करने के लिए दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान सहित देश के अनेक राज्यों से लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। पर्व-उत्सव के समय श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण जाम की समस्या अत्यंत गंभीर रूप ले लेती है।

## चयनित अग्निवीरों का किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। अग्निवीर में चयनित युवाओं का सामाजिक नेता ने पटका पहनाकर जोरदार स्वागत किया। और उनको देश हित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया है। बुधवार को सामाजिक नेता क्षेत्र के गांव रुखालू निवासी इंजीनियर केपी सिंह ने बताया कि भारतीय सेना अग्निवीर में क्षेत्र के युवा चयनित हुए हैं। उन्होंने बताया कि चयनित युवाओं में मूलचंद राणा, इंद्रजीत राणा, पंकज राणा, राहुल राणा, कुमारपाल राणा, डालचंद राणा, प्रदीप राणा, उमेश राणा, बुद्धसेन राणा, चंद्रकेश राणा, अनमोल राणा, सतेन्द्र राणा, ओमकार राणा, रूपचंद राणा आदि को पटका पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया है। साथ ही उनको प्रेरित किया गया है कि देश की सेना में शामिल होकर देशहित में कार्य किया जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा वीरों के हाथ में होती है।इसलिए देश हित में कार्य करना चाहिये।



# साइबर ठगी रोकने को गोष्ठी आयोजित

## एसपी ने ली शाखा प्रबंधकों की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। बैंकों के शाखा प्रबंधकों की गोष्ठी हुई। इसमें साइबर अपराधों के रोकथाम पर चर्चा हुई। एसपी अमित कुमार आंनद ने साइबर अपराधियों की नई-नई तरकीबों, धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों और बैंकिंग सुरक्षा में आ रही चुनौतियों पर गंभीरता से चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बैंक और पुलिस यदि समन्वय को मजबूत करें तो वित्तीय अपराधों पर काफी हद तक प्रभावी नियंत्रण संभव है। बताया कि ऑनलाइन बैंकिंग फ्रॉड, फिशिंग कॉल, केवाईसी अपडेट के नाम पर ठगी, ओटीपी प्राप्त कर धोखाधड़ी, सोशल मीडिया हैकिंग जैसे अपराध तेजी से बढ़े रहे हैं। उन्होंने सभी बैंक शाखा प्रबंधकों से आग्रह किया कि ग्राहकों को ऐसे मामलों के प्रति नियमित रूप से जागरूक करें और संदिग्ध लेनदेन की सूचना तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930, साइबर सेल या स्थानीय पुलिस को उपलब्ध कराएं, ताकि पीड़ितों की आर्थिक क्षति को समय रहते रोका जा सके। नए खाते खुलवाते वक्त बड़ी सजगता बरतने की बात कही। एसपी ने कहा कि खाता खोलने वाले का अच्छे तरीके से वेरिफिकेशन किया जाए एवं म्यूल खाते की जानकारी होने पर उसको तत्काल डेबिट फ्रिज कराया जाए। इस दौरान बैंक प्रबंधकों ने भी अपने अनुभव और सुझाव साझा किए तथा साइबर अपराधों की रोकथाम में पुलिस को हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस दौरान एएसपी अखिलेश भदौरिया एवं साइबर सेल टीम भी मौजूद रही।

# चेयरमैन ने ई रिक्शा को दिखाई हरी झंडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। नगर की स्वच्छता व्यवस्था को और तेज, सुदृढ़ व आधुनिक बनाने की दिशा में बुधवार को बड़ा कदम उठाया गया। नगर पालिका परिषद धनौरा के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए खरीदी गई 5 नई ई-रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर सेवा के लिए रवाना किया।

शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि नगर की स्वच्छता व्यवस्था को नए स्तर पर ले जाने के लिए पालिका प्रतिबद्ध है। ई-रिक्शा के शामिल होने से घर-घर कूड़ा संग्रहण और अधिक व्यवस्थित, समयबद्ध और पर्यावरण-अनुकूल हो सकेगा। उन्होंने कहा कि साफ-सुथरा धनौरा बनाना ही उनका लक्ष्य है, और इस दिशा में हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं। नवप्रेषित ई-रिक्शा फ्लीट न केवल पालिका की कार्य क्षमता बढ़ाएगी, बल्कि वार्डों में फैली गंदगी व कूड़ा प्रबंधन से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान भी सुनिश्चित करेगी। कार्यक्रम में पालिका कर्मी, जनप्रतिनिधि व स्थानीय लोग मौजूद रहे। धनौरा में स्वच्छता अभियान को लेकर नई उम्मीदें जग चुकी हैं।



## जिला बदर को पुलिस ने भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा**। देहात पुलिस ने जिला बदर अनूप सिंह उर्फ हेतराम निवासी सिहाली नारायन को झनकपुरी से पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सीओ शक्ति सिंह ने बताया कि अमरोहा देहात के गांव सिहाली नारायन के अनूप सिंह को पुलिस ने अपराधिक गति. विधियों में शामिल होने के चलते जिला बदर किया था। मुखबिर की सूचना पर देहात पुलिस ने बीती रात उसे रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव झनकपुरी से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## घर से फरार युवती को बुआ को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया**। डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव पतेई खालसा निवासी राखी सैनी पुत्री सुरेश सैनी बुधवार को नाराज होकर घर से निकल आयी जिसको निली खेड़ी पुल के पास मे मिशन शक्ति प्रभारी एस आई कंचन टोलिया ने पूछताछ करने पर उसने बताया कि मैं अपने पिता से नाराज हो कर घर आ रही हुं। जिस एस आई कंचन टोलिया ने परिजनो से बात की तो राखी ने परिजनो के साथ जाने से इन्कार कर दिया जिस पर वह अपनी बुआ लक्ष्मी सैनी पत्नी राजू सैनी निवासी ग्राम सिरसा गढ़ थाना डिडौली के साथ जाने के लिए सहमत हो गई। मिशन शक्ति प्रभारी एस आई कंचन टोलिया ने उसकी बुआ के सुपुर्द कर दिया।

# विश्व शांति धम्म यात्रा नगर पहुंची

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** उत्तराखंड के काशीपुर से चलकर विश्व शांति संदेश धम्म यात्रा बुधवार को गजरौला पहुंची। चौपला पर अखिल भारतीय आंबेडकर युवक संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश चंद्र मौर्य के प्रतिष्ठान पर स्वागत किया गया।

यात्रा लेकर चल रहे आजाद बौद्ध ने बताया कि यह यात्रा प्रतिवर्ष शतिका संदेश लेकर काशीपुर से चलकर दिल्ली में 06 दिसम्बर को डॉ. भीमराव आम्बेडकर महापरिनिर्वाण पहुंचेगी, यहां पर सभा के बाद यात्रा का समापन होगा। इस मौके पर रमेश चन्द मौर्य, बीपी सिंह, किरनपाल सिंह,उषा मौर्य, राखी, सरदारसिंह मौजूद रहे।



# क्विज में श्रेय गोयल व अफशा रहीं प्रथम

## हाशमी लॉ कॉलेज में वित्तीय साक्षरता कार्यशाला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। हकीम महताब उद्दीन हाशमी कॉलेज ऑफ लॉ में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटीज मार्केट एवं आदित्य बिरला कैपिटल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय फाइनेंशियल एजुकेशन फॉर यंग सिटिजंस कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला के रिसोर्स पर्सन मॉरिस कुमार ने वित्तीय प्रबंधन, निवेश सुरक्षित रखने हेतु आवश्यक सावधानियाँ, साइबर फ्रॉड की रोकथाम तथा राष्ट्रीयकृत बैंकों, डाक विभाग की बचत योजनाओं एवं म्यूचुअल फंड्स जैसे विश्वसनीय निवेश विकल्पों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि सेबी द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों का पालन करते हुए इक्विटी निवेश भी सुरक्षित रूप से किया जा सकता है। समापन सत्र में कार्यशाला आधारित क्विज प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें प्रथम स्थान पर श्रेय गोयल, द्वितीय स्थान पर अफसा फातिमा तथा तृतीय स्थान पर माहेनूर रहीं। तीनों प्रतिभागियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संचालन में डॉ. मोहम्मद हारुन एवं शहजाद सिद्दीकी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंत में प्राचार्या डॉ. राना परवीन ने सभी अतिथियों व प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर एलएलएम विभागाध्यक्ष डॉ. मोहम्मद तारिक खान, डॉ. रिपुदमन प्रताप सिंह, मोहम्मद इफ्तिखार अली, डॉ. नूतन गुप्ता, फरहत मंसूरी, ताबिश खान एवं श्री गौहर अली सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# बिजली विभाग के खिलाफ गरजे ग्रामीण

## चार दिन से बिजली न आने पर फूटा गुस्सा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। कोतवाली क्षेत्र के आगापुर उर्फ याकूबपुर में आधे गांव के पिछले चार दिनों से बिजली आपूर्ति ठप होने के कारण ग्रामीणों का गुस्सा बुधवार को फूट पड़ा। बिजली विभाग की कथित लापरवाही से नाराज ग्रामीणों ने गजरौला मार्ग पर स्थित बिजली घर पहुंचकर जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी ग्रामीणों ने विभाग पर लापरवाही और शिकायतें अनसुनी करने का गंभीर आरोप लगाया। उनका कहना था कि बार-बार शिकायत के बावजूद आपूर्ति बहाल नहीं की जा रही है। जिससे उनका दैनिक जीवन, कृषि कार्य और सबसे महत्वपूर्ण, पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए, अवर अभियंता सत्यम कुमार तत्काल मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को शांत कराया। उन्होंने स्वीकार किया कि समस्या उनके संज्ञान में है। उन्होंने बताया कि आपूर्ति में देरी का मुख्य कारण टूटे हुए तार और नया खंभा लगाने का कार्य है, जिसमें अपेक्षित समय लग रहा है। अवर अभियंता ने जल्द से जल्द कार्य पूरा कर आपूर्ति बहाल करने का ठोस आश्वासन दिया। हालांकि, ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हुई तो वे फिर से एक बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। इस मौके पर गौरव, मुस्तकीम, शरीफ अल्वी, रिजवान, हसीन अहमद, नसरीन, जमीला, नसीमा, रानी शबाना, सहाना, परवीन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और महिलाएँ प्रदर्शन में शामिल थीं।



# जिला कृषि अधिकारी ने जनपद में उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर की छापेमारी

**पीलीभीत।** जिला कृषि अधिकारी नरेन्द्र पाल द्वारा बुधवार को रबी सीजन में उर्वरकों की गुणवत्तायुक्त आपूर्ति एवं उपलब्धता सुनिश्चित कराने के साथ साथ कृषकों को आवश्यकतानुसार उचित दर पर उर्वरकों का वितरण स्टाक मिलान, सुनिश्चित करने हेतु जनपद में फुटकर उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर आकस्मिक छापामार कार्यवाही की गयी। जिसमें मै. दुर्गा खाद भण्डार, जोगराजपुर, राहुल खाद भण्डार, जोगराजपुर, शंकर इंटर प्राईजेज, वर्मा फर्टिलाईजर, जोगराजपुर, जय अम्बे खाद भण्डार, जोगराजपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय प्रतिष्ठान पर उपलब्ध उर्वरक का मिलान पीओएस मशीन से करने पर सही पाया गया। विक्रेताओं निर्देशित किया गया कि उर्वरकों की बिक्री पीओएस मशीन से ही की जाये तथा ओवर रेटिंग, टैगिंग न की जाये। मै. किसान एग्रो टेडर्स, गौरा अपना प्रतिष्ठान बंद कर चले जाने के कारण प्रतिष्ठान का निरीक्षण नहीं हो सका, जिस कारण उनका उर्वरक प्राधिकार पत्र निरस्त करते हुए उर्वरक नियन्त्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 में निहित प्रावधानों के अन्तर्गत वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# सिमरान सिंह ने पूरनपुर तहसील का दूसरी बार गोल्ड मेडल जीतकर बढ़ाया मान

**पूरनपुर।** जनपद के पूरनपुर ब्लॉक के रमपुरा कोन निवासी सिमरन सिंह जो गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर में पढ़ाई कर रहे है गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर की तरफ से उन्हें खेलो इंडिया के प्रोग्राम में यूनिवर्सिटी की तरफ से रेस की जिम्मेदारी दी गई। खेलो इंडिया का यह प्रोग्राम जयपुर राजस्थान में हो रहा था जहां पर 10000 मीटर की दौड़ में सिमरन सिंह ने प्रथम स्थान पाकर यूनिवर्सिटी का नाम रोशन किया बल्कि यूं कहें यूनिवर्सिटी के साथ-साथ अपने जिले का भी नाम रोशन किया। सिमरन सिंह पुत्र बहादुर सिंह निवासी ग्राम पंचायत रामपुर कोन के है सिमरन सिंह के पिता जी वर्तमान समय में रामपुर कोन ता. गजरौला के प्रधान पद पर कार्यरत हैं सिमरन सिंह पहले भी पंजाब स्टेट से गोल्ड मेडलिस्ट रह चुके हैं अब जाकर उन्हें खेलो इंडिया में अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला तो उन्होंने उसे मौके को बखूबी निभाया और खेलो इंडिया में प्रथम स्थान पाकर खिताब अपने नाम किया और अपनी यूनिवर्सिटी के साथ-साथ अपने माता-पिता एवं जिला पीलीभीत का भी नाम रोशन किया है।

# कोहली वनडे रैंकिंग में नंबर-4 पर

## विराट ने पहले वनडे में 120 गेदों में 135 रन बनाए थे, रेटिंग में सुधार करते हुए 751 पाइंट कर लिए



**दुबई, वार्ता।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली रांची में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच जिताने वाली सेंचुरी के बाद आईसीसी मेन्स प्लेयर रैंकिंग्स में वनडे बैटर्स की ताजा रैंकिंग में चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं। इस इनिग ने भारत को एक अहम जीत दिलाने में मदद की और कोहली को दुनिया के टॉप वनडे बैट्समैन में टॉप स्पॉट के करीब पहुंचा दिया। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की वेबसाइट के मुताबिक, कोहली, जिन्होंने पहले वनडे में 120 गेंदों पर शानदार 135 रन बनाए, ने अपनी रेटिग में सुधार करते हुए 751 पॉइंट्स कर लिए, जिससे वह टॉप रैंक वाले रोहित शर्मा से सिर्फ 32 पॉइंट्स पीछे हैं। 37 साल के कोहली ने टीम के साथी शुभमन गिल को पीछे छोड़कर नंबर 1 रैंकिंग की अपनी कोशिश जारी रखी, जो उन्होंने आखिरी बार अप्रैल 2021 में हासिल की थी, इससे पहले पाकिस्तान के बाबर आजम ने उन्हें पीछे छोड़ दिया था। रोहित ने दूसरे नंबर पर मौजूद न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल और तीसरे नंबर पर मौजूद अफगानिस्तान के इब्राहिम जाद. रान पर अपनी बढ़त बढ़ा ली है, जबकि कोहली टीम के साथी शुभमन गिल को पीछे छोड़कर चौथे नंबर पर आ गए हैं, जिससे उन्होंने टॉप पर मौजूद भारत के पूर्व कप्तान को पीछे छोड़ दिया है। भारत को बॉलिंग चार्ट में भी बढ़त मिली है, क्योंकि लेफ्ट आर्म स्पिनर कुलदीप यादव वनडे बॉलर्स में एक स्थान ऊपर चढ़कर छठे नंबर पर आ गए हैं। टी 20 में, पाकिस्तान के सैम अयूब ने श्रीलंका के खिलाफ ट्राई-सीरीज फाइनल में अपने ऑलराउंड परफॉर्मेंस के बाद ऑलराउंडर्स की नंबर 1 रैंकिंग फिर से हासिल कर ली है। अयूब ने 36 रन बनाए और एक अहम विकेट लेकर जिम्बाब्वे के सिकंदर को पीछे छोड़ दिया। पाक के अबरार (चार स्थान ऊपर चढ़कर चौथे नंबर पर) और मोहम्मद नवाज (दो स्थान ऊपर चढ़कर 11वें नंबर पर) ने भी टी20 बॉलिग रैंकिंग में बढ़त हासिल की है, नवाज प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुने जाने के बाद ऑलराउंडर्स में चौथे नंबर पर आ गए हैं। श्रीलंका के कामिल ने टी20 बैटिंग लिस्ट में सबसे बड़ी छलांग लगाई, ट्राई-सीरीज में 169 रन बनाने के बाद टॉप 100 से बाहर से 18वें नंबर पर आ गए। बांग्लादेश के परवेज हुसैन (21 पायदान ऊपर चढ़कर 38वें नंबर पर), तौहीद (42वें नंबर पर), और मुस्तफिजुर (गेंदबाजों में आठवें नंबर पर) ने भी आयरलैंड पर अपनी घरेलू सीरीज जीत के बाद सुधार किया। भारत पर 2-0 से सीरीज जीतने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने टेस्ट रैंकिंग अपडेट में अपना दबदबा बनाया। बाएं हाथ के सीमर मार्को यानसन टेस्ट गें. दबाजों में करियर के बेस्ट पांचवें नंबर पर पांच पायदान ऊपर और ऑलराउंडरों में दूसरे नंबर पर पहुंच गए।



# कैमरून ग्रीन 18 करोड़ का आंकड़ा पार नहीं कर सकते

**नई दिल्ली, वार्ता।** पहले भी आईपीएल मिनी ऑक्शन में विद.ेशी खिलाड़ियों को रिकॉर्ड पैसे मिले हैं, और कैमरून ग्रीन 16 दिसम्बर को इस ट्रेंड को आगे बढ़ा सकते हैं। ग्रीन के आने वाले आईपीएल ऑक्शन में सबसे महंगे खिलाड़ी बनने की उम्मीद है क्योंकि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और चेन्नई सुपर किग्स (सीएसके), जिनके पास सबसे ज्यादा पैसे हैं (क्रमश: 64-3 करोड़ और 43-4 करोड़ रुपये), दोनों से इस ऑलराउंडर के लिए जोरदार बोली लगाने की उम्मीद है। 2023 में, मिचेल स्टार्क को केकेआर ने 24-75 करोड़ रुपये में खरीदा था, इसके कुछ ही मिनट पहले सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने पैट कमिस को 20-5 करोड़ में खरीदा, जिससे वह आईपीएल ऑक्शन में 20 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। इन खिलाड़ियों ने 18-5 करोड़ रुपये को पीछे छोड़ दिया, पंजाब किग्स ने 2023 में पिछले मिनी ऑक्शन में सैम करन के लिए बोली लगाई थी। 2023 के ऑक्शन में, ग्रीन दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी बने, जब मुंबई इंडियंस ने उन्हें ⁄छत 17-5 करोड़ रुपये में खरीदा था। मुम्बई ने एक साल बाद ग्रीन को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को उसी कीमत पर ट्रेड कर दिया। अपने अब तक के दो आईपीएल सीजन, 2023 और 2024 में, ग्रीन ने 29 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 153-70 के स्ट्राइक रेट से 707 रन बनाए हैं। उन्होंने लेटेस्ट ऑक्शन के लिए खुद को 2 करोड़ रुपये के मैक्सिमम बेस प्राइस पर लिस्ट किया है। हालांकि वह फिर से करोड़पति बन सकते हैं, लेकिन यह 20 करोड़ रुपये से ज्यादा नहीं होगा, क्योंकि मैक्सिमम फीस 18 करोड़ रुपये से ज्यादा नहीं हो सकती। यह तब भी लागू होगा जब बोली उस नंबर से ज्यादा हो। ऐसा इसलिए है क्योंकि आईपीएल पिछले साल नया ष्मैक्सिमम फीसष रूल लाया था ताकि फ्रेंचाइजी की इस चिता को दूर किया जा सके कि कुछ विदेशी खिलाड़ी सप्लाई-डिमांड के असंतुलन का फायदा उठाने के लिए खास तौर पर मिनी ऑक्शन में रजिस्टर कर रहे थे। इसलिए, आईपीएल ने मैक्सिमम-फीस रूल लागू किया, जिसके तहत विदेशी खिलाड़ी को 18 करोड़ रुपये से ज्यादा पेमेंट नहीं किया।

# राणा को मिला एक डिमेरिट अंक

- **हर्षित राणा ने द. अफ्रीका के बल्लेबाज ब्रेविस के आउट होने के बाद ड्रेसिंग रूम की ओर इशारा किया था, जिसके चलते आईसीसी ने उन्हें फटकार लगाई**

**रांची, वार्ता।** रांची वनडे के दौरान आईसीसी की आचार सं.िहता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए भारतीय तेज गेंदबाज हर्षित राणा के खाते में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है। राणा ने दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस के आउट होने के बाद ड्रेसिग रूम की ओर इशारा किया था जिसके चलते राणा के खलिफ यह अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए आईसीसी ने उन्हें फटकार लगाई है। आईसीसी द्वारा जारी मीडिया रिलीज में कहा गया है कि राणा को खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी कर्मियों से संबंधित आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2-5 के उल्लंघन का दोषी पाया गया। जो किसी अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान बल्लेबाज के आउट होने पर अपमानजनक भाषा, कार्य या हावभाव का प्रयोग करने या बल्लेबाज की आक्रामक प्रतिक्रिया को भड़काने से संबंधित है। यह घटना दक्षिण अफ्रीका की पारी के 22वें ओवर के दौरान हुई थी जब राणा ने ब्रेविस का शिकार किया था। राणा ने मैच रेफरी रिची रिचर्ड्सन द्वारा प्रस्तावित दण्ड को स्वीकार कर लिया जिसके परिणामस्वरूप इस मामले की औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। यह 24 महीने की अवधि में राणा का यह पहला अपराध था इसलिए उनके खाते में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया। लेवल 1 का उल्लंघन करने पर न्यूनतम सजा के रूप में औपचारिक फटकार लगाने का प्रावधान है जबकि इसमें अधिकतम सजा के रूप में मैच फीस में 50 फीसदी कटौती के साथ खाते में एक या दो डिमेरिट अंक जोड़ा जा सकता है। इस समय भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच वनडे सीरीज जारी है, जिसमें भारत 1-0 से आगे है।

# विराट-गायकवाड़ के शतक

- **विराट को ने 102 और ऋतुराज गायकवाड ने 105 रनों की शानदार पारी खेली व भारत ने बनाए 358 का स्कोर किया**

**रायपुर, वार्ता।** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली (102) के लगातार दूसरे शतक और ऋतुराज गायकवाड़ (105) के पहले शतक की बदौलत भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे वनडे में बुधवार को 50 ओवर में पांच विकेट पर 358 रन का विशाल स्कोर बना लिया।

विराट ने रांची की अपनी शतकीय पारी को आगे बढ़ाते हुए 93 गेंदों पर 102 रन में सात चौके और दो छक्के लगाए जबकि गायकवाध ने वनडे में अपना पहला शतक बनाते हुए 83 गेंदों पर 105 रन में 12 चौके और दो छक्के लगाए। केएल राहुल ने भी अपनी फॉर्म बरकरार रखते हुए लगातार दूसरा अर्द्धशतक बनाया। राहुल ने 43 गेंदों पर नाबाद 66 रन में छह चौके और दो छक्के लगाए। भारत की इनिंग्स पहले वनडे जैसी ही थी, टॉप पर एक मजबूत बेस, आखिर में राहुल और रवींद्र जडेजा के कैमियो। रोहित शर्मा (14)जल्दी आउट हो गए, जबकि यशस्वी जायसवाल (22)ने एक बार फिर अपनी काबिलियत का इशारा दिया, वह इसे किसी बड़ी चीज में नहीं बदल सके। लेकिन एक आदमी जिंसने अपने मौके का पूरा इस्तेमाल किया, वह थे ऋतुराज गायकवाड़। 62/2 पर आते ही, उन्होंने मार्को यानसन की शॉर्ट. बॉल चाल का सामना किया, अपना समय लिया और फिर खुलकर खेले।

विराट कोहली ने एक परफेक्ट सीनियर पार्टनर की भूमिका निभाई, उन्हें गाइड किया और जल्द ही दोनों एक.दूसरे का स्ट्रोक दर स्ट्रोक मैच कर रहे थे। विकेटों के बीच उनकी दौड़ शानदार रही। तेज, तेज और लगातार, इसने एक शानदार 195 रन की पार्टनरशिप को मजबूत किया। गायकवाड़ ने अपना पहला वनडे शतक लगाया, जबकि को.हली ने लगातार मैचों में शतक बनाए। लेकिन कोहली के आउट होते ही, बाउंड्री सूख गईं। राहुल और जडेजा ने मिलकर 50 रन की अच्छी साझेदारी की। दक्षिण अफ्रीका ने आखिरी फेज में स्कोरिंग रेट को शानदार तरीके से वापस खींचा। एकसमय पर ऐसा लग रहा था कि भारत आसानी से 380 के स्कोर को पार कर जाएगा। लेकिन अंतिम 10 ओवरों में दक्षिण अफ्रीका ने अच्छी वापसी की। हालांकि आखिरी ओवर में 18 रन बटोर कर भारत ने खुद को 358 तक पहुंचा दिया है। जडेजा 27 गेंदों में दो चौकों की मदद से 24 रन बनाकर नाबाद रहे। दक्षिण अफ्रीका की तरफ से यानसन ने 63 रन पर दो विकेट लिए जबकि नांद्रे बर्गर और लुंगी एन्गिडी को एक-एक विकेट मिला।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## रोहित राजपाल फिर से भारतीय डेविस कप टीम के कप्तान नियुक्त

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन (एआईटीए) ने आजरोहित राजपाल को कैप्टन और आशुतोष सिंह को 31 दिसम्बर, 2026 तक भारतीय डेविस कप टीम का कोच फिर से बनाने की घोषणा की। आईटीएफ द्वारा घोषित ड्रॉ के अनुसार, भारत फरवरी 2026 में डेविस कप 2026 क्वालिफायर में नीदरलैंड्स की मेजबानी करेगा। यह मुकाबला 6-7 फरवरी या 7-8 फरवरी 2026 को खेला जाएगा, और जगह और सरफेस की पुष्टि समय पर की जाएगी। राजपाल पिछले कई मुकाबलों के लिए भारतीय डेविस कप सेट-अप का हिस्सा रहे हैं, और अपने कार्यकाल के दौरान दूसरे डेविस कप कमिटमेंट्स के साथ, इस महत्वपूर्ण घरेलू मैच में एक बार फिर टीम को लीड करेंगे।

## योगी ने हॉकी के जादूगर ध्यानचंद को दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ, वार्ता।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचन्द की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा है कि उनके समर्पण और राष्ट्र गौरव की लौ हमेशा खिलाड़ियों को प्रज्वलित करती रहेगी। सीएम योगी ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा है कि, हॉकी के जादूगर, अनुशासन और अद्भुत खेल कौशल के प्रतीक, 'पद्म भूषण' मेजर ध्यानचंद की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। उन्होंने कहा है कि आपकी प्रतिभा ने भारतीय हॉकी को स्वर्णिम पहचान दिलाई और आपकी विरासत हर खिलाड़ी में समर्पण और राष्ट्र गौरव की लौ प्रज्वलित करती रहेगी।

# स्विट्जरलैंड को हरा भारत क्वार्टर फाइनल में



**मदुरै, वार्ता।** भारत ने मंगलवार को मदुरै इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम में पुरुषों के एफआईएच हॉकी जूनियर वर्ल्ड कप 2025 के अपने आखिरी पूल बी मैच में स्विट्जरलैंड को 5-0 से हराकर अपना अपराजित क्रम जारी रखा और क्वार्टर-फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। मनमीत सिंह (2', 11') और शारदा नंद तिवारी (13', 54') दोनों ने दो-दो गोल किए, जबकि अर्शदीप सिंह (28') ने भारत के लिए अन्य गोल किया।

स्विट्जरलैंड पर जीत के साथ भारत तीन मैचों में नौ पॉइंट्स के साथ पूल बी में टॉप पर रहा। उन्होंने अपने पहले दो मैचों में चिली को 7-0 और ओमान को 17-0 से हराया था और टूर्नामेंट में अभी तक एक भी गोल नहीं खाया है। भारत का गोल रश दूसरे मिनट में शुरू हुआ, जब बर्थडे बॉय मनमीत सिंह ने होम टीम को गेम की शुरुआत में ही बढ़त दिलाई। उन्होंने 11वें मिनट में एक और शानदार फील्ड गोल करके लीड डबल कर दी, जबकि शारदा नंद तिवारी ने 13वें मिनट में अपने अच्छे पेनल्टी कॉर्नर से स्कोर 3-0 कर दिया। अर्शदीप सिंह, जिन्होंने ओमान के खिलाफ पिछले मैच में हैट्रिक बनाई थी, ने 28वें मिनट में भारतीय हॉकी टीम का चौथा गोल किया।

इस बीच, गोलकीपर प्रिस दीप सिंह ने स्विट्जरलैंड को दूर रखने के लिए कुछ शानदार सेव किए। भारत का परफॉर्मेंस क्लिनिकल था और इसने पक्का किया कि वे चौथे क्वार्टर में भी मोमेंटम बनाए रखें। शारदा नंद, जिन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, ने 54वें मिनट में अपना दूसरा और भारत का पांचवां गोल किया। भारतीय जूनियर हॉकी टीम शुक्रवार को चेन्नई में अपने क्वार्टर-फाइनल मैच में बेल्जियम से खेलेगी।

# द. अफ्रीका टीम-20 सीरीज को भारतीय टीम घोषित

## गिल और हार्दिक की वापसी, वर्ल्ड कप की जर्सी भी लॉन्च



**नई दिल्ली, वार्ता।** साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए बीसीसीआई ने भारतीय टीम का ऐलान कर दिया। जसप्रीत बुमराह को वनडे से आराम देकर टी-20 में शामिल किया गया। हार्दिक पांड्या और शुभमन गिल की भी टीम में वापसी हुई। टी-20 सीरीज 9 दिसम्बर से शुरू होगी। बीसीसीआई ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इस बात की जानकारी दी। बुधवार को ही रायपुर में बोर्ड ने टी-20 वर्ल्ड कप के लिए जर्सी भी लॉन्च की। टी-20 टीम की कप्तानी सूर्यकुमार यादव करेंगे। उपकप्तान शुभमन गिल करीब दो हफ्ते बाद वापसी करेंगे। हालांकि, फिटनेस क्लियरेंस मिलने के बाद ही वे मैच खेल पाएंगे। कोलकाता टेस्ट में उन्हें चोट लगी थी। हार्दिक पांड्या भी 73 दिन बाद टीम में लौट रहे हैं। वे एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, वाशिंगटन सुंदर। रिंकू और रेड्डी को मौका नहीं ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली टी-20 सीरीज का हिस्सा रहे रिंकू सिंह और नीतीश कुमार रेड्डी को स्क्वाड में मौका नहीं मिला। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रिंकू को एक ही मुकाबला खिलाया गया, लेकिन उनकी बैटिंग नहीं आ सकी। वे फिलहाल मुश्ताक अली टूर्नामेंट में उत्तर प्रदेश के लिए टी-20 खेल रहे हैं। रायपुर में वर्ल्ड कप की जर्सी भी लॉन्च बीसीसीआई ने 7 फरवरी से शुरू होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया की नई जर्सी भी लॉन्च कर दी। रायपुर में बीसीसीआई सेक्रेटरी देवजीत सैकिया की मौजूदगी में जर्सी लॉन्च हुई। इस दौरान टी-20 टीम के तिलक वर्मा और टूर्नामेंट के ब्रांड एम्बेसडर रोहित शर्मा भी मौजूद रहे। आलराउंडर हार्दिक एशिया कप में चोटिल हो गए थे। सुपर-4 स्टेज के मैच में लगी चोट की वजह से वे 28 सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल नहीं खेल सके। इसके बावजूद टीम इंडिया ने 5 विकेट से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया था। हार्दिक ने अब घरेलू टी-20 टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में फिफ्टी लगाकर वापसी की। उन्होंने बड़ौदा से खेलते हुए 77 रन बनाए।

# कमिंस को लेकर स्मिथ ने कहा: हम इंतजार करेंगे और देखेंगे

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ब्रिस्बेन में पिक-बॉल एशेज टेस्ट से एक दिन पहले अपने पत्ते नहीं खोल रहा है। पैट कमिस को टीम में शामिल नहीं किया गया क्योंकि वह पीठ की चोट से उबर रहे हैं, लेकिन इस हफ्ते उनके जबरदस्त स्पैल और नेट्स में लंबे समय तक बैटिंग करने से देर से ट्विस्ट की बात बढ़ गई है।

जब कमिस सबप्लॉट ने जोर पकड़ा, तो स्टैंड-इन कप्तान स्टीव स्मिथ ने मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में आकर इस मामले को और गहरा कर दिया। उन्होंने कन्फर्म किया कि अगर कमिस फिट होते हैं तो वह लीड करेंगे। स्मिथ ने कहा कि बहुत सारी चीजें टेबल पर हैं--- मैं अभी आपको बहुत कुछ नहीं बता सकता, मुझे माफ करना। स्मिथ ने आगे कहा कि जिस तरह से उन्होंने नेट्स में बॉलिग की है, वह मुझे काफी अच्छा लग रहा है। जाहिर है, गेम में इंटेंसिटी तो अलग होती है, लेकिन वह बहुत अच्छी तरह से ट्रैक कर रहे हैं। वह अपने शरीर को अच्छी तरह जानते हैं और हम इंतजार करेंगे और देखेंगे। स्मिथ ने कमिस व एंड्रयू मैकडोनाल्ड द्वारा शुरू की गई फ्लेक्सिबल बैटिंग-ऑर्डर की बहस पर भी अपनी राय दी और हेड ने भी इसे हवा दी, जिन्होंने पर्थ में रन-चेज में ओपनिग करते हुए अपनी ऐतिहासिक सफलता के बाद बैटिंग ऑर्डर को ओवररेटेड कहा था। स्मिथ ने ज्यादा जमीनी राय दी। उन्होंने कहा, पिंक बॉल, कुछ भी मुमकिन है। हम पहले भी दो नाइटवॉचमैन रखने और ऐसी चीजों को लेकर काफी खुले रहे हैं। यह पूरी तरह से अलग गेम है। आपको किसी भी स्टेज पर वही खेलना होता है जो आपके सामने हो। लेकिन मुझे पक्का नहीं है कि मैं उन दोनों (कमिंस व हेड) से पूरी तरह सहमत हूं कि बैटिंग ऑर्डर को ओवररेटेड माना जाता है। एक जैसे रोल में रहना और बार-बार उस रोल की आदत डालना अच्छा लगता है। यह गेम में बदल सकता है, और शायद यही आगे का रास्ता है। लेकिन एक इनिग के लिए कुछ खास जगहें और दूसरी इनिग के लिए दूसरी जगहें, मुझे पक्का नहीं पता। एक ही रोल होना अच्छा है और जितना हो सके उसकी आदत डालने की को.शिश करें। स्मिथ ने गाबा के लिए एक छोटे लेकिन दिलचस्प बदलाव की भी पुष्टि की।

## क्या पिंक बॉल की चुनौती से निपट पाएगा इंग्लैंड

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच जारी एशेज का दूसरा टेस्ट ब्रिस्बेन में खेला जाएगा। यह एक डे-नाईट मुक़ाबला होगा। यह मुक़ाबला भारतीय समयानुसार 4 दिसम्बर को सुबह 9-30 बजे शुरू होगा। विल जैक्स को इंग्लैंड के एकादश में शामिल किया गया है, वहीं उस्मान ख्वाजा अभी तक चोट से नहीं उबर पाए हैं। ऑस्ट्रेलिया सीरीज में इस समय 1-0 से आगे है और उन्होंने पर्थ में दो दिन में समाप्त हुए टेस्ट मैच में इंग्लैंड को आठ विकेट से करारी शिकस्त दी थी। टीम न्यूज और संभावित इलेविन खवाजा अब तक पीठ की चोट से उबर नहीं पाए हैं इसलिए वह दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। ख्वाजा की अनुपस्थिति में ट्रैविस हेड एक बार फिर पारी की शुरुआत कर सकते हैं जिन्होंने पर्थ में दूसरी पारी में तूफानी शतक जड़कर ऑस्ट्रेलिया की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वहीं पैट कमिस को लेकर स्पष्टता नहीं है। उन्होंने मंगलवार को बल्लेबाजी का अभ्यास किया था।

# जैकब के पंजे से कीवियों को 96 रनों की बढ़त

**क्राइस्टचर्च, वार्ता।** जैकब डफी ने पहली बार पांच विकेट लिए, जिससे न्यूजीलैंड ने क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में बढ़त बना ली। डफी ने वेस्टइंडीज के निचले क्रम को संभाला, जबकि मैट हेनरी ने तीन अहम विकेट लिए, जिससे मेहमान टीम 67 रन पर आठ विकेट खोकर 167 रन पर आउट हो गई। न्यूजीलैंड के ओपनर्स ने फिर पहली पारी की बढ़त को 96 रन तक पहुंचाया और दिन के आखिर में सात ओवर के स्पेल में बिना किसी नुकसान के बाहर निकले। दिन का दूसरा हॉफ जिस तरह खत्म हुआ, उसके ठीक उलट, पहले हॉफ में वेस्टइंडीज ने बाजी मारी। उन्होंने आखिरी बचा हुआ विकेट लेने में सिर्फ तीन गेंदें लीं, जिससे न्यूजीलैंड अपने रात के स्कोर 231 पर ढेर हो गया। सुबह बैटिंग के लिए हालात मुश्किल बने रहे, जैसा कि जकारी



फाउल्केस और हेनरी ने जॉन कैंपबेल और एलिक अथानाजे को कुछ ही देर में आउट कर दिया, जिससे वेस्टइंडीज का स्कोर लगभग 11 ओवर की मुश्किल बैटिंग में 2 विकेट पर 10 रन हो गया। लेकिन इसके बाद चीजें आसान हो गईं, कुछ हद तक न्यूजीलैंड की अच्छी फील्डिग की वजह से। तेजनारायण चंद्रपॉल को लेग गली में दो बार जीवनदान दिया गया, दोनों बार डेवोन कॉनवे ने। इसके बाद बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने होप के साथ एक मजबूत पार्टनरशिप की, जो आंख में इन्फेक्शन के कारण सन ग्लासेस पहनकर बैटिंग कर रहे थे। पारी की पहली बाउंड्री 23वें ओवर के आखिर में आई जब होप ने डफी को कवर्स की तरफ ड्राइव किया। 5 और 24 रन पर जीवनदान पाने के बाद, चंद्रपॉल अपनी पारी में बेहतर हुए और अपने डिफेंस को लेकर ज्यादा कॉन्फिडेंट थे। लंच के तुरंत बाद होप ने अपनी हॉफ सेंचुरी पूरी की, जब वह न्यूजीलैंड की शॉर्ट-बॉल चाल से परेशान हो रहे थे।

**शाह टाइम्स**

## सम्पादकीय

**गुरुवार, 4 दिसम्बर 2025**

# साइबर अपराधों का जाल

केंद्र सरकार ने मोबाइल फोन में संचार साथी के प्री-इंस्टालेशन की अनिवार्यता को हटाने की बात कही है। सरकार का कहना है कि सभी नागरिकों को साइबर सुरक्षा का लाभ देने के उद्देश्य से सरकार ने सभी स्मार्टफोन्स में संचार साथी एप को प्री-इंस्टाल करना अनिवार्य किया था। यह एप पूरी तरह सुरक्षित है और इसका मकसद सिर्फ नागरिकों को साइबर दुनिया के अपराधियों से बचाना है। संचार साथी की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए, सरकार ने मोबाइल निर्माताओं के लिए अनिवार्य प्री- इंस्टालेशन को हटाने का फैसला लिया था। सरकार के इस कदम को एपल के फैसले से भी जोड़कर देखा जा रहा है। सरकार से आदेश मिलने के बाद स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनी एपल ने इसका पालन करने से इन्कार कर दिया था। वहीं साइबर अपराधों की बढ़ती जटिलता, डिजिटल अरेस्ट से लेकर गुमनाम व बड़े पैमाने पर सीमा-पार घपलों, ने उनसे तुरंत निपटना जरूरी और कठिन दोनों बना दिया है। साइबर अपराधियों ने उस सुरक्षा खामी का फायदा उठाया है, जिसमें इंस्टैंट मैसेजिंग एप्स पर उपयोगकर्ताओं के खाते संबद्ध सिम कार्ड हटा दिये जाने के बाद भी चालू रहते हैं। इस गुमनामी का इस्तेमाल करते हुए वे सरकार का रूप धर कर धोखाधड़ी करते हैं। फर्जी या छेड़छाड़ किये हुए आईएमईआई नंबरों के धड़ल्ले से इस्तेमाल ने भी कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए अपराधियों को खोज निकालना लगभग नामुमकिन बना दिया है। ऐसे में, सरकार द्वारा साफ्टवेयर और हार्डवेयर संबंधी इन कमजोरियों के निवारण के लिए ज्यादा धारदार साधनों के इस्तेमाल की कोशिश शायद अपरिहार्य हो गयी है। दूरसंचार विभाग के 28 नवम्बर और 1 दिसम्बर के निर्देश भी यही बताते हैं। पहला निर्देश सिम बाइंडिंग , यह सुनिश्चित करना कि वास्तविक सिम हटाने पर उपयोगकर्ता का खाता ठप हो जाए, को बाध्यकारी बनाता है। दूसरे में, स्मार्टफोन निर्माताओं को मार्च 2026 तक सभी नये यंत्रों (डिवाइस) में डिवाइस आथेंटिसिटी के सत्यापन के लिए संचार साथी एप प्री-इंस्टाल करना था। पहला निर्देश एक सुरक्षा पैबंद जो व्हाट्सएप/इंटरनेट मैसेजिंग उपयोगकर्ताओं को असुविधा में डाल सकता है, जबकि दूसरा उस कहावत की याद दिलाता है कि नरक का रास्ता बनने की शुरुआत अक्सर अच्छी मंशा से होती है। जाली हैंडसेट और फर्जी आईएमईआई नंबर की समस्या का यह हल एक ऐसा इलाज है, जो बीमारी से ज्यादा नुकसानदेह हो सकता है। निर्देश में बिल्कुल साफ कहा गया था कि एप पहली बार इस्तेमाल या डिवाइस सेटअप के समय अंतिम उपयोगकर्ताओं के लिए आसानी से नजर आने वाला और सुगम पहुंच वाला हो तथा इसकी कार्यशीलताओं को अक्षम या सीमित नहीं किया जा सके, जिसका मतलब यह हुआ कि इस एप को फोन के आपरेटिंग सिस्टम के भीतर उच्च सुरक्षा मंजूरी दी जाएगी, जिससे इसे कैमरा, फोन या एसएमएस एक्सेस जैसी सुविधाओं तक ज्यादा घुसपैठ वाली पहुंच मिलेगी। राज्य निगरानी (स्टेट सर्विलांस) के लिए इस एप के दुरुपयोग और सुरक्षा से समझौते के बाद किसी बदनीयत व्यक्ति या संगठन द्वारा करोड़ों उपयोगकर्ताओं को निशाना बनाये जाने की आशंका साफ तौर पर मौजूद है। केंद्र सरकार ने राजनीतिक विपक्ष, पत्रकारों और एक्टिविस्टों को निशाना बनाने के लिए पेगासस साफ्टवेयर के इस्तेमाल के साथ जो किया है, उसे देखते हुए यह बेबुनियाद डर नहीं है।

## पर्यावरण संरक्षण के प्रति उदासीनता



मोदी सरकार ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति शुरू से ही गंभीर उदासीनता दिखाई है, वह प्राकृतिक दोहन को बढ़ावा देती है और धरती के लिए तथा आने वाली पीढ़ियों पर पड़ने वाले इसके प्रभावों को नजरअंदाज करती रही है, क्या नीति निर्माण कुछ लोगों को तात्कालिक लाभ पहुंचाने के लिए इस कदर कमजोर होनी चाहिए कि उससे लाखों लोगों के हितों को नजरदअंदाज किया जाए, अरावली पहाड़ियों को लेकर जो नीतियां तैयार की हैं, उसके तहत 100 मीटर से कम ऊंचाई वाली पहाड़ियों पर खनन प्रतिबंध लागू नहीं होंगे, गुजरात से लेकर राजस्थान और हरियाणा तक फैली अरावली पर्वतीय शृंखला ऐतिहासिक रूप से देश की भूगोलिक और विरासत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रही है, लेकिन अब सरकार की नई नीतियों ने इन पहाड़ियों के लिए रूप से मौत का फरमान जारी कर दिया है। **-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# आत्महत्या करते विश्व गुरु के गुरुजन







**निर्मल रानी**

**शिक्षक का काम सिर्फ पढ़ाना नहीं, बल्कि छात्रों के अंदर सपने जगाना और उन्हें पंख देना है। कलाम साहब का मानना था कि अगर कोई देश भ्रष्टाचार-मुक्त और सुन्दर मन वाला समाज चाहता है, तो मुझे पूरा यकीन है कि समाज के तीन सदस्य इसमें बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। मां, पिता और गुरु। यहां तक कि शिलांग में अपने जीवन के अंतिम क्षणों में दिए गए अपने अंतिम भाषण में भी उन्होंने अपनी एक स्मृति का उल्लेख इन शब्दों में किया था, मुझे याद है मेरे शिक्षक ने कहा था, अगर तुम अच्छे शिक्षक बनो, तो तुम्हारा छात्र तुम्हें पार कर जाएगा। मैंने यही किया और आज मेरा छात्र ( वे IIM शिलांग के छात्रों की ओर इशारा कर रहे थे ) मुझे पार कर जाएगा। यह शिक्षक का सबसे बड़ा इनाम है।**

मतदाता सूची के संशोधन के लिए देश के कई राज्यों में चलाया जा रहा विवादित विशेष गहन संशोधन SIR इन दिनों काफी चर्चा में है। SIR को लेकर कथित तौर पर बरती जा रही अनियमितताएं तो चर्चा में हैं ही साथ ही इस अभियान के दौरान बड़ी संख्या में बूथ लेवल ऑफिसर बीएलओ की आत्महत्याओं के मामले भी सुर्खियों में हैं। अलग-अलग रिपोर्ट्स के मुताबिक नवम्बर-दिसम्बर 2025 में कम से कम 12 से 20 बीएलओ ने आत्महत्या की है, जबकि आत्महत्या सहित हार्ट अटैक व स्ट्रोक आदि से 30 से अधिक बीएलओ की मृत्यु होने का समाचार है। आत्महत्या करने वाले कई बी एल ओ ने भले ही अपने सुसाईड नोट या आत्महत्या से पूर्व जारी अपने वी डी ओ सन्देश में स्पष्ट रूप से काम के भारी दबाव व तनाव की बात क्यों न की हो परन्तु चुनाव आयोग इन मौतों को SIR से जोड़ने से इंकार करता है और इन्हें अन्य प्रकार के मामलेष बताता है। आयोग ने इन मौतों को लेकर कुछ विपक्षी दलों द्वारा लगाए जा रहे आरोपों को राजनी. तिक करार देते हुए कहा है कि ये मौतें SIR प्रक्रिया से सीधे जुड़ी नहीं हैं, और अधिकांश मामलों की जांच चल रही है।

बहरहाल SIR प्रक्रिया व इसी दौरान बूथ लेवल ऑफिसर बीएलओ की आत्महत्याओं के सन्दर्भ में एक सबसे अहम बात यह है कि आत्महत्या करने वाले इन बूथ स्तरीय अधिकारियों में अधिकांशत: शिक्षक ही शामिल हैं? बीएलओ आमतौर पर सरकारी स्कूल शिक्षक ही होते हैं, क्योंकि चुनाव आयोग सरकारी कर्मचारियों, खासकर शिक्षकों को ही इस भूमिका के लिए नियुक्त करता है। तो क्या राष्ट्र निर्माण की धुरी समझे जाने वाले शिक्षक समाज की नौबत अब यहां तक आ पहुंची है कि उन्हें आत्महत्या करने पर मजबूर होना पड़ रहा है? वह भी किसी गैर शिक्षण संबंधी कार्य का निर्वहन करते हुए? इन घटनाओं ने एक बार फिर यह बहस छेड़ दी है कि क्या देश के गुरुजनों को ऐसी सरकारी ड्यूटी पर लगाना चाहिए जहां न केवल उन्हें तनावग्रस्त होना पड़े बल्कि उनकी डडूटी के दौरान बाधित होने वाले शिक्षण कार्यों से भी देश के छात्रों का भविष्य प्रभावित हो?

भारत सरकार या चुनाव आयोग की नजरों में शिक्षक की अहमियत क्या है यह तो सरकार व चुनाव आयोग की उदासीनता से बखूबी समझा जा सकता है परन्तु भारत रत्न एपी जे अब्दुल कलाम की नजरों में शिक्षक का महत्व क्या है यह विभिन्न अवसरों पर उन्होंने बयान किया है। अब्दुल कलाम शिक्षकों को समाज का सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ मानते थे। वे अक्सर कहते रहते थे कि शिक्षक राष्ट्र-निर्माता होते हैं कलाम साहब कहते थे कि शिक्षक वो नहीं जो छात्र के दिमाग में तथ्य ठूंसे, बल्कि एक अच्छा शिक्षक वो है जो छात्र के दिमाग में रचनात्मकता की लौ जलाए। शिक्षक का काम सिर्फ पढ़ाना नहीं, बल्कि छात्रों के अंदर सपने जगाना और उन्हें पंख देना है। कलाम साहब का मानना था कि अगर कोई देश भ्रष्टाचार-मुक्त और सुन्दर मन वाला समाज चाहता है, तो मुझे पूरा यकीन है कि समाज के तीन सदस्य इसमें बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। मां, पिता और गुरु। यहां तक कि शिलांग में अपने जीवन के अंतिम क्षणों में दिए गए अपने अंतिम भाषण में भी उन्होंने अपनी एक स्मृति का उल्लेख इन शब्दों में किया था, मुझे याद है मेरे शिक्षक ने कहा था, अगर तुम अच्छे शिक्षक बनो, तो तुम्हारा छात्र तुम्हें पार कर जाएगा। मैंने यही किया और आज मेरा छात्र (वे IIM शिलांग के छात्रों की ओर इशारा कर रहे थे) मुझे पार कर जाएगा। यह शिक्षक का सबसे बड़ा इनाम है। कलाम साहब के लिए शिक्षक कोई नौकर नहीं, बल्कि वह राष्ट्र की आत्मा को गढ़ने वाले माली के समान है। वे मानते थे कि एक अच्छा शिक्षक पूरे देश के भविष्य को बदल सकता है। शायद यही वजह थी कि वे स्वयं को भारत रत्न,पूर्व राष्ट्रपति या मिसाईल मैन कहलवाना नहीं बल्कि प्रोफेसर कहलाना ज्यादा पसंद करते थे।

इस सन्दर्भ में हरियाणा सरकार के हाल ही में लिए गए उस फैसले की प्रशंसा करना जरूरी है जिसमें राज्य सरकार ने शिक्षकों को केवल शिक्षण कार्य और शिक्षण से जुड़ी गतिविधियों तक ही सीमित रखने का आदेश जारी किया है। यह फैसला शिक्षा के अधिकार अधिनियम-2009 की धारा 27 के तहत लिया गया है जिसमें चुनाव ड्यूटी, सर्वे, डेटा एंट्री जैसे गैर-शैक्षणिक कार्यों से शिक्षकों को मुक्त कर केवल स्कूलों में उनकी उपस्थिति सुनिश्चित की गई है। खबर तो यह है कि यह आदेश वार्षिक परीक्षाओं की तैयारी को ध्यान में रखते हुए जारी किया गया है। परन्तु यदि हरियाणा सहित देश के सभी राज्य इस प्रकार के स्थाई आदेश जारी करें तो सम्भवत: चुनावै,प्त या जनगणना जैसे अन्य विभागों के काम के बोझ से दबकर आत्म हत्या किए जाने जैसी खबरों पर जरूर विराम लग सकेगा, परन्तु बड़े आश्चर्य की बात है कि गुरु को लेकर तरह तरह के उपदेश देने व उनके सम्मान का दिखावा करने वाली सरकारों ने आज गुरु को उस अंजाम तक पहुंचा दिया है जहां उन्हें आत्म हत्या करनी पड़ रही है? आज क्यों नहीं याद आती सरकार को संत कबीर दास की वह वाणी जिसमें उन्होंने कहा था कि गुरु गोविन्द दोऊ खड़े, काके लागूं पांय। बलिहारी गुरु आपने गोविन्द दियो बताय। अर्थात गुरु और गोबिंद भगवान एक साथ खड़े हों तो किसे प्रणाम करना चाहिए। गुरु को अथवा गोबिन्द को? ऐसी स्थिति में गुरु के चरणों में शीश झुकाना उत्तम है जिनके कृपा रूपी प्रसाद से गोविन्द का दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ या फिर संत कबीर के ही यह वचन कि गुरु बिन ज्ञान न उपजै, गुरू बिन मिलै न मोष। गुरु बिन लखै न सत्य को गुरू बिन मिटै न दोष।। अर्थात- हे सांसरिक प्राणियों। बिना गुरु के ज्ञान का मिलना असम्भव है। तब तक मनुष्य अज्ञान रूपी अंधकार में भटकता हुआ मायारूपी सांसारिक बन्धनों मे जकड़ा रहता है जब तक कि गुरू की कृपा प्राप्त नहीं होती। मोक्ष रूपी मार्ग दिखलाने वाले गुरु ही हैं। बिना गुरु के सत्य एवं असत्य का ज्ञान नहीं होता। उचित और अनुचित के भेद का ज्ञान नहीं होता फिर मोक्ष कैसे प्राप्त होगा? अत: गुरु की शरण में जाओ। गुरु ही सच्ची राह दिखाएंगे। परन्तु कितना दु:खद है कि गुरु पूर्णिमा व शिक्षक दिवस के अवसर पर गुरु सम्मान का दिखावा करने वाली आज की सरकारों के दौर में विश्व गुरु भारत के गुरुजन स्वयं आत्महत्या करते दिखाई दे रहे हैं?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# प्रदूषण ने छीन ली चेहरे की चमक

**इसके बाद पानी आधारित क्लींजर का इस्तेमाल किया जाता है जो रोमछिद्रों को साफ करता है। इसके बाद पेप्टाइड युक्त मरम्मत करने वाला सीरम लगाएं और मॉइस्चराइजर उपयोग करें। बाहर जाते समय चेहरे को कपड़े से ढकें और धूल वाले स्थान से दूरी बनाएं। आंखों के लिए चश्मा या धूप का चश्मा पहनें। इससे धूल और धुएं का सीधा असर कम होता है।**



**शहनाज हुसैन**

देश में प्रदूषण का स्तर किसी से छिपा नहीं है। पिछले काफी हफ्तों से ज्यादातर शहरों में पी एम लेवल 150 से पार रिकॉर्ड किया जा रहा है जो कोलेजन और इलास्टिसिटी जैसे महत्वपूर्ण तत्वों को नुकसान पहुंचाता है। आज के समय में बढ़ते प्रदूषण का असर पर्यावरण के अतिरिक्त त्वचा और आंखों पर दिखाई देता है। इसकी वजह से त्वचा बेजान और बेरुखी नजर आती हैं तथा त्वचा पर एक्ने, एक्जिमा व हाइपरपिग्मेंटेशन जैसी समस्याएं बढ़ती हैं जिससे आप समय से पहले ही बूढ़े दिखने लगते हैं। प्रदूषण के कारण त्वचा की सुरक्षा प्रणाली कमजोर हो जाती है। इससे त्वचा में नमी की कमी होती है और ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस बढ़ता है।

मेरा यह सुझाव है कि बाहर से आते ही चेहरे को हल्के फेस वाश से जरूर धोएं ताकि त्वचा पर जमी धूल, गंदगी को हटाया जा सके जिससे त्वचा की सुरक्षा परत को सुरक्षित रखा जा सके। सनस्क्रीन का इस्तेमाल सूरज की यूवी किरणों के इलाबा प्रदूषण से भी आपकी स्किन की सुरक्षा करता है। एक व्यापक 30 एसपीएफ या उससे अधिक स्पेक्ट्रम वाली सनस्क्रीन का उपयोग करें। सुबह बाहर निकलने से पहले सनस्क्रीन जरूर लगाएं, क्योंकि प्रदूषण और धूप मिलकर नुकसान को कई गुना बढ़ा देते हैं। सप्ताह में दो से तीन बार स्किन की गहराई से सफाई और एक्सफोलिएशन करें, ज्यादातर लोग त्वचा की सामान्य तरीके से क्लींजिंग करते हैं। जबकि बढ़ते प्रदूषण में स्किन को डीप क्लीनिंग करनी होती है। चेहरे को धोने के लिए ऑयल बेस्ड क्लींजर का यूज करें दिन में दो बार फेस वॉश जरूर करें। पूरे दिन त्वचा पर प्रदूषण और गंदगी जमा हो जाती है जिसे साफ करने के लिए सोने से पहले डबल क्लींजिंग करें। इसमें पहले तेल आधारित क्लींजर से अशुद्धियों को पिघलाकर चेहरे को साफ किया जाता है। इसके बाद पानी आधारित क्लींजर का इस्तेमाल किया जाता है जो रोमछिद्रों को साफ करता है। इसके बाद पेप्टाइड युक्त मरम्मत करने वाला सीरम लगाएं और मॉइस्चराइजर उपयोग करें। बाहर जाते समय चेहरे को कपड़े से ढकें और धूल वाले स्थान से दूरी बनाएं। आंखों के लिए चश्मा या धूप का चश्मा पहनें। इससे धूल और धुएं का सीधा असर कम होता है। त्वचा को डिटॉक्स और हाइड्रेट करने के लिए रोजाना पर्याप्त पानी जूस ,सूप पिएं और अपने भोजन में रोज फल व सब्जियां शामिल करें। इस दौरान एंटीऑक्सीडेंट युक्त आहार लेना भी मददगार साबित हो सकता है। एंटीऑक्सीडेंट ज्यादातर फल और सब्जियों में पाए जाते हैं। फलों में ज्यादातर जामुन, स्ट्रॉबेरी, ब्लूबेरी, रास्पबेरी, अंगूर , संतरे और अनार में पाए जाते हैं ६ सब्जियों में पालक , गाजर और ब्रॉक्ली इसके स्त्रोत हैं। प्रदूषण से जंग जीतने में घर से बाहर निकलने से पहले त्वचा पर विटामिन सी युक्त सिरम जरूर लगाएं। इससे स्किन को फ्री रेडिकल से बचाया जा सकता है और त्वचा की रंगत में निखार आता है। एंटीऑक्सीडेंट्स युक्त क्रीम लगाने से चेहरे के पिगमेंटेशन कम होते हैं और त्वचा को कई अन्य लाभ भी मिलते हैं। इस दौरान ज्यादा गर्म या ठंडे पानी से नहाने से परहेज करें क्योंकि यह त्वचा को शुष्क बना सकता है इसकी बजाय सामान्य या गुनगुने पानी का इस्तेमाल बेहतर साबित होगा। बार-बार मुंह धोने से त्वचा की सुरक्षा परत कमजोर पड़ सकती है इसलिए दो बार से ज्यादा मुंह न धोएं। अगर आपकी त्वचा में जलन हो रही हो तो कठोर स्क्रब, अल्कोहल। आधारित टोनर और रेटिनॉइड जैसे उत्पादों से परहेज करें क्योंकि ए नुकसान पहुंचा सकते हैं। यदि आपकी त्वचा शुष्क है तो आपको क्लीजिंग क्रीम तथा जैल का प्रयोग करना चाहिए जबकि तैलीय त्वचा में क्लीनिंग दूध या फेस वाश का उपयोग किया जा सकता है। सौंदर्य पर प्रदूषण के प्रभावों को कम करने के लिए चन्दन, यूकेलिप्टस, पुदीना, नीम, तुलसी, घृतकुमारी जैसे पदार्थो का उपयोग कीजिए। इन पदार्थो में विषैले तत्वों से लड़ने की क्षमता तथा बलवर्धक गुणों की वजह से त्वचा में विषैले पदार्थो के जमाव तथा फोड़े, फुन्सियों को साफ करने में मदद मिलती है। वायु प्रदूषण खोपड़ी पर भी जमा हो जाते है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# भारत की नीली सीमाओं की अजेय प्रहरी भारतीय नौसेना



**योगेश कुमार गोयल**

प्रतिवर्ष 4 दिसम्बर को भारतीय नौसेना के जांबाजों को याद करते हुए भारतीय नौसेना दिवस मनाया जाता है। यह दिवस 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारतीय नौसेना की शानदार जीत के जश्न के रूप में मनाया जाता है। दरअसल 3 दिसम्बर 1971 को पाकिस्तानी सेना ने हमारे हवाई और सीमावर्ती क्षेत्र में हमला कर दिया था। दुष्ट पाकिस्तान को उस हमले का मुहतोड़ जवाब देने के लिए पाकिस्तानी नौसेना के कराची स्थित मुख्यालय को निशाने पर लेकर ऑपरेशन ट्राइडेंट चलाया गया था और भारतीय नौसेना की मिसाइल नाव तथा दो युद्धपोतों के आक्रमणकारी समूह ने कराची के तट पर जहाजों के समूह पर हमला कर दिया था। हमले में पाकिस्तान के कई जहाज और ऑयल टैंकर तबाह कर दिए गए थे।

भारतीय नौसेना का वह हमला इतना आक्रामक था कि कराची बंदरगाह पूरी तरह बर्बाद हो गया था और कराची तेल डिपो पूरे सात दिनों तक धू-धूकर जलता रहा था। तेल टैंकरों में लगी आग की लपटों को 60 किलोमीटर दूर से भी देखा जा सकता था। उस हमले में कराची हार्बर फ्यूल स्टोरेज तबाह होने के कारण पाकिस्तानी नौसेना की कमर टूट गई थी। भारतीय नौसेना द्वारा किए गए हमले में तीन विद्युत क्लास मिसाइल बोट, दो एंटी-सबमरीन और एक टैंकर शामिल थे और युद्ध में भारतीय नौसेना ने पहली बार जहाज पर मार करने वाली एंटी शिप मिसाइल से हमला किया था। ऑपरेशन ट्राइडेंट की सफलता के बाद भारत-पाकिस्तान युद्ध में जीत हासिल करने वाली भारतीय नौसेना की शक्ति और बहादुरी को सलाम करने के लिए 4 दिसम्बर को भारतीय नौसेना दिवस मनाने की शुरूआत हुई। नौसेना दिवस समारोह में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की योजना विशाखापट्टनम स्थित भारतीय नौसेना कमान द्वारा तैयार की जाती है। समारोह की शुरुआत युद्ध स्मारक पर पुष्प अर्पित करके की जाती है, उसके बाद नौसेना की पनडुब्बियों, जहाजों, विमानों आदि की ताकत और कौशल का प्रदर्शन किया जाता है। नौसेना के मुंबई स्थित मुख्यालय में इस अवसर पर नौसैनिक अपने शौर्य का प्रदर्शन करते हैं और गेटवे ऑफ इंडिया बीटिंग रीट्रिट सेरेमनी का आयोजन किया जाता है। भारतीय नौसेना मुख्य रूप से तीन भागों वेस्टर्न नेवल कमांड, ईस्टर्न नेवल कमांड तथा दक्षिणी नेवल कमांड में बंटी है। वेस्टर्न नेवल कमांड का मुख्यालय मुंबई में, ईस्टर्न नेवल कमांड का विशाखापत्तनम में और दक्षिणी नेवल कमांड का कोच्चि में है। वेस्टर्न तथा ईस्टर्न कमांड ऑपरेशनल कमांड है, जो अरब सागर और बंगाल की खाड़ी को संभालती है जबकि दक्षिणी नेवल कमांड ट्रेनिंग कमांड है। केरल स्थित एझिमाला नौसेना अकादमी एशिया की सबसे बड़ी नौसेना अकादमी है। भारत के राष्ट्रपति भारतीय नौसेना के सुप्रीम कमांडर हैं। वॉइस एडमिरल राम दास कटारी 22 अप्रैल 1958 को भारतीय वायुसेना के पहले भारतीय चीफ बने थे। भारतीय नौसेना का नीति वाक्य है शं नो वरुण: अर्थात जल के देवता वरुण हमारे लिए मंगलकारी रहें। भारतीय नौसेना 4 दिसम्बर 2025 को तिरुवनंतपुरम के



शंगुमुघम बीच पर नौसेना दिवस को भव्य और अद्वितीय ऑपरेशनल प्रदर्शन के रूप में मना रही है। यह आयोजन न केवल 1971 के ऐतिहासिक युद्ध विजय को स्मरण करेगा, बल्कि हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की उभरती सामरिक शक्ति और बढ़ते समुद्री प्रभाव का भी प्रतीक बनेगा। इस अवसर पर सतह पोतों, पनडुब्बियों और हवाई युद्धक क्षमताओं का शानदार संगम देखने को मिलेगा, जो नौसेना की बहु-क्षेत्रीय तत्परता और सटीक सैन्य संचालन की क्षमता को प्रदर्शित करेगा। पूरे प्रदर्शन का केंद्रबिंदु आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना होगी। स्वदेशी जहाजों, हथियार प्रणालियों और तकनीकी प्लेटफॉर्म की प्रस्तुति यह स्पष्ट संदेश देगी कि भारतीय नौसेना मेक इन इंडिया की आत्मा को वास्तविक शक्ति में बदल रही है। यह आयोजन न केवल तकनीकी उत्कृष्टता, संसाधन क्षमता और ऊर्जावान रणनीतिक सोच का परिचायक बनेगा बल्कि हिंद महासागर क्षेत्र में भारत को पसंदीदा सुरक्षा साझेदार के रूप में स्थापित करने की नौसेना की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करेगा। यह भव्य प्रदर्शन उन वीर पुरुषों और महिलाओं को नमन है, जो अनुशासन, साहस और राष्ट्रनिष्ठा के साथ समुद्री सीमाओं की रक्षा करते हैं। यह भारतीय नौसेना को एक आधुनिक, आत्मनिर्भर और युद्ध के लिए सदा तत्पर बल के रूप में स्थापित करने का सशक्त घोष है। भारतीय नौसेना का कार्य भारत की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा करना है और इसके गठन का इतिहास ब्रिटिश काल से जुड़ा है। ईस्ट इंडिया कम्पनी ने भारतीय नौसेना की स्थापना वर्ष 1612 में ब्रिटिश व्यापारियों के जहाजों की सुरक्षा के लिए ईस्ट इंडिया कम्पनी मरीन के रूप में की थी। वर्ष 1686 तक ब्रिटिश व्यापार पूरी तरह से बॉम्बे में स्थानांतरित हो जाने के बाद इस दस्ते का नाम ईस्ट इंडिया मरीन से बदलकर बॉम्बे मरीन कर दिया गया, जिसने मराठा, सिंधी युद्ध के साथ-साथ वर्ष 1824 में बर्मा युद्ध में भी हिस्सा लिया था। वर्ष 1892 में इसका नाम रॉयल इंडियन नेवी रखा गया। देश की आजादी के बाद वर्ष 1950 में नौसेना का गठन फिर से किया गया और 26 जनवरी 1950 को भारत के लोकतांत्रिक गणराज्य बनने के बाद इसका नाम रॉयल इंडियन नेवी से बदलकर इंडियन नेवी भारतीय नौसेना कर दिया गया। भारतीय नौसेना वर्तमान में विशालकाय और एडवांस फीचर से लैस अपने युद्धक पोतों, सबमरीन्स इत्यादि के बलबूते दुनियाभर में चौथे स्थान पर है। मौजूदा समय में भारतीय नौसेना की ताकत पर नजर डालें तो भारतीय नौसेना के बेड़े में दो विशाल विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य तथा आईएनएस विक्रांत के अलावा अनेक अत्याधुनिक एयरक्राफ्ट, वॉरफेयर शिप, सबबमरीन तथा अन्य सैन्य साजो-सामान हैं, जो इसे दुनिया में चौथी सबसे मजबूत नौसेना बनाते हैं। बहरहाल, यह गर्व की बात है कि हिन्द महासागर में ड्रैगन के कब्जे की रणनीति को नाकाम करने के लिए भारत अपनी समुद्री ताकत बढ़ाने के लिए लगातार विध्वंसक युद्धपोतों और पनडुब्बियों के निर्माण में लगा है। इसी कड़ी में आईएनस कलवरी, खंडेरी और आईएनएस करंज के बाद स्वदेशी पनडुब्बी आईएनएस वेला को नौसेना में शामिल किया जा चुका है, जो अत्याधुनिक मशीनरी और टैक्नोलॉजी के साथ-साथ घातक हथियारों से भी लैस है। इस सबमरीन को साइलेंट किलर कहा जाता है, जो दुश्मन को उसकी मौत की भनक तक नहीं लगने देती। कुल मिलाकर, भारतीय नौसेना की ताकत दिनों-दिन बढ़ रही है और वर्तमान में इसकी ताकत के आगे पाकिस्तानी नौसैना कहीं नहीं ठहरती तथा चीन की चुनौतियों का भी हमारी नौसेना डटकर मुकाबला कर रही है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अफगान: 13 साल के बच्चे ने दी मौत की सजा

## स्टेडियम में करीब 80 हजार लोग देखने जुटे, दोषी ने बच्चे के 13 परिजनों की जान ली थी

**काबुल।** अफगानिस्तान के खोस्त प्रांत में एक स्टेडियम में 80 हजार लोगों के सामने एक अपराधी को गोली मार दी गई। अमू न्यूज के मुताबिक गोली चलाने का काम एक 13 साल के लड़के ने किया। जिस आदमी को 13 साल के लड़के ने मारा, उस पर आरोप था कि उसने उसके परिवार के 13 लोगों की हत्या की थी।

इसमें कई बच्चें और महिलाएं भी थीं। फांसी से पहले तालिबान अधिकारियों ने उस 13 साल के बच्चे से पूछा कि क्या वह आरोपी को माफ करना चाहता है। बच्चे ने इंकार कर दिया। इसके बाद अधिकारी ने बच्चे को बंदूक देकर सामने खड़े शख्स पर गोली चलाने को कहा। तालिबान की सुप्रीम कोर्ट के मुताबिक मारा गया आदमी मंगाल खान था। उसने अब्दुल रहमान नाम के शख्स की हत्या की थी। खोस्त पुलिस प्रवक्ता मुस्तगफिर गोरबाज के मुताबिक, मरने और मारने वाले दोनों रिश्तेदार थे। इस मामले में दो और दोषियों को भी मौत की सजा सुनाई गई है, लेकिन उन्हें



अफगान सुप्रीम कोर्ट के मुताबिक मारा गया आदमी मंगाल खान था

फांसी इसलिए नहीं हो पाई क्योंकि पीड़ितों के कुछ वारिस उस समय मौजूद नहीं थे। इससे एक दिन पहले तालिबान ने आम लोगों को नोटिस जारी कर सार्वजनिक रूप से यह घटना देखने के लिए बुलाया था। इसमें लोगों को खोस्त के सेंट्रल स्टेडियम में जुटने को कहा गया था। मंगला खान को मौत की सजा मिलने के बाद तालिबान के सुप्रीम कोर्ट ने प्रेस रिलीज कर घटना की जानकारी दी है। इसमें बताया गया है कि सार्वजनिक रूप से किसास (जान के बदले जान) की सजा के तौर पर एक कातिल को मार दिया गया है। अपराधी मंगाल खान मूल रूप से पकतिया प्रांत का था और खोस्त में रह रहा था। उसने खोस्त के ही अब्दुल रहमान, साबित, और अली खान की हत्या की थी। इस मामले की तालिबान की तीन अदालतों (प्राथमिक, अपीलीय और तमीज) ने बहुत बारीकी से जांच की। तीनों अदालतों ने सर्वसम्मति से शकिसासश के आदेश को मंजूरी दी। इस आदेश को अंतिम रूप में मौलवी हिबतुल्लाह अखुंदजादा (तालिबान के सर्वोच्च नेता) को भी भेजा गया था, जिन्होंने अपनी मंजूरी दी। हत्या के दौरान स्टेडियम में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश, खोस्त के राज्यपाल (गवर्नर), खोस्त अपीलीय कोर्ट के प्रमुख, और अन्य सरकारी अधिकारी तथा बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए थे। 15 अगस्त 2021 को तालि. बान ने दोबारा अफगानिस्तान की सत्ता पर कब्जा कर लिया था।

## इजरायल से सीरिया से बातचीत जारी रखेः ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने राष्ट्रपति अहमद अल-शरा के नेतृत्व में सीरिया की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया है तथा इजरायल और सीरिया के बीच मजबूत बातचीत जारी रखने के महत्व पर बल दिया है। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका सीरिया के विकास में सहयोग के लिए हरसंभव कोशिश कर रहा है तथा उन्होंने देश पर लगे बहुत कड़े एवं कठोर प्रतिबंधों को हटाने के अपने निर्णय की सराहना की। ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में ट्रम्प ने मध्य पूर्व में शांति के ऐतिहासिक अवसर पर बल दिया और सीरिया के एक समृद्ध राष्ट्र के रूप में उभरने की बात की। उन्होंने सीरिया और इजरायल के बीच दीर्घकालिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रपति अल-शरा के प्रयासों की सराहना की।



चेन्नई। चक्रवात दित्वा के मद्देनजर बारिश के बीच बाढ़ प्रभावित क्षेत्र से लोगों को बचाते हुए।

## ट्रम्प ने बाइडन के हस्ताक्षर दस्तावेजों को शून्य घोषित किया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को अपने पूर्ववर्ती जो बाइडन के ऑटोपेन हस्ताक्षर युक्त सभी दस्तावेजों को अमान्य, शून्य और आगे से किसी भी कानूनी प्रभाव से रहित घोषित कर दिया। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर पोस्ट किया। जोसेफ आर. बाइडन जूनियर के प्रशासन में अब कुख्यात और अनधिकृत 'ऑटोपेन' हस्ताक्षरित कोई भी दस्तावेज, घोषणाएं, कार्यकारी आदेश, ज्ञापन या अनुबंध अब पूरी तरह अमान्य, शून्य और आगे से किसी भी कानूनी प्रभाव से रहित हैं। उन्होंने आगे लिखा। जिन लोगों को 'माफी', 'सजा में कमी' या कोई अन्य कानूनी दस्तावेज इस तरह से मिला हो, उन्हें सूचित किया जाता है कि वह दस्तावेज पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है और उसका कोई कानूनी प्रभाव नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### चीन ने ताइवान के मामले पर फिर जापान से नाराजगी जताई

**बीजिंग।** चीन ने ताइवान पर जापान की प्रधानमंत्री सनाए तकाइची के एक हालिया बयान पर एक बार फिर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा है कि जापान को अपने ऐतिहासिक अपराधों पर विचार करना चाहिए और अपने शब्दों को वापस लेना चाहिए। ताइवान मामलों के राष्ट्रीय परिषद के प्रवक्ता झांग हान ने बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जापान को चीन के आंतरिक मामलों में दखल देना बंद कर देना चाहिए। उसे मजबूत कदम उठाते हुए अपनी राजनीतिक प्रतिबद्धताओं और 'अखंड-चीन' सिद्धांत पर टिके रहना चाहिए।

### ऑस्ट्रेलिया में सोशल मीडिया कंपनियों को चेतावनी

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया की संचार मंत्री अनिका वेल्स ने बुधवार को सोशल मीडिया कंपनियों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर वे 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्रतिबंध का पालन करने में विफल रहती हैं तो उन्हें लाखों डॉलर का जुर्माना भरना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि कम आयु के बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट पर प्रतिबंध लगाने का आदेश 10 दिसम्बर से प्रभावी हो जाएगा और इससे एक सप्ताह पहले अपने भाषण में सुवेल्स ने स्वीकार किया कि कुछ बच्चे नए प्रतिबंधों से बचने का रास्ता खोज लेंगे।

### ईयू की पूर्व विदेश नीति प्रमुख मोगेरिनी हिरासत में

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संघ (ईयू) की पूर्व विदेश नीति चीफ फेडेरिका मोगेरिनी को बेल्जियम पुलिस ने धोखाधड़ी के एक मामले की जांच के लिए हिरासत में लिया है। यूरा. पीय संघ की पूर्व उच्च प्रतिनिधि सुमोगेरिनी को धोखाधड़ी-विरोधी जांच के तहत एक पुलिस छापेमारी के दौरान हिरासत में लिया गया। इसके बाद पूरे ब्रसेल्स में खलबली मच गई है। सुमोगे. रिनी उन तीन संदिग्धों में से एक हैं जिन्हें मंगलवार सुबह पूछताछ के लिए ले जाया गया।

### अमेरिका-रूस के बीच शांति समझौते पर हुई बात: उशाकोव

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने यूक्रेन शांति समझौते के लिए अमेरिका की ओर से पेश किए गए दस्तावेज के विशिष्ट बिंद. ओं पर तो चर्चा नहीं की है, लेकिन मोटे तौर दोनों देशों ने बातचीत कर ली है। पुतिन के सहयोगी युरी उशाकोव ने बुधवार को यह जानकारी दी। उशाकोव ने संवाददाताओं से कहा कि हमने अपने अमेरिकी समकक्षों से उन दस्तावेजों के कुछ बिंदुओं पर बात की जो अमेरिका ने कुछ समय पहले हमारे सहयोगियों को दिए थे।

# इमरान ने साधा आसिम मुनीर पर निशाना

## पाक के पूर्व पीएम ने कहा: पाकिस्तान में बढ़ते आतंकवाद के लिए फील्ड मार्शल जनरल जिम्मेदार



जनरल मुनीर पाकिस्तान के राष्ट्रीय हितों को दरकिनार कर पश्चिमी शक्तियों को खुश करने में लगे हुए हैं: इमरान खान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और जेल में बंद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान ने देश के फील्ड मार्शल जनरल आसिम मुनीर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया है कि जनरल मुनीर की नीतियां न सिर्फ पाकिस्तान के लिए विनाशकारी हैं बल्कि उन्होंने जानबूझकर अफगानिस्तान के साथ तनाव बढ़ाया है।

इमरान खान ने यह आरोप अपने ताजा सोशल मीडिया पोस्ट में लगाए, जिसमें उन्होंने बढ़ते आतंकवाद, राजनीतिक दमन और जेल में अपने साथ हो रहे कथित अत्याचार का भी जिक्र किया है। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि जनरल मुनीर पाकिस्तान के राष्ट्रीय हितों को दरकिनार कर पश्चिमी शक्तियों को खुश करने में लगे हुए हैं। उनके मुताबिक अफगानिस्तान के खिलाफ कठोर रुख, शरणार्थियों की जबरन वापसी और ड्रोन हमलों जैसे कदमों ने देश में आतंकवाद को और भड़काया है। इमरान खान ने आरोप लगाया कि मुनीर खुद को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर 'मुजाहिद' के रूप में दिखाने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि इसका नुकसान पाकिस्तान उठा रहा है। यह बयान इमरान खान ने तब दिया जब उनकी बहन डाक्टर उज्मा खान ने लगभग एक महीने बाद अदियाला जेल में उनसे मुलाकात की। यह मुलाकात शहबाज शरीफ सरकार की स्पेशल परमिशन के बाद हुई। इमरान ने दावा किया कि बढ़ते आतंकी घटनाओं के लिए वे मुनीर को जिम्मेदार मानते हैं। उन्होंने कहा कि देश में ड्रोन हमले और सैन्य अभियान केवल अस्थिरता बढ़ाते हैं और स्थानीय आबादी में गुस्सा पैदा करते हैं।

खान का कहना है कि मुनीर ने पहले अफगानों को धमकाया, फिर शरणार्थियों को निकालने का आदेश दिया और फिर ड्रोन हमले शुरू किए, जिसके नतीजे आज पाकिस्तान में सामने आ रहे हैं। इमरान खान ने जेल में अपने साथ हो रहे व्यवहार को मानसिक यातना बताया। उन्होंने कहा कि उन्हें चार सप्ताह से पूरी तरह अकेले एक सेल में बंद रखा गया है, न किसी से मिलने दिया जा रहा है, न किसी तरह की सुविधा दी जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके राजनीतिक साथियों से मिलने पर पहले रोक लगाई गई और अब परिवार व वकीलों तक का एक्सेस खत्म कर दिया गया। खान ने दावा किया कि उनकी पत्नी को झूठे मामलों में फंसाया गया है और उनकी बहन नूरीन नियाजी को सिर्फ मुलाकात मांगने पर सड़क पर घसीटा गया। इमरान खान ने कहा कि देश में कानून और संविधान पूरी तरह ध्वस्त हो चुके हैं। उन्होंने खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने दमन के इस माहौल में समझौते के बजाय प्रतिरोध का रास्ता चुना है। खान ने खैबर पख्तूनख्वा में गवर्नर राज लगाने की धमकियों को चुनौती देते हुए कहा कि अगर ऐसा करने की हिम्मत है तो तुरंत लागू कर देखें, फिर देखेंगे उनके साथ क्या होता है।

### आसिम मुनीर कट्टरपंथी: अलीमा खानुम

**इमरान की बहन बोलीं: इस्लाम न मानने वालों से लड़ते हैं, इमरान ने भारत से अच्छे रिश्ते रखने की कोशिश की**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की बहन अलीमा खानुम ने सेना प्रमुख आसिम मुनीर को इस्लामी कट्टरपंथी और रूढ़िवादी बताया। उन्होंने बुधवार को स्काई न्यूज को दिए इंटरव्यू में कहा कि मुनीर ऐसे लोगों से लड़ना चाहते हैं जो इस्लाम में विश्वास नहीं रखते। अलीमा से जब मई में हुए भारत-पाकिस्तान संघर्ष के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने सीधे तौर पर आसिम मुनीर पर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि मुनीर अपनी कट्टरपंथी सोच की वजह से भारत के साथ युद्ध करना चाहते हैं। अलीमा ने अपने भाई इमरान खान को लिबरल बताया। उन्होंने कहा कि जब इमरान खान सत्ता में आए तो उन्होंने भारत और यहां तक कि बीजेपी से भी रिश्ते सुधारने की कोशिश की। जबकि मुनीर बार्डर पर तनाव और युद्ध का माहौल बनाते हैं, जिससे भारत और उसके सहयोगी प्रभावित होते हैं। अलीमा खानुम का दावा है कि इमरान पाकिस्तान के 90 प्रतिशत लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं, इसलिए उन्हें अलग-थलग करके शहबाज शरीफ की सरकार पाकिस्तान के लोगों का दमन कर रही है। अलीमा ने इमरान खान को पाकिस्तान के लिए 'एसेट' बताते हुए पश्चिमी देशों से अपील की है कि वे उनकी रिहाई के लिए मदद बढ़ाएं। इमरान भ्रष्टाचार के मामले में 2023 से रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं। इमरान ने कल अपनी उज्मा खान से मुलाकात की थी। इमरान 27 दिन के बाद परिवार का कोई सदस्य मिले थे। इससे पहले उन्होंने 5 नवम्बर को अपनी बहन नौरीन खान से मुलाकात की थी।

# भारत ने श्रीलंका के पीड़ितों को और मदद भेजी

**पड़ोसी प्रथम नीति की मिसाल पेश की, ऑपरेशन सागर बंधु के तहत सेना की टुकड़ी पहुंची**

**नई दिल्ली।** भारत ने एक बार फिर पड़ोसी प्रथम नीति की मिसाल पेश की है। दरअसल, श्रीलंका में चक्रवात दित्वाह ने भारी तबाही मचाई है। भारत ने पड़ोसी देश श्रीलंका को इस तबाही से बचने के लिए 'ऑपरेशन सागर बंधु' शुरू किया। भारतीय सेना की एक विशेष टुकड़ी बुधवार को श्रीलंका पहुंची।

पड़ोसी देश को मानवीय आपदा राहत (एचएडीआर) अभियानों, बचाव और राहत कार्यों में मदद की है, जिससे पड़ोसी देश को सहायता प्रदान की जा सके। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि भारत श्रीलंका के बाढ़ राहत प्रयासों में निरंतर सहयोग कर रहा है। भारतीय वायु सेना का एक सी-17 विमान चिकित्सा दल और उपकरण लेकर कोल. बो पहुंच गया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में पोस्ट कर कहा कि एक भारतीय वायु सेना का सी-17 परिवहन विमान, जिसमें एक स्व-निहित, माडयूलर फील्ड अस्पताल, 70 से ज्यादा चिकित्सा और सहायता कर्मी, और वाहन हैं, कोलंबो पहुंच गया है। भारत श्रीलंका के बाढ़ राहत प्रयासों में निरंतर सहायता कर रहा है। इससे पहले, भारत में श्रीलंका की उच्चायुक्त महिषिनी कोलोन ने सुनामी, आर्थिक संकट और चक्रवात से हुई तबाही जैसी विभिन्न चुनौतियों के बावजूद प्रथम प्रत्युत्तरदाता के रूप में भारत की भूमिका की सराहन की। उच्चायुक्त कोलोन ने कहा कि चक्रवात के कारण श्रीलंका में भारी क्षति हुई है।

400 से ज्यादा लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। हम अभी भी राहत और बचाव कार्य में लगे हैं। नुकसान का व्यापक आकलन करने मे कुछ समय लगेगा। हम भारत के आभारी हैं कि वह हमेशा की तरह सबसे पहले मदद के लिए आगे आया है। पहले सुनामी, फिर आर्थिक संकट के दौरान और अब चक्रवात के दौरान भारत हमारी सहायता के लिए सबसे पहले आया। वे राहत और बचाव कार्य कर रहे हैं। जमीन पर मेडिकल टीमें और मोबाइल अस्पताल मौजूद हैं और जब हम बात कर रहे हैं, तब भी वे हमारी मदद कर रहे हैं और श्रीलंका के अधिका. रियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं ताकि श्रीलंका इस मुश्किल दौर से गुजर सके।

# पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की सेहत नाजुक

**अचानक अस्पताल पहुंचे बांग्लादेश के तीनों सेना प्रमुख, जल्द ठीक होने की कामना की**

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया का स्वास्थ्य अभी भी नाजुक स्थिति में है। ऐसे में चौकाने वाला खबर तब सामने आया, जब बांग्लादेश की तीनों सशस्त्र सेवाओं के प्रमुख गंभीर रूप से बीमार पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया से मिलने अस्पताल पहुंचे।

थल सेनाध्यक्ष जनरल वाकर- उज- जमान, नौसेना प्रमुख एडमिरल मोहम्मद नजमुल हसन, और वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल हसन महमूद खान मंगलवार को एवरकेयर अस्पताल पहुंचे। यह जानकारी बांग्लादेश की सैन्य मीडिया शाखा आईएसपीआर ने दी। सूत्रों के अनुसार, तीनों सेवा प्रमुखों की गाड़ियां रात करीब नौ बजे अस्पताल के मुख्य द्वार पर दिखाई दीं। उन्होंने अस्पताल में थोड़ी देर रुककर जिया से मुलाकात की और उनके परिवार और मेडिकल टीम से बातचीत की। इसके बाद रात 9:20 बजे के आसपास वे अस्पताल से चले गए। मीडिया रिपोर्ट की माने तो तीनों प्रमुखों ने जिया के जल्दी स्वस्थ होने की दुआ की। इसके बाद जमात-ए-इस्लामी के प्रमुख शफीकुर रहमान ने भी 80 वर्षीय जिया से मुलाकात की।

## रूस ने यूक्रेन युद्ध पर यूरोपीय टिप्पणियों की निंदा की

**मास्को।** रूस ने ब्रुसेल्स में अवरुद्ध अपनी संप्रभु निधियों के संभावित उपयोग पर यूरा. पीय नेताओं की टिप्पणियों की आलोचना की है और यूरोप पर युद्धोन्माद एवं चोरी का आरोप लगाया है। रूस ने कहा कि यूरोप मास्को की वित्तीय संपत्तियों को चुराकर उन्हें यूक्रेन को ऋण देने की योजना बना रहा है ताकि कीव अपनी 'युद्ध मशीन' को वित्तपोषित कर सके। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने संवाददाताओं से कहा कि वे (यूरोपीय) यूरोप में अवरुद्ध रूसी परिसंपत्तियों को चुराने की संभावनाओं पर चर्चा कर रहे हैं। यह 200 अरब डॉलर से अधिक है।

# चीन का पहला रीयूजेबल रॉकेट लॉन्च फेल

## ऑर्बिट तक पहुंचा, लेकिन बूस्टर पृथ्वी पर लौटते समय फटा, केवल अमेरिका के पास ये टेक्नोलॉजी



अमेरिका अब भी इकलौता देश है, जिसका आर्बिटल क्लास बूस्टर धरती पर सफलतापूर्वक लौटा है

**बीजिंग।** चीन की लीडिंग प्राइवेट स्पेस कंपनी लैंडस्पेस ने 3 दिसम्बर को अपना पहला रीयूजेबल राकेट जेडआईक्यू-3 वाई1 लॉन्च किया। राकेट ने सफलतापूर्वक आर्बिट हासिल की, लेकिन फर्स्ट स्टेज बूस्टर की लैंडिंग के दौरान खराबी आ गई।

यह रिकवरी साइट के ऊपर फट गया। यह चीन का पहला ऐसा प्रयास था जहां रीयूजेबल राकेट को आर्बिट में भेजा गया। अमेरिका अब भी इकलौता देश है, जिसका आर्बिटल क्लास बूस्टर धरती पर सफलतापूर्वक लौटा है। इलान मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने फाल्कन 9 राकेट के जरिए सबसे पहले ऐसा किया था। इसके अलावा, जेफ बोजेस की कंपनी ब्लू ओरिजिन ऐसा कर चुकी है। पिछले महीने न्यू ग्लेन राकेट अपने दूसरे मिशन में बूस्टर को रिकवर करने और रीयूज करने में कामयाब रहा था। इस मिशन का मकसद राकेट को लो-अर्थ आर्बिट (एलईओ) तक ले जाना और फर्स्ट स्टेज को वापस पृथ्वी पर लैंड करना था। हालांकि, आग लगने के कारण वो इसमें कामयब नहीं हो सका। राकेट को दोपहर में चीन के जिउक्वान सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से लॉन्च किया गया। राकेट ने लिफ्टआफ से लेकर आर्बिट इंसर्शन तक का पूरा सफर तय अनुसार किया। लैंडस्पेस के इंजी. नियर्स ने लाइव अपडेट्स में बताया कि टेलीमेट्री डेटा परफेक्ट था। फर्स्ट स्टेज रिटर्न के दौरान किसी गड़बड़ी के कारण हवा में ही इसमें आग लग गई। इसकी वजह राकेट की हीट शील्ड या पैराशूट सिस्टम में कोई गड़बड़ी हो सकती है। जेडआईक्यू-3 वाई1 एक मीडियम-लिफ्ट रीयूजेबल राकेट है, जो मिथेन-पावर्ड इंजन से चलता है। इसे चीन की प्राइवेट कंपनी लैंड स्पेस ने बनाया है। राकेट का डायमीटर 4.5 मीटर है। ऊंचाई 66.1 मीटर है। पूरी तरह फ्यूल भरने पर इसका वजन करीब 570 मीट्रिक टन हो जाता है। लिफ्टआफ थ्रस्ट 750 टन से ज्यादा है। यह सैटेलाइट्स को लो-अर्थ आर्बिट या सन-सिंक्रोनस आर्बिट में ले जा सकता है। रॉकेट के प्रोपेलेंट टैंक स्टेनलेस स्टील के बने हैं, जो मजबूत होते हैं, हाई टेम्परेचर और करोशन को झेल सकते हैं और इनकी लागत भी कम आती है। बूस्टर पर चार ग्रिड फिन और चार लैंडिंग लेग लगे है।

# हम यूरोप से जंग के लिए तैयार: पुतिन

## कहा: अगर यूरोप ने रूस के खिलाफ युद्ध शुरू किया, तो रूस पूरी तरह से जवाब देने के लिए तैयार



यूक्रेन में रूस पूरी तरह युद्ध नहीं लड़ रहा है बल्कि सर्जिकल आपरेशन जैसी सीमित कार्रवाई कर रहा है: पुतिन

**मास्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने यूरोपीय देशों को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अगर यूरोप ने रूस के खिलाफ युद्ध शुरू किया, तो रूस पूरी तरह से जवाब देने के लिए तैयार है।

पुतिन ने कहा कि रूस यूरोप से युद्ध नहीं चाहता, लेकिन अगर यूरोप युद्ध शुरू करता है तो मामला इतना जल्दी खत्म होगा कि बात. चीत करने वाला कोई नहीं बचेगा। पुतिन ने दावा किया कि यूक्रेन में रूस पूरी तरह युद्ध नहीं लड़ रहा है, बल्कि सर्जिकल आपरेशन जैसी सीमित कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने कहा कि अगर यूरोप के साथ सीधा युद्ध हुआ तो हालात अलग होंगे और रूस पूरी ताकत से जवाब देगा। यूक्रेन युद्ध को शुरू हुए चार साल हो चुके हैं। यह सेकंड वर्ल्ड वार के बाद बाद यूरोप का सबसे बड़ा संघर्ष है। रूस अभी तक पड़ोसी यूक्रेन पर पूरी तरह कब्जा नहीं कर पाया है। यूक्रेन को यूरोपीय देशों और अमेरिका का मजबूत समर्थन मिल रहा है। यूरोपीय देशों और यूक्रेन का कहना है कि अगर पुतिन यूक्रेन युद्ध जीत जाते हैं तो वे किसी नाटो देश पर हमला कर सकते हैं। हालांकि पुतिन इस दावे को बार-बार बकवास बता चुके हैं। पुतिन ने कहा कि यूरोपीय देशों ने खुद ही रूस से बात. चीत के रास्ते बंद कर लिए हैं। इसलिए अब वे युद्ध के पक्ष में खड़े हैं। जर्मनी के विदेश मंत्री योहान वेडफुल ने 25 नवम्बर को दावा किया रूस अगले चार साल में किसी छाज्ञ्ज देश पर हमला कर सकता है। वेडफुल ने बताया कि जर्मन खुफिया एजेंसियों के मुताबिक रूस 2029 तक नाटो के खिलाफ युद्ध की तैयारी कर रहा है। उनका कहना है कि रूस की महत्वाकांक्षा सिर्फ यूक्रेन तक सीमित नहीं है। उसने पिछले कुछ सालों में अपनी सैन्य ताकत और हथियार उत्पादन काफी बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि रूस ने अपनी अर्थव्यवस्था और समाज को काफी हद तक युद्ध के हिसाब से ढाल दिया है। साथ ही, रूस जरूरत से ज्यादा सैनिकों की भर्ती कर रहा है। लगभग हर महीने एक नई डिविजन तैयार की जा रही है। वेडफुल ने चेतावनी दी है कि रूस की ये नई सैन्य यूनिट्स् यूरोपीय संघ और नाटो को निशाना बना सकती हैं।



